


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 284 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष शु.6 2079 बुधवार, 28 दिसंबर 2022

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## पुरी जगन्नाथ मंदिर : भगदड़ जैसे हालात के बाद नौ छात्र घायल, सबरीमाला मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

भुवनेश्वर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के पुरी में सोमवार रात जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश के लिए स्कूली बच्चों की अलग से कतार लगाने से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

इसमें नौ छात्र घायल हो गए थे। पुरी के एसपी केवी सिंह ने बताया कि मंदिर में प्रवेश के लिए स्कूली बच्चों की अलग से कतार लगाने से यह घटना हुई। उन्होंने कहा कि घायल छात्रों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, बाद में उन्हें छुट्टी दे दी गई। इसके बाद सभी मयूरभंज जिले में अपने घर के लिए रवाना हो गए।

# कोरोना : अलर्ट मोड में सरकार

*चीनी दवाइयां बेअसर, झेजियांग में एक दिन में 10 लाख केस-अमेरिकी ड्रग बांटेगी जिनपिंग सरकार*

नई दिल्ली, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। चीन के शहरों में श्मशानों में 20 दिन की वेटिंग है। दूसरी तरफ सरकार कह रही है कि कोरोना का खतरा कम हो गया है। कोरोना मामले बढ़ने के बाद चीन ने 24 दिसंबर को बॉर्डर सील करना शुरू कर दिया था। लेकिन अब सरकार ने 8 जनवरी से बॉर्डर खोलने का फैसला किया है। वहीं चीन के झेजियांग प्रोविंस में कोरोना तेजी से फैल रहा है। वहां एक दिन में कोरोना के 10 लाख नए मामले आ रहे हैं। दूनिया भर में खतरे को देखते हुए भारत सरकार भी अलर्ट मोड पे आ गयी है। आज दिन भर देश भर के अस्पतालों में मॉकड्रिल की गयी।

दूसरी तरफ चीन ने फैसला किया है कि वो कोरोना से निपटने के लिए फाइजर के कोविड ड्रग का इस्तेमाल शुरू करेगा। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में चीन के स्वास्थ्य केंद्रों पर अमेरिकी कंपनी फाइजर के पैक्सलोविड कोविड दवा का इस्तेमाल शुरू हो जाएगा। इस पर पूरी ट्रेनिंग मिलने के बाद कम्युनिटी डॉक्टर्स इसे कोरोना के मरीजों में बांटेंगे। जनवरी 2020 से चीन में कोरोना को ए कैटेगरी की बीमारी माना जा रहा था। ग्वांगडोंग, फुजियान और जिआंगसु में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि उन्हें नेशनल हेल्थ कमिशन ने कहा है कि वे 8 जनवरी से कोरोना को बी कैटेगरी में डाउनग्रेड कर दिया जाए। इसके अलावा बाहर से आने वाले लोगों के लिए क्वारैंटाइन भी खत्म कर दिया जाएगा। इससे साफ हो रहा है कि सरकार अब कोरोना को आम फ्लू मान रही है। हालांकि चीन जाने वाले लोगों को 48 घंटे पहले तक की आरटी-पीसीआर रिपोर्ट दिखानी होगी।

चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन ने 24 दिसंबर को ये भी कहा था कि वह अब कोरोना केसेस की जानकारी नहीं देगा। कोरोना से लड़ने वाली एक समिति की हेड सुन चुनलान का कहना है कि देश में कोरोना का ओमिक्रॉन वैरिएंट कमजोर हो गया है। इससे अब कोई खतरा नहीं है। सरकार एडवाइजरी जारी करते हुए कह रही है कि कोरोना का खतरा न के बराबर है। वहीं चीन के सिचुआन प्रोविंस में 60 प्रतिशत लोगों ने एक सर्वे में बताया है कि उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

वहां के प्रशासन ने 1 लाख 58 हजार लोगों का सर्वे किया था इनमें से 9 लाख से ज्यादा लोग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ अथॉरिटी ने कहा कि वह जनवरी 2023 से कोरोना केसेस की जानकारी नहीं देगी। यानी अब ब्रिटेन की तरफ से नए कोरोना मामलों और संक्रमण से हुई मौतों का डेटा नहीं दिया जाएगा। हेल्थ अथॉरिटी का कहना है कि कोरोना आम हो गया है। लोग हर दिन इसके साथ जी रहे हैं। अब इसे आम वायरल और सीजनल फ्लू की तरह ही ट्रीट किया जाएगा। इसकी मॉनिटरिंग होती रहेगी लेकिन डेटा जारी नहीं होगा।

## कोरोना की नेजल वैक्सीन 325 रुपए में लगेगी

**प्राइवेट अस्पताल में 800 रुपए देने होंगे, जनवरी के आखिरी हफ्ते से मिलेगी**

नई दिल्ली, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। कोरोना की पहली नेजल वैक्सीन को मंजूरी देने के चार दिन बाद केंद्र सरकार ने इसकी कीमत तय कर दी है। भारत बायोटेक की यह वैक्सीन सरकारी अस्पतालों में 325 रुपए में लगवाई जा सकेगी। वहीं प्राइवेट अस्पतालों में इसके लिए 800 रुपए चुकाने होंगे। यह वैक्सीन जनवरी के आखिरी हफ्ते से उपलब्ध हो जाएगी।

केंद्र ने दुनिया की पहली नेजल कोरोना वैक्सीन को 23 दिसंबर को मंजूरी दी थी। कोवैक्सिन बनाने वाली हैदराबाद की भारत बायोटेक ने इसे वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के साथ मिलकर बनाया है। नाक से ली जाने वाली इस वैक्सीन को बूस्टर डोज के तौर पर लगाया जा सकेगा।

# हिमालय के पेट से चीन के गले तक पहुंचेगी ट्रेन

**बॉर्डर पर सबसे बड़ा रेल प्रोजेक्ट, इससे चीन डरा**

जोशीमठ, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट का दिल है ये सुरंग। 125 किमी के रेल मार्ग में 105 किमी का सफर 16 सुरंगों से होकर गुजरेगा। मैं इस समय चमोली जिले के कर्णप्रयाग में हूं। चाइना बॉर्डर के तवांग, गलवान, डोकलाम जैसा ही संवेदनशील, लेकिन कम चर्चित या कम सुर्खियों में रहने वाला स्थान है। यहां से कुछ ही किमी दूरी पर बाराहोती बॉर्डर है।

कर्णप्रयाग तक 2024 में ट्रेन आने वाली है। हमारे लिए यह जगह और साल सामान्य बात हो सकती है, लेकिन चीन से पूछिए, जिसकी नींद में कर्णप्रयाग एक बुरे सपने की तरह आता है। कारण, जब हिमालय के पेट से होती हुई ट्रेन ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक आएगी तब भारत चीन के गले तक पहुंच जाएगा। दूसरा चरण कर्णप्रयाग से जोशीमठ तक का भी है। इसकी डीपीआर बन गई है। तब हमारी ट्रेन चीन के सिर तक पहुंच जाएगी। उत्तराखंड सीमा पर सैन्य के साथ-साथ चीन को तकनीकी चुनौती भी कैसे मिल रही है, इसे ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट की पूरी तस्वीर बताती है। ये 75 साल में चीनी बॉर्डर पर बन रहा सबसे बड़ा और महंगा प्रोजेक्ट है। लागत करीब 24 हजार करोड़ रुपये है। सबसे महत्वपूर्ण है इसका रास्ता, जो 90 प्रतिशत हिमालय के पेट (अंडरग्राउंड) से होकर निकल रहा है। 125 किमी लंबे ट्रैक में 105 किमी ट्रेन टनल से होकर जाएगी। जो हिस्सा खुला हुआ है वो स्टेशन का है। यहां कुल 16 टनल्स और 12 स्टेशन हैं। प्रोजेक्ट का महत्व समझिए कि ऋषिकेश से चीन बॉर्डर (बाराहोती) पहुंचने में जहां पहले 16-18 घंटे लगते थे, अब महज 5-6 घंटे लगेंगे। देवप्रयाग से जनासू तक देश की सबसे लंबी (14.8 किमी) रेल टनल भी इसी प्रोजेक्ट का हिस्सा है। पीएमओ प्रोजेक्ट का वीकली रिव्यू कर रहा है। उत्तराखंड की 345 किमी लंबी चीन सीमा बहुत अहम है। सीमाओं पर लंबे समय के लिए तैनात रह चुके कर्नल एचएस रावत कहते हैं कि इन दिनों चीन उत्तराखंड के इसी प्रोजेक्ट के दर्द से हांफ रहा है।




## ओबीसी आरक्षण देने के बाद ही कराएंगे निकाय चुनाव

लखनऊ, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव पर हाईकोर्ट के आदेश के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा फैसला लिया है। सीएम योगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार ओबीसी आरक्षण के लिए आयोग का गठन करेगी। इसके बाद ही निकाय चुनाव कराए जाएंगे। अगर जरूरी हुआ तो सरकार हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएगी।

इससे पहले, हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपने 70 पेज के फैसले में कहा कि यूपी सरकार चाहे तो बगैर ओबीसी आरक्षण चुनाव करा सकती है। हाईकोर्ट का कहना है कि यूपी सरकार ने ओबीसी आरक्षण को लेकर जो ड्राफ्ट नोटिफिकेशन लगाया है, उसमें सुप्रीम कोर्ट की तरफ से निर्धारित ट्रिपल टेस्ट का पालन नहीं किया गया है। यूपी सरकार पहले ओबीसी आरक्षण के लिए कमिशन बनाए। हाईकोर्ट के फैसले के बाद यूपी के डेप्युटी सीएम केशव मौर्या ने भी ट्वीट कर सरकार का पक्ष स्पष्ट किया। केशव मौर्या ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में हाई कोर्ट के आदेश का विस्तृत अध्ययन कर विधि विशेषज्ञों से परामर्श के बाद सरकार के स्तर पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## मैसूर में पीएम मोदी के भाई की कार दुर्घटनाग्रस्त



बेंगलुरू, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मैसूर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी की कार दुर्घटना का शिकार हो गई है। जानकारी के मुताबिक, कार में प्रह्लाद मोदी के साथ उनका एक बेटा और बहू भी थे। तीनों लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया कि दुर्घटना मैसूर तालुक के कड़ाकोला के पास हुई। प्रह्लाद मोदी अपनी मर्सिडीज बेंज कार से बेंगलुरू से बांदीपुर की ओर जा रहे थे। कार में सवार प्रह्लाद मोदी के बेटा, बहू और पोता भी उनके साथ थे। हादसे में प्रह्लाद मोदी, उनकी बहू और पोते को गंभीर चोटें आईं हैं। बेटे और ड्राइवर मामूली चोट लगी है। मैसूर एसपी सीमा लटकर तत्काल मौके पर पहुंचीं। घायलों को तुरंत मैसूर के जेएसएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। बता दें कि प्रह्लाद मोदी गुजरात फेयरप्राइस शॉप्स एंड कैरोसीन लाइसेंस होल्डर एसोसिएशन के प्रमुख हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने आए प्रह्लाद मोदी ने कहा था कि गुजरात में मुफ्त वाले आते हैं और चले जाते हैं। उन लोगों को गुजरात की जनता ने बताया है कि गुजरात देने वाला है।




## चांदनी महल इलाके में मकान की छत गिरी, छह लोग दबे, मां-बेटे की मौत

नई दिल्ली, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। पुरानी दिल्ली के चांदनी महल इलाके में एक मकान की छत गिरने से छह लोग उसमें दब गए, जिनमें से मां-बेटा समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि चांदनी महल इलाके में चितली कबर स्थित एक मकान की छत गिरने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि वहां मलवा फैला पड़ा है। मां-बेटे की मौत हो चुकी है। चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मलवे में दबकर रुकसार (30) व उसके बेटे आलिया (3) की मौत हो गई। एक बच्चे की हालत गंभीर है। रुखसार बच्चों को लेकर मायके आई हुई थी।

# पूर्व सीजेआई यूयू ललित के पास अभी हैं 28 सहायक कर्मचारी

## कार्यकाल के वक्त थे 40 से ज्यादा प्यून

**भारत के 49वें सीजेआई रहते जस्टिस यूयू ललित के आधिकारिक आवास पर 40 से ज्यादा सपोर्ट स्टाफ तैनात रहते थे, अब भी यह संख्या काफी ज्यादा है.**



नई दिल्ली, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत के 49वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) रहे यूयू ललित के पास 28 सहायक कर्मचारियों का स्टाफ है। वह इसी साल सीजेआई के पद से रिटायर हुए थे। जब वह सीजेआई थे, तो उनके पास 40 से ज्यादा सपोर्ट स्टाफ था। राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अलावा संवैधानिक पोस्ट पर काबिज किसी भी अन्य व्यक्ति को चपरासियों और सपोर्ट स्टाफ का इतना बड़ा लाव-लश्कर नहीं मिला है। जानकारों का कहना है कि अगले महीने जजों के आवास का संकट हो सकता है।

**डेढ़ महीने बाद भी 28 सपोर्ट स्टाफ तैनात**

यूयू ललित को सीजेआई रहते, 74 दिनों के कार्यकाल में पद पर रहते हुए उनके आधिकारिक आवास 19 अकबर रोड पर 40 से ज्यादा सपोर्ट स्टाफ मिले हुए थे। यूयू ललित 27 अगस्त 2022 से 8 नवंबर 2022 तक भारत के 49वें चीफ जस्टिस रहे थे। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने अपने कुछ सपोर्ट स्टाफ को रिलीज कर दिया था, लेकिन डेढ़ महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी आज उनके 19 अकबर रोड आवास पर 28 सपोर्ट स्टाफ तैनात हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभी यूयू ललित के पास जो 28 सहायक कर्मचारियों का स्टाफ है। उनमें से कुछ बीवीजी इंडिया के कर्मचारी हैं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने साफ-सफाई और रखरखाव के काम के लिए आउटसोर्स कर रखा है। यदि यूयू ललित से पहले के पूर्व सीजेआई के आधिकारिक आवासों पर तैनात सहायक कर्मचार्मियों की संख्या की बात की जाए तो अब से पहले सीजेआई के आधिकारिक आवास पर औसतन 12-15 सहायक कर्मचारी होते थे और सेवानिवृत्ति के बाद केवल दो या तीन को ही रखा जाता था। ये सहायक कर्मचारी सुप्रीम कोर्ट द्वारा ही प्रदान किए जाते थे।

# बीजेपी नेताओं को अब नहीं मिलेगी सरकारी गाड़ी

## अपनी कार का ही करना होगा इस्तेमाल



नई दिल्ली, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के नेता अब सरकारी गाड़ियों का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। वाहन व्यवस्था को लेकर नए निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों के मुताबिक, अब पार्टी नेता, सासंद, विधायक सरकारी गाड़ियों का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। निर्देशों में साफ कहा गया है कि बीजेपी के प्रदेश पदाधिकारियों को सरकारी गाड़ी की सुविधा नहीं मिलेगी साथ ही सभी नेता अपनी ही कार का इस्तेमाल करेंगे। दरअसल, अब तक पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी संगठनात्मक कार्यक्रमों के लिए सरकारी गाड़ी का इस्तेमाल करते थे। सांसद, विधायक, एमएलसी बनने के बाद सरकारी गाड़ियों का इस्तेमाल किया जाता था।

**वाहन व्यवस्था में बदलाव को लेकर नाराजगी**

कार्यालय से कार, ड्राइवर की सुविधा का इस्तेमाल किया जाता था। वहीं, अब बीजेपी के प्रदेश पदाधिकारियों को ये सुविधाएं नहीं दी जाएगी। निर्देशों के मुताबिक, प्रदेश पदाधिकारियों को अपने ही वाहन से ही कार्यक्रम में आना जाना होगा। वहीं, वाहन व्यवस्था को लेकर किए गए ये बदलाव को लेकर शीर्ष स्तर पर नाराजगी जतायी गई है।

# ठंड में पहाड़ों को मात दे रही है दिल्ली

## कोहरे ने थामी ट्रेनों की रफ्तार, नए साल पर भी रहेगा सर्दी का सितम



नई दिल्ली, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। दिसंबर के आखरी सप्ताह में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ठंड के मामले में पहाड़ को फेल किए हुए है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के कारण पूरे दिल्ली एनसीआर में कोहरे की परत छाई है। इससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ है। वहीं मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक दिल्ली में घना कोहरे के साथ ठंड में इजाफा होने की संभावना जताई है। दिल्ली में आज न्यूनतम तापमान में 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में भारतीय मौस विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, मंगलवार 27 दिसंबर की सुबह के समय मध्यम कोहरा रहने का पूर्वानुमान है। वहीं, दिल्ली में 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलने का अनुमान है। कोहरे के कारण दिल्ली में आज विजिबिलिटि 100 मीटर दर्ज की गई जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली ट्रेनें निर्धारित समय से कई घंटे देरी से चल रही हैं। हालांकिक डोमेस्टिक और इंटरनेशनल दोनों एयरपोर्ट पर फ्लाइट की आवाजाही सामान्य बनी हुई है।

**दिल्ली एनसीआर में शीतलहर का कहर जारी है**

आईएमडी के महानिदेशक एम महापात्र ने कहा कि शीतलहर का कहर दिल्ली एनसीआर के साथ दूसरे प्रदेशों के कई राज्यों में फैली हुई है। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में अगले 48 से 72 घंटों के बीच मध्यम दर्जे का कोहरा देखने को मिलेगा, जिससे तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। हांलाकि इसके बाद तापमान में मामूली बढ़ोतरी होने से ठंड से कुछ हद तक निजात मिलने की उम्मीद है।

**पहाड़ों पर बर्फबारी से दिल्ली में नए साल के जश्न में हो सकती है खलल**

नए साल पर पश्चिमी विछोभ के एक्टिव होने के कारण पहाड़ों पर बर्फबारी होने से, दिल्ली एनसीआर में ठंड बढ़ सकती है। नए साल तक दिल्ली के न्यूनतम तापमान में 7 डिग्री सेल्सियस के आसपास और अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है।

## राहुल गांधी की तुलना भगवान राम से करने पर भड़के नरोत्तम मिश्रा, बोले- चाटुकारिता की पराकाष्ठा

भोपाल, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा लगातार जारी है। दिल्ली में कड़ाके ठंड में राहुल गांधी के टीशर्ट पहनने पर भी सियासी पारा बड़ा हुआ है। इस बीच कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के राहुल गांधी की तुलना भगवान राम से करने के बयान पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भड़क गए। गृहमंत्री ने कहा कि सलमान खुर्शीद से कहना चाहता हूं नर की तुलना नारायण से करना कोई भी अच्छा नहीं मानेगा। यह चाटुकारिता की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि कहां 10 जनपद में रहने वाले राहुल गांधी और कहां पिता के आदेश को मानकर वनवासी हो गए थे भगवान राम।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर गवर्नमेंट टीचर्स की नहीं लगेगी कोरोना ड्यूटी

**विरोध के बाद आदेश वापस**



नई दिल्ली, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली एयरपोर्ट पर अब गवर्नमेंट टीचर्स की कोरोना ड्यूटी नहीं लगेगी। टीचर्स और दूसरे टीचिंग स्टाफ को एयरपोर्ट पर कोरोना ड्यूटी में तैनात करने का आदेश वापस ले लिया गया है। डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (डीएमए) की तरफ से डीएम वेस्ट की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। ऑर्डर में कहा गया कि कोरोना ड्यूटी से टीचर्स और टीचिंग स्टाफ को मुक्त किया जा रहा है। 31 दिसंबर से 15 जनवरी तक के लिए लग-अलग शिफ्ट में 85 टीचर्स और अन्य टीचिंग स्टाफ की दिल्ली एयरपोर्ट पर ड्यूटी लगाई गई थी।

**विरोध के बाद फैसला वापस**

दिल्ली में डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को 31 दिसंबर से 15 जनवरी तक दिल्ली एयरपोर्ट पर कोविड ड्यूटी पर तैनात करने के अपने आदेश को वापस लिया है। दिल्ली एयरपोर्ट पर ड्यूटी लगाने से शिक्षकों में काफी नाराजगी थी। कोरोना ड्यूटी लगाने के इस आदेश का टीचर्स ने विरोध किया था और इसे लेकर सवाल उठाए जा रहे थे। अब इस आदेश को वापस लेते हुए कहा गया है कि जरूरत पड़ी तो सिविल डिफेंस स्टाफ को एयरपोर्ट पर लगाया जाएगा।

## चोरों ने कपड़े की दुकान से चुराए 1.7 करोड़ रुपये, सीसीटीवी भी साथ ही ले गए

मुंबई, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के जालना में सोमवार तड़के एक थोक कपड़े की दुकान से 1,70 करोड़ रुपये की चोरी हो गई। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने दी। सदर बाजार पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा कि चोर सबूत मिटाने के लिए दुकान में लगे सीसीटीवी सिस्टम को भी ले गए, हालांकि एक कैमरा चालू है। उन्होंने कहा कि मालिक महेश नैथानी सुबह दुकान पर पहुंचे और तिजोरी को खुला पाया और उसमें से पैसे गायब थे। ताला तोड़ने के कोई संकेत नहीं था। फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों ने घटना स्थल से नमूने एकत्र किए और छूटे हुए कैमरे से फुटेज की जांच की जा रही है।" उन्होंने कहा कि जिला पुलिस अधीक्षक अक्षय शिंदे और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया। निरीक्षक ज्ञानेश्वर पयघन ने कहा, "दैनिक लेन-देन की नकदी को तिजोरी में रखा गया था, जो हालांकि बंद नहीं थी।" अपराध शाखा के अधिकारी सुभाष भुजंग ने कहा कि हो सकता है कि चोर एयरकंडीशनर वाली जगह से अंदर आए हों।

# कैसी होती है 'वाइफ की लाइफ'

## केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बताया, यूजर बोले- राजनेता को ऐसे देखकर अच्छा लगा



नई दिल्ली, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने 'पत्नी के जीवन' को दर्शाते हुए अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक तस्वीर को शेयर किया है। इस तस्वीर में स्मृति ईरानी एक डिपार्टमेंटल स्टोर में दिखाई दे रही हैं। कोरोना को ध्यान में रखते हुए उन्होंने चेहरे पर मास्क भी पहना हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा, आप जानते हैं कि अब आप बूढ़े हो रहे हैं जब छुट्टियों के वक्त घूमने के बजाय आप काम करना पसंद करते हैं। इसकी के साथ उन्होंने हैशटैग का इस्तेमाल कर लिखा, लाइफ ऑफ ए वाइफ।

**अच्छा लगा आपको ऐसे देखकर- यूजर**

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के इस पोस्ट पर 30 हजार से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं। वहीं, सैकड़ों लोग इस पोस्ट पर कमेंट कर अपना प्यार लुटा रहे हैं। स्मृति ईरानी के इस फोटो पर फिल्म निर्माता एकता कपूर ने कमेंट कर लिखा, मेरी दोस्त मास्क के साथ सुंदर दिख रही है। एक यूजर ने कमेंट किया, आप जैसे राजनेता को इस तरह देख अच्छा लगा तो वहीं एक यूजर ने लिखा कि अच्छा लगा ये देख कि आप घर के कामों को अन्य महिलाओं की तरह जिम्मेदारी से लेती है। स्मृति ईरानी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्टिव रहने वालों में से हैं। वो अक्सर अपने जीवन से जुड़ी घटनाओं की तस्वीरों को शेयर कर लोगों के साथ शेयर करती हैं।

## तेंदुए ने रेलिंग से कूदकर कार में बैठे लोगों पर हमला किया

जोरहाट, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। असम के जोरहाट में एक तेंदुए ने आतंक फैला रखा है। इस तेंदुए के हमले में अब तक 13 लोग घायल हो चुके हैं, जिसमें 3 लोग वन विभाग के भी हैं। सभी घायलों को फौरन लोकल हॉस्पिटल में एडमिट करवा दिया गया है। सभी घायल खतरे से बाहर हैं। ये जानकारी जोरहाट के एसपी मोहन लाल मीणा ने दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, जोरहाट जिले में रेनफॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट परिसर में एक तेंदुआ घुस गया था और उसने कई लोगों पर हमला किया था। इस हमले में 13 लोग घायल हो गए थे। इसके बाद लोगों ने वन विभाग को इस बात की जानकारी दी। लेकिन इस तेंदुए ने तब तक कई और लोगों को अपना निशाना बनाया। इसके बाद वनकर्मी मौके पर पहुंचे और तेंदुए को पकड़ने के लिए काफी मशक्कत की। मिली जानकारी के मुताबिक, अब वन कर्मियों ने तेंदुए को पकड़ लिया है।

# मेयर चुनाव में बीजेपी ने भी उतार दिए अपने खिलाड़ी

## आप की शैली ओबेरॉय से दो-दो हाथ करेंगी रेखा गुप्ता



नई दिल्ली, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली नगर निगम महापौर (एमसीडी मेयर) के चुनाव में शालीमार बाग से पार्षद रेखा गुप्ता को अपना उम्मीदवार बनाया है। यह चुनाव 6 जनवरी को होना है, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) ने पार्षद शैली ओबेरॉय को मैदान में उतारा है। भाजपा की दिल्ली इकाई के मीडिया प्रकोष्ठ प्रमुख हरीश खुराना ने बताया कि भाजपा ने उप-महापौर (डिप्टी मेयर) के पद के लिए कमल बागड़ी और स्थायी समिति सदस्य के पदों के लिए कमलजीत सहरावत, गजेंद्र दराल तथा पंकज लूथरा को उम्मीदवार बनाया है। सभी उम्मीदवार आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

**मेयर चुनाव में बीजेपी की जीत की संभावना नहीं**

ध्यान रहे कि 7 दिसंबर को आप ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की 250 में से 134 वार्ड में जीत हासिल करके बीजेपी के 15 साल तक चले शासन पर विराम लगा दिया था। चुनाव में भाजपा ने 104 वार्ड में जीत दर्ज की थी। मुंडका के पार्षद दराल बाद में भाजपा में शामिल हुए थे। आप ने डिप्टी मेयर पद के लिए आले मोहम्मद इकबाल को और स्थायी समिति के अन्य सदस्यों के लिए रमिंदर कौर, सारिका चौधरी, मोहिनी जीनवाल तथा मोहम्मद आमिल मलिक को उम्मीदवार बनाया है। चुनाव में मेयर और डिप्टी मेयर पद पर भाजपा की जीत की संभावना नहीं है, लेकिन वह एमसीडी की महत्वपूर्ण स्थायी समिति के सदस्यों के तीन पदों को जीतने की कोशिश करेगी।

**मेयर चुनाव की पूरी बात समझ लीजिए**

महापौर का चुनाव एक गुप्त मतदान के माध्यम से होता है और पार्षद किसी भी उम्मीदवार को वोट देने के लिए स्वतंत्र होते हैं, क्योंकि दलबदल विरोधी कानून इस पर लागू नहीं होता। महापौर के चुनाव के लिए निर्वाचित 250 पार्षद, दिल्ली के सात लोकसभा तथा तीन राज्यसभा सदस्य और विधानसभा के 15 विधायक मतदान के पात्र हैं। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने आप के 13 और भाजपा के एक विधायक को चुनाव में मतदान करने के लिए नामित किया है। महापौर चुनाव के लिए कुल वोट 274 हैं, जिसमें आप के पास 150 और भाजपा के पास 113 हैं। एमसीडी में कांग्रेस के नौ, जबकि दो अन्य निर्दलीय पार्षद हैं। महापौर, उप महापौर और स्थायी समिति के सदस्यों के लिए 6 जनवरी को चुनाव होगा। एमसीडी की स्थायी समिति में 18 सदस्य होते हैं, जिनमें से 12 जोन से और छह सदन से चुने जाते हैं।

## दो सड़क हादसों में तीन की मौत

दमोह, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। दमोह जिले में सोमवार रात दो भीषण सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हुए। एक घायल को जबलपुर रेफर किया गया है वहीं, एक घायल का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। पहली घटना में कार अनियंत्रित हुई और दूसरी घटना में एक ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुरी के जगन्नाथ मंदिर में भगदड़ जैसी स्थिति में 6 लड़कियां घायल

पुरी, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। ओडिशा में पुरी के जगन्नाथ मंदिर में सोमवार को भगदड़ जैसी स्थिति में छह लड़कियों को घायल होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मयूरभंज जिले में रासगोविंदपुर इलाके के हृदानंद उच्च विद्यालय के लड़के और लड़कियों का 70 सदस्यीय समूह क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान पुरी में पिकनिक मनाने आया है। ये लड़कियां उसी समूह का हिस्सा थीं। अधिकारी ने कहा कि विद्यार्थी दिन में समुद्र तट पर घूमने गए और घर लौटने की तैयारी करने से पहले शाम को पुरी मंदिर गए थे। मंदिर के एक अधिकारी ने बताया कि रात करीब आठ बजे मंदिर जाने के लिए 22 सीढ़ियां (बाईसी पहाचा) चढ़ते समय लड़कियां भगदड़ जैसी स्थिति में फंस गईं और बेहोश हो गईं।

## शिमला की युवती से चंडीगढ़ में सामूहिक दुष्कर्म, बंधक बना कर रखा

चंडीगढ़, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। चंडीगढ़ के एक मकान में शिमला की 26 वर्षीय युवती को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामना आया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरा अभी फरार है। दोनों आरोपी पंजाब के हैं। चंडीगढ़ पुलिस की टीम पंजाब के कई जिलों में दबिश दे रही है।

# मंजू हुड्डा बनीं रोहतक जिला परिषद चेयरमैन



रोहतक (हरियाणा), 27 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के हलके गढ़ी सांपला किलोई से जिला परिषद के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन बने हैं। पहली बार राजनीति में उतरी वार्ड नंबर पांच की महिला पार्षद मंजू हुड्डा सर्वसम्मति से जिला परिषद की चेयरपर्सन बनी हैं। मतदान के बाद वार्ड नंबर 4 के पार्षद अनिल घुसकानी को विजेता घोषित किया गया। अनिल को 14 में से 10 पार्षदों ने वोट दिया। अनिल जहां खुद को निर्दलीय बता रहे हैं, जबकि मंजू का स्वागत करने भाजपा नेता सतीश नांदल पहुंचे। नांदल इनेलो के पूर्व जिला अध्यक्ष रहते समय गढ़ी सांपला किलोई हलके से पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ चुके है। वे मंजू का स्वागत करने जिला विकास भवन पहुंचे। प्रदेश की सियासी राजधानी रोहतक में जिला परिषद के लिए नौ नवंबर को मतदान हुआ था। इसका परिणाम 26 नवंबर को एक माह पहले आया था। इसमें वार्ड नंबर पांच से मंजू ने धमाकेदार जीत हासिल की थी। पूर्व चेयरमैन धर्मपाल मकड़ौली की पत्नी अरुणा चौधरी व किसान व जाट आंदोलन में सक्रिय रही मीना मकड़ौली को हराया था। मंजू ने 3 हजार 281 वोटों से जीत हासिल की थी। जबकि जिला परिषद के वार्ड नंबर तीन से मांगेराम चिड़ी ने हिम्मत सिंह को तीन हजार 17 वोटों से मात दी। 72 वर्षीय मांगेराम रिटायर अधिकारी रहे। वहीं, हरियाणवी कलाकार सतीश बहलबा ने वार्ड 13 से 5 हजार 454 वोटों से जीत हासिल की थी। सोनीपत रोड स्थित भालौठ गांव निवासी सीमा ने वार्ड सात से विजयी रही थी। भालौठ गांव का जिला परिषद से गहरा नाता रहा है। हुड्डा राज में जहां राजेश भालौठ जिला परिषद के चेयरमैन रहे। वहीं भाजपा राज में बलराज कुंडू के बाद 2020 में सतीश भालौठ चेयरमैन बने। अब सीमा चेयरमैन की दावेदार है। इसके अलावा जिला परिषद के वार्ड नंबर चार में रोचक मुकाबला हुआ था। पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा व पूर्व विधायक श्रीकृष्ण हुड्डा के गांव खिड़वाली से सात प्रत्याशी वार्ड से चुनाव लड़ रहे थे। जबकि जीत घुसकानी गांव के अनिल कुमार को मिली थी।

# जब मुंबई के डिजिटल ट्रैफिक बोर्ड से राहगीरों को पड़ी गालियां! अज्ञात हैकर के खिलाफ केस दर्ज

मुंबई, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। मुंबई की जनता व पुलिस को एक अजीब मुसीबत का सामना करना पड़ा। महानगर में लगे एक डिजिटल ट्रैफिक एडवायजरी बोर्ड पर अचानक गालियां प्रदर्शित होने लगीं। यह देख राहगीर हैरान रह गए और उन्होंने पुलिस को सूचित किया। यह हैरान करने वाली घटना मुंबई के दिंडोशी इलाके में हुई। सूचना मिलने के बाद यातायात को लेकर परामर्श देने वाले इस बोर्ड से तुरंत प्रसारण रोका गया। मुंबई पुलिस ने मामले में अज्ञात हैकर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मुंबई पुलिस के अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात नौ बजकर 10 मिनट पर एलईडी स्क्रीन पर एक अभद्र संदेश प्रदर्शित किया गया। बोर्ड लगाने वाले ठेकेदार ने निकाय अधिकारियों को बताया कि उसे इस घटना की जानकारी नहीं है। उसने पुलिस को बताया कि हो सकता है कि किसी ने सिस्टम को हैक कर संदेश प्रसारित कर दिया हो। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अज्ञात हैकरों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच जारी है।

# रंगनाथ मंदिर में वैकुंठ एकादशी समारोह भव्य तरीके से आयोजित होगा : तलसानी

## मंत्री ने व्यवस्था को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की



हैदराबाद, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पशुपालन, मत्स्य पालन, डेयरी विकास और छायांकन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि वैकुंठ एकादशी के लिए सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मंगलवार को कारवान विधानसभा क्षेत्र के जियागुड़ा स्थित रंगनाथ स्वामी मंदिर में वैकुंठ एकादशी की व्यवस्था को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की गयी। इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने कहा कि तिरुमाला और तिरुपति देवस्थानम के बाद, वैकुंठ एकादशी समारोह जियागुड़ा में रंगनाथ मंदिर में भव्य और शानदार तरीके से आयोजित किया जाएगा। पता चला है कि वैकुंठ एकादशी के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार और मुख्यमंत्री केसीआर के आदेशानुसार सभी इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। श्रद्धालुओं को भगदड़ से बचने के लिए बेरिकेड्स लगाने के आदेश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से स्वामी को रेशमी वस्त्र भेंट किए जाएंगे। अधिकारियों को मंदिर के आसपास बिजली की रोशनी लगाने, वाहन पार्किंग के लिए विशेष क्षेत्रों की पहचान करने और आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मोबाइल शौचालय की व्यवस्था के लिए कदम उठाए जाएं। इसी तरह, जल कार्य अधिकारियों को श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराने के लिए एक लाख पैकेट ताजा पानी उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए ध्यान रखा जाना चाहिए कि मंदिर के आसपास कहीं भी सीवेज का रिसाव न हो। यातायात पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे मंदिर की ओर जाने वाली सड़कों पर खड़े वाहनों को पूरी तरह से हटा दें और वैकुंठ एकादशी पर यातायात को डायवर्ट करने के उपाय करें ताकि भक्तों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस अधिकारियों को शांति और सुरक्षा की निगरानी के लिए सीसी कैमरे लगाने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने आरटीसी अधिकारियों को विभिन्न स्थानों से स्वामी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष बसें चलाने के निर्देश दिए। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में दो स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेंगे।

सबसे पहले, मंत्री ने स्वामी के दर्शन किए और विशेष पूजा की। अंचल आयुक्त रवि किरण, करुणाकर, आरडीओ वेंकटेश्वरलू, जल कार्य निदेशक कृष्णा, जिला चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वेंकट, डीएमसी नरसिम्हा, ईई वेंकट सेशैय्या, उपायुक्त रामकृष्ण, सहायक आयुक्त बालाजी, मंदिर के शेषाचार्य, ट्रांस सीओ डीई नेहरू नाइक, आरएंडबी ईई रवींद्र मोहन, फायर अधिकारी दत्तू, वाटर वर्क्स जीएम शरीफ, स्ट्रीट लाइट ईई वेंकटेश, हॉर्टिकल्चर डीडी भीमा, स्वच्छता डीई राजू, टाउनप्लानिंग सीपी रंजीत, ट्रैफिक एसीपी कोटेश्वर राव, इंस्पेक्टर अशोक कुमार व अन्य मौजूद थे।

## राजभवन में रात्रि भोज में शामिल नहीं हुए सीएम केसीआर

हैदराबाद, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और राज्य की राज्यपाल तमिलिसाई सौदराजन ने सोमवार को हकीमपेट हवाईअड्डे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया। मालूम हो कि राष्ट्रपति मुर्मू अपने पांच दिवसीय दक्षिणी प्रवास के तहत हैदराबाद पहुंचे है। बाद में, राष्ट्रपति मुर्मू ने सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड में युद्ध स्मारक का दौरा किया और शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की। राज्य की राज्यपाल तमिलसाई ने राजभवन में राष्ट्रपति के रात्रिभोज की मेजबानी की लेकिन मुख्यमंत्री केसीआर और आईटी मंत्री केटीआर इसमें शामिल नहीं हुए।

हकीमपेट एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति का स्वागत करने के बाद सीएम अपने फार्महाउस के लिए रवाना हो गए। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी, विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी, परिषद के अध्यक्ष सुकेंदर रेड्डी, सीएस सोमेश कुमार, डीजीपी महेंद्र रेड्डी, रेवंत रेड्डी, बंदी संजय और अन्य लोगों ने राजभवन में डिनर पार्टी में भाग लिया।

# बडों को दुःखी करने वाले कभी सुखी नहीं होते : साध्वाश्री विजयपूर्णाश्रीजी



हैदराबाद, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जो व्यक्ति घर में माता-पिता या सास-ससुर आदि बड़ों का बहुमान करता है, वही भगवान का बहुमान करने योग्य बनता है। बडों (वडिलों) को दुःखि करके यदि बहु धर्म कार्य करने का दिखावा करें तो वह पुण्य का फल पा नहीं सकता और धर्म की निन्दा का निमित्त बनता है। काचीगुडा में विराजमान साध्वीश्री विजयपूर्णाश्रीजी म.सा. ने यह उद्गार व्यक्त किये। गुरूवर्या ने आगे कहा कि आत्मा अकेली आई है अकेला जायेंगी, पुण्य-पाप साथ में लेकर आया है, पुण्य-पाप साथ में लेकर जायेंगा। जिसने आत्मा की साधना की सब कुछ किया मगर आत्मा को केन्द्र में नहिं रखा तो मनुष्य जन्म हार जायेगे। ऐसो जन्म नहि बार-बार, अवसर बेर-बेर नहि आवे, तमाम बिना चले मगर धर्म बिना न चले। जैसे मत्स्य पानी बिना जिंदा न रहे वैसे हमें धर्म के बिना मुक्ती प्राप्त नहीं होगी। हमसे पाप क्रिया छूटती नही है, परन्तु पाप शून्य जीवन जीने वाले संयमीयो को देखकर में भी श्रमण कब बनुं ऐसे भाव के द्वारा पाप कर्म की निर्जरा हो सकती है। पूज्य साध्वीश्री चंद्रप्रभाश्रीजी म.सा. की सुशिष्या पू.साध्वीश्री विजयपूर्णाश्रीजी म.सा., पू. साध्वीश्री विरागपूर्णाश्रीजी म.सा., पू. साध्वीश्री चंद्रसुधाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा 3 आदि ठाणा 3 चैतन्यपुरी श्री अचलगच्छ जैन संघ संचालीत श्री वासूपूज्य स्वामी मंदिर मे चातुर्मास पूर्ण कर काचीगुडा क्षेत्र में पधारी है। साध्वीश्री जिनेश्वरधाम के पास स्थित विजयलक्ष्मी एपार्टमेन्ट में विराजमान है, धर्मानुरागी श्रावक श्राविकायें प्रात : 8.30 से दोपहर 11 बजे तक दर्शन वंदन का लाभ ले सकते है। आज बीजेपी नेता दिनेश गोसर, लव फॉर काऊ फांउंडेशन के ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, तोरल जागीरदार एवं बडी संख्या में भक्तों ने साध्वीवृंद के दर्शन, वंदन का लाभ लिया।

# विश्व मंगल गौशाला में भव्य भजन का आयोजन हुआ







हैदराबाद, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व मंगल गौशाला सोमाराम विलेज मेडचल में एक दिन गौ माता के नाम भव्य भजन आयोजन हुआ, जिसमें सभी गौ भक्तों ने तन मन धन से सहयोग दिया। कार्यक्रम के संयोजक टीवी सुरेश ने बताया है कि युवा मंच मेडचल भोजन प्रसादी के लाभार्थी बने और सुमधुर भजनों की प्रस्तुति डॉ ओमजी मुंडेल मुकेश वैष्णव तुलह सिंह और मंच संचालन विशाल रामावत द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में आरएसएस के श्रीधर लिंगम, ईटेला राजेंद्र बीजेपी, राजा सिंह राष्ट्रीय गौ भक्त मुरलीधर राव मध्य प्रदेश प्रभारी , मल्लारेडी बीआरएस और अन्य उपस्थित रहे। दुर्गा रेडी, ओमप्रकाश जवर, राम सिंह चौहान, भीम सिंह , गोपालदास, दर्शन अग्रवाल, कविता अग्रवाल, सुरेश माली, गज्जू भाई कुलरिया, जसवंत पटेल, धर्माराम ढाका, तारा राम, सीरवी सावल, राम सीरवी, विश्वकर्मा वरंगल ग्रुप मोती भाई सीरवी, डूंगाराम सीरवी, देवाराम बाल संस्कार केंद्र राजेश कुमार तापड़िया, रामविलास बंसल रामा राव, देवासी समाज असला राम, बाबूलाल वैष्णव समस्त सुथार समाज समस्त सीरवी समाज दिनैप कोलू , दौलाराम कुमावत, प्रभुराम फतहनगर, नारायणराम सुथार, गोगाजी बिश्नोई, समाज सरवन, राम अंबालाल माली, सतपाल जाट मारवाड़ी युवा मंच गंडी मैसम्मा कमला देवी और 36 कौम के गौ भक्त उपस्थित रहे। 36 कौम के गो भक्तों द्वारा यह कार्यक्रम सफल हुआ। विश्वमंगल गौशाला कमेटी मुख्य सचिव शांतिलाल सुथार ने सभी गौ भक्तों का धन्यवाद प्रकट किया।

# डीजीपी ने जिला पुलिस के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया



आसिफाबाद 2 दिसंबर ( स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार को राज्य के डीजीपी महेंद्र रेड्डी द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में आसिफाबाद जिले के जिला एसपी के. सुरेश कुमार ने भाग लिया। डीजीपी ने मुख्य रूप से पुलिस अधिकारियों से राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में पूछा।

डीजीपी ने कहा कि जन सुरक्षा के मामले में किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए पुलिस अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। बताया गया है कि प्रतिबंधित दवाओं के मामले में विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी जनता के लिए हर समय उपलब्ध रहें, थाने में आने वाले हर फरियादी के साथ सम्मान से पेश आएं और समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की दिशा में काम करें। यह कहा गया है कि मामलों में गुणवत्ता मानकों का पालन किया जाना चाहिए।साइबर अपराधों पर लोगों के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और साइबर अपराधी वर्तमान में कैसे अपराध कर रहे हैं, यह बताकर लोगों को सचेत करने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएं कि नाबालिगों के खिलाफ हिंसा करने वालों को कानून के मुताबिक सजा मिले। इस समीक्षा बैठक में आसिफाबाद डीएसपी श्रीनिवास, कागजनगर डीएसपी करुणाकर,टास्क फोर्स सीआई सुधाकर, आसिफाबाद सीआई राणा प्रताप, आरआई (प्रशासन) भारत भूषण, एमटीआरआई श्रीनिवास, आईटी कोर एसआई प्रवीण, आईटी कोर स्टाफ और अन्य पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

## अय्यप्पा स्वामी का पालकी संकीर्तन पर्व मनाया गया



आसिफाबाद 27 दिसंबर ( स्वतंत्र वार्ता)। कुमरम भीम आसिफाबाद जिला केंद्र में अयप्पा मंदिर में महा पडिपूजा के अवसर पर मंगलवार को जिला केंद्र के मुख्य मार्गो पर अयप्पा मंदिर समिति के तत्वावधान में शहर की जिओ में अय्यप्पा स्वामी पालकी संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला केंद्र के वासवी मंदिर से सुबह 6 बजे शुरू हुआ नगर संकीर्तन ब्राह्मणवाड़ा, रावुला वाड़ा, गांधी चौक, विवेकानंद चौक होते हुए मुख्य मार्ग से होते हुए मंदिर पहुंचा। नगर संकीर्तन में, मंदिर समिति के सदस्यों ने अय्यप्पा के आभूषणों के साथ एक जुलूस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष वेणुगोपाल, महासचिव वेंकट गौड़, कोषाध्यक्ष चंद्रमोहन, संस्थापक खंडरे किशन, बाजार समिति के अध्यक्ष मल्लेश गुरु स्वामी मोहन विशाल, श्रीनिवास, विनायक, संतोष सहित अन्य ने भाग लिया।

**WANTED**

**VICE PRINCIPAL (01)**
REGULAR & RESIDENTIAL POST FOR CRPF PUBLIC SCHOOL: Age: below 50 yrs. Payscale: 37100-91450. Candidates can download application form from school website. Submit recent photo and photo copies of qualifications & experience by Speedpost before 21-01-2023 (05-00pm). Further information, visit webite: www.crpfpublicschool.com (040-27981257).

# एमडी टीएसआरटीसी ने 'सिंगारेनी दर्शन' बस का शुभारंभ किया



हैदराबाद, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हर शनिवार को उपलब्ध होने वाली "सिंगरेनी दर्शन" बस को संगठन के अध्यक्ष व विधायक बाजीरेड्डी गोवर्धन और प्रबंध निदेशक वी.सी. सज्जनार द्वारा औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। लोगों की सुविधा के लिए टीएसआरटीसी ने सिंगरेनी आने के लिए नया पैकेज उपलब्ध कराया है।

यह उन लोगों के लिए बहुत उपयोगी होगा जो पहले यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि एक दशक से अधिक समय से नसों में रिसाव करने वाली कोयला खदानों से कोयला कैसे निकाला जाता है। मंगलवार को बास भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में बोलते हुए अध्यक्ष ने बताया कि वह इन सेवाओं को एक ऐतिहासिक फैसला मानते हैं। उन्होंने याद किया कि शहर की सुंदरता देखने के लिए आने वाले पर्यटकों के लिए टीएसआरटीसी ने कुछ महीने पहले हैदराबाद दर्शन सेवा शुरू की थी। साथ ही यह भी कहा जाता है कि भक्तों के लिए तिरुमाला श्रीवारी के शीघ्र दर्शन का भी वादा किया गया है और इस हद तक टीएसआरटीसी की बसों में सात दिन पहले आरक्षण कराना होता है। उन्होंने कहा कि सिंगरेनी दर्शन के नाम से नया पैकेज उपलब्ध कराया गया है। खुलासा हुआ है कि आने वाले दिनों में कालेश्वरम मंदिर के साथ बैराज को देखने के लिए एक और पैकेज टूर भी बनाया जा रहा है। सिंगरेनी के निदेशक बलराम ने कहा कि इस पैकेज को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि कोई भी इस क्षेत्र में कोयला खदानों के खनन का सीधा आनंद ले सकता है, जिसका बहुत इतिहास है। इस अवसर पर हंसा इक्विटी पार्टनर्स, एलएलपी त्रिनाथ बाबू, सुनील रेगुला, कार्यकारी निदेशक मुनीशेखर, विनोद, पुरुषोत्तम, यादगिरी, वेंकटेश्वरलू, सीपीएम कृष्णकांत, सीटीएम जीवन प्रसाद, सीटीएम (एमएंडसी) विजयकुमार, करीमनगर आरएम खुसरो शाह खान, सीएसओ विप्लव आदि ने भाग लिया।



रामदेवरा दरबार शिवरामपल्ली में पधारे राजस्थान नागोर से जाट समाज के भाई लिछु जी मारवाड़ी कलाकार ने जितेंद्र खोजा (बोस) ने रामदेव बाबा के दर्शन किया। मंदिर प्रांगण में सम्मान करते हुए धर्माराम ढाका प्रदेश अध्यक्ष तेलंगाना जाट एकता मंच, बनवारी महाराज, अनील महाराज, धर्मीचंद रिणवा, ,अरविंद स्वामी, मुकेश भाना, शिवा प्रजापति, बलदेवराम खुडखुडीया, श्रवणपुरी, स्वामी, चुन्नीलाल ग्वाला, मुलाराम जांगीड़, रामदेव प्रजापत व अन्य।

## पुलिस का कांग्रेस के चुनावी रणनीतिकार सुनील को नोटिस

हैदराबाद, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद शहर की पुलिस ने मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक वीडियो बनाने के आरोप में कांग्रेस के चुनावी रणनीतिकार सुनील कानूनगोलू के खिलाफ दर्ज एक मामले में उन्हें नोटिस जारी किया है। साइबर क्राइम पुलिस ने उसे 30 दिसंबर को उनके सामने पेश होने के लिए कहा है। ऐसा न करने पर उन्हें गिरफ्तारी किया जा सकता है। हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने कांग्रेस के चुनावी रणनीतिकार सुनील कानूनगोलू के कार्यालय पर छापा मारा

साइबर क्राइम पुलिस ने इस मामले में पूर्व में प्रताप, शशांक और ईशान शर्मा सहित तीन लोगों को नोटिस भेजा था। इन तीनों को इससे पहले 14 नवंबर को माधापुर स्थित सुनील कानूनगोलू के कार्यालय पर छापेमारी के बाद हिरासत में लिया गया था।

# तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम की कार्यशाला आयोजित



हैदराबाद, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम हैदराबाद के तत्वाधान में डॉक्टर सीए नरेन्द्र जी श्यामसुखा द्वारा संपादित 'एनएपीएस व एनएटीएस' विषय पर कार्यशाला माधापुर में आयोजित की गयी। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम हैदराबाद द्वारा समायोजित कार्यशाला मे मुख्य वक्ता नरेंद्रजी श्यामसुखा ने 'एनएपीएस व एनएटीएस' के बारे में महत्वपूर्ण एवं जानकारी बातें बताई। उन्होंने अपने व्यक्तत्त्व मे बताया कि कैसे इन अधिनियम का पालन करते हुए अपने व्यवसाय मे फायदा हो सकता है। उन्होंने बताया की इस कानून से रोजगार बढ़ेगा, कर्मचारी को प्रशिक्षण मिलेगा एवं सीएसआर फंड को भी उपयोग में ला सकते है। कार्यक्रम की शुरुआत नवकार मंत्र के उच्चारण से हुई। टीपीएफ हैदराबाद के अध्यक्ष पंकज जी संचेती ने सभी का स्वागत करते हुए वक्ता नरेंद्रजी श्यामसुखा का परिचय दिया। नरेंद्रजी पूर्व में तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके है। कार्यक्रम में लगभग 10 चार्टेट एकाउंटेंट ने भाग लिया। टीपीएफ सहमंत्री अणुव्रत सुराणा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।




राजस्थान के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र गोयल (कुमावत) का भाग्यनगर, हैदराबाद में आगमन पर एयरपोर्ट पर भेंट करते हुए कुमावत समाज, हैदराबाद-सिकंदराबाद (तेलंगाना) के पूर्व अध्यक्ष धर्मीचन्द कुमावत, गोविन्दराम रेणवाल, रामकिशोर भड़लीवाल, फताराम मनावत, पारसराम बाकरेचा, रमेश घोड़ावड़।

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# 'राम से नहीं की जा सकती राहुल गांधी की तुलना'





**अयोध्या में जन्मभूमि के मुख्य पुजारी ने ऐसा क्यों कहा?**

लखनऊ, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने अयोध्या में राहुल गांधी को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा, 'कोई भी व्यक्ति भगवान राम नहीं हो सकता, न ही भरत हो सकता है। कभी भी राहुल गांधी की तुलना राम से नहीं की जा सकती। सलमान खुर्शीद ने जो कहा है, हम उसकी निंदा करते हैं।' दरअसल आचार्य सत्येंद्र दास का ये बयान कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के उस बयान पर आया है, जिसमें उन्होंने राहुल को अलौकिक बताया था।

**सलमान खुर्शीद ने क्या कहा था?**

सलमान खुर्शीद ने कहा था, 'वो(राहुल गांधी) अलौकिक हैं। हम ठंड में ठिठुर रहे हैं और जैकेट पहन रहे हैं, वह टी-शर्ट पहनकर (भारत जोड़ो यात्रा के लिए) निकल रहे हैं। वह एक योगी की तरह तपस्या कर रहे हैं। भगवान राम की 'खड़ाऊं' बहुत दूर तक जाती हैं। सलमान ने ये बयान मुरादाबाद में दिया था।

**कड़ाके की ठंड में राहुल गांधी की हाफ टीशर्ट की चर्चा**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा में सफेद रंग की हाफ टीशर्ट पहने हुए दिख रहे हैं। कड़ाके की ठंड में जब लोग जैकेट और टोपा-मफलर पहने हुए दिख रहे हैं, वहां राहुल का ये अंदाज लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# अखिलेश और मायावती भारत जोड़ो यात्रा से करेंगे किनारा!

## 3 जनवरी को यूपी में होगी एंट्री



लखनऊ, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 3 जनवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। इस बीच यात्रा से यूपी के विपक्षी नेताओं के दूरी बनाने को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। इस बात की संभावना जताई जा रही है कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और बीएसपी प्रमुख मायावती भारत जोड़ो यात्रा से दूरी बना लेंगे। वहीं, आरएलडी नेता जयंत चौधरी भी इस यात्रा में शामिल होने से परहेज करेंगे।

कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, बीएसपी सुप्रीमो मायावती और आरएलडी के नेता जयंत चौधरी को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर तक हो रही भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था।कांग्रेस की यात्रा से दूरी बनाएंगे अखिलेश! मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अखिलेश यादव भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने की संभावना कम है। हालांकि यह अभी तक साफ नहीं है कि वो राहुल गांधी की यात्रा में हिस्सा लेने के लिए पार्टी के किसी नेता को भेजेंगे या नहीं। एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी प्रवक्ता घनश्याम तिवारी ने कहा है कि समाजवादी पार्टी भारत जोड़ो यात्रा के विचार का समर्थन करती है, लेकिन संभावित सियासी गठबंधन पर अटकलें लगाकर इसे भ्रमित नहीं करना चाहती है। साल 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव और राहुल गांधी का साथ देखने को मिला था। हालांकि उसके बाद दोनों पार्टियों के बीच दूरी बन गई थी। समाजवादी पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में अकेले लड़कर बेहतर प्रदर्शन किया था और मुख्य विपक्ष की भूमिका में है।

**मायावती और जयंत चौधरी भी करेंगे परहेज**

वहीं, आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी का कहना है कि उनका पहले से ही व्यस्त कार्यक्रम है, ऐसे में वो कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नहीं होंगे। हालांकि उन्होंने ये जरूर कहा है कि उनकी पार्टी वैचारिक रूप से राहुल गांधी की यात्रा का समर्थन करती है। वहीं, अटकलें ये भी हैं कि बीएसपी प्रमुख मायावती भी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने से परहेज करेंगी।

# सियासत के किस्से

## क्या था वो गेस्ट हाउस कांड

### जिसके बाद मायावती पहनने लगीं सलवार सूट!



लखनऊ, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। 2 जून, 1995। यूपी के सियासी इतिहास का वो काला दिन है, जब 'गेस्ट हाउस कांड' ने समाजवादी पार्टी के दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती के बीच कड़वाहट घोल दी थी। रिश्ते इस कदर बिगड़े थे कि 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा और सपा के गठबंधन के बाद भी मायावती के दिमाग से 1995 का वो 'गेस्ट हाउस कांड' निकल नहीं सका था। कहा जाता है कि गेस्ट हाउस कांड के बाद से ही मायावती ने साड़ी पहनना छोड़ दिया था और सलवार सूट पहनने लगी थीं। आइए जानते हैं क्या है ये गेस्ट हाउस कांड?

**भाजपा को हराने के लिए बसपा और सपा का गठजोड़**

रामजन्मभूमि आंदोलन के बाद बसपा के संस्थापक कांशीराम को मुलायम सिंह यादव ने नई पार्टी बनाने की सलाह दी। 1992 में समाजवादी पार्टी बनी और अगले साल होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव में भाजपा को टक्कर देने के लिए बसपा के साथ गठबंधन किया गया। सपा 109 सीटें और बसपा 67 सीटें जीतने में कामयाब रही। भाजपा 177 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी, लेकिन सत्ता में नहीं आ सकी। मुलायम सिंह ने कांग्रेस समेत दूसरे छोटे दलों और निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार बना ली। सपा की इस सरकार में बीएसपी के 11 मंत्री बनाए गए थे, लेकिन बसपा ने बाहर से ही सरकार को समर्थन दिया था।

बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, 1995 में उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव में सपा को बड़ी जीत मिली। 50 जिलों में से 30 पर सपा का परचम फहरा। नौ जिलों में भाजपा, पांच पर कांग्रेस और बसपा को सिर्फ एक सीट ही मिली। यहीं से सपा-बसपा गठबंधन टूटने की पटकथा लिखी जाने लगी। मुलायम सिंह यादव बसपा के विधायकों को अपने खेमे में करने की कोशिश करने लगे। वहीं, बसपा ने भाजपा के साथ बातचीत बढ़ा दी।

मुलायम सिंह यादव की सरकार चल जरूर रही थी, लेकिन सियासी गलियारों में चर्चा होने लगी थी कि सपा-बसपा गठबंधन के बीच दरार आने लगी है। दरअसल, सपा-बसपा गठबंधन को मैनेज कर रहीं मायावती के भाजपा के साथ करीबी बढ़ाने और सरकार बनाने की बातें जोर पकड़ने लगी थीं।

इसकी भनक लगते ही 23 मई 1995 को मुलायम सिंह यादव ने अस्पताल में भर्ती कांशीराम से बात करना चाही, लेकिन उन्होंने मना कर दिया।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उसी रात कांशीराम ने भाजपा ने लालजी टंडन से फोन पर गठबंधन को लेकर बात की। जब मायावती अस्पताल पहुंची, तो उनसे कांशीराम ने पूछा कि क्या वो सीएम बनेंगी? एक जून 1995 को मायावती लखनऊ पहुंचीं और गठबंधन टूटने का ऐलान हो गया। इसके अगले दिन ही गेस्ट हाउस कांड के रूप में यूपी की सियासत का सबसे काला अध्याय लिखा गया था।

2 जून 1995 को लखनऊ के मीराबाई स्टेट गेस्ट हाउस में मायावती बसपा के विधायकों के साथ मीटिंग कर रही थीं। समर्थन वापस लिए जाने से मुलायम सिंह यादव के समर्थकों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच चुका था। मायावती पर अजॉय बोस की किताब 'बहन जी' के अनुसार, जातिसूचक गालियां देते हुए सैकड़ों की संख्या में सपा के कार्यकर्ता और विधायक गेस्ट हाउस में जबरन घुस आए। उन्मादी भीड़ को देख मुख्य द्वार बंद कर दिया गया। जिसे तोड़ भीड़ अंदर घुस आई और बसपा विधायकों को मारने-पीटने के साथ घसीट कर ले जाने लगी। भीड़ ने गेस्ट हाउस का बिजली-पानी तक काट दिया था।

किताब के अनुसार, मायावती को गेस्ट हाउस कांड से बचाने वालों में पुलिस अफसर विजय भूषण और सुभाष सिंह बघेल की बड़ी भूमिका थी। इन्होंने ने ही उन्मादी सपा कार्यकर्ताओं की भीड़ को कुछ सिपाहियों के साथ पीछे खिसकने पर मजबूर कर दिया।

वहीं, बीबीसी की एक रिपोर्ट में शरत प्रधान बताते हैं कि भीड़ से बचने के लिए मायावती एक कमरे में जाकर छिप गई थीं। उन्होंने कहा कि मायावती को बचाने में मीडिया के कैमरों का भी बड़ा सहयोग था।

# बहन की हत्या कर बगल के कमरे में सोता रहा भाई

### हत्या से पहले बहन को पीटा गला इतनी तेज दबाया कि गले की हड्डी टूट गई

लखनऊ, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। लखनऊ के सैरपुर इलाके में एक भाई ने अपनी बहन की गला दबाकर हत्या करके शव को घर के किचन में ही दफना दिया। उसके बाद पास वाले कमरे में सो गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि पहले उसने बहन की पिटाई की। फिर गमछे से फंदा बनाकर गला इतनी तेज दबाया कि गले की हड्डी ही टूट गई। पुलिस ने जब शव को जमीन खोदकर निकाला, तब भी लड़की के गले में गमछे का बना फंदा बंधा था।

सैरपुर थाने पर कंट्रोल रूम से रविवार रात 9.55 बजे सूचना मिलती है कि पल्लहरी गांव में हिमांशु ने अपनी बहन शिवानी की हत्या कर शव घर में ही गाड़ दिया है। पुलिस पड़ताल में किचन में बहुत कम हिस्से में ईंटें बिछी मिलीं। देखने से लगा कि ईंटे एक-दो दिन में ही बिछाई गई है। इस पर पुलिस ने शक होने पर ईंटें हटवाई तो मिट्टी गीली दिखी। पुलिस ने मजदूरों को बुलाकर करीब 5 घंटे तक खोदाई कराई। तब जाकर शिवानी का शव मिला। छानबीन में सामने आया कि पुलिस को अनजान कॉल करने वाला शिवानी का ही दोस्त था।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी भाई हिमांशु एक निजी कम्पनी में नौकरी के साथ हाफ डाला भी चलाता था। उसकी नशे की आदत के चलते घर में रोज विवाद होता था। घटना वाले दिन भी विवाद हुआ। शनिवार शाम से शिवानी के नहीं दिखने और एक कमरे में ताला लगा होने पर लोगों को शक हुआ था। लोगों के मुताबिक, जिस दिन हत्या होना बताया जा रहा है। वो उस रात घर में ही सोया था। सुबह घर से निकला, दरवाजे पर ताला लगाया और चला गया। फिर दोपहर तक वापस लौटकर आया था। कभी ताला नहीं लगाने वाले हिमांशु को दरवाजा लॉक करते देखकर लोगों को शक हुआ। उसके पिता ने 2 शादियां की थी। सौतेली मां तीन बेटियां के साथ अलग रहती हैं। हिमांशु मां-बाप की मौत के बाद बहन शिवानी के साथ अलग घर में रह रहा था।

**5 डॉक्टर के पैनल ने किया पोस्टमॉर्टम**

पुलिस के मुताबिक शिवानी का पोस्टमॉर्टम 5 डॉक्टर के पैनल से कराया गया था। पैनल ने



फोरेंसिक और महिला चिकित्सक ने बारीकी से निरीक्षण के बाद पोस्टमॉर्टम शुरू किया। रिपोर्ट के मुताबिक, युवती के गले की हड्डी पूरी तरह से टूट गई थी। उसके शरीर पर मारपीट के निशान थे। जिसमें उसके सीने और कंधे पर गंभीर चोट लगी थी। जैसे किसी डंडे या भारी वस्तु से प्रहार किया गया हो। एहतियात के लिए स्लाइड व बिसरा सुरक्षित रखा गया है।

**24 दिसंबर की रात को ही कर दी थी हत्या, रात भर खोदा गड्ढा**

सैरपुर थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि शनिवार यानी 24 दिसंबर को पुलिस कंट्रोल रूम पर फोन आया कि सैरपुर में एक युवक ने अपनी बहन की हत्या कर शव घर में दफना दिया है। कॉलर ने अपना नाम नहीं बताया। उसने बताया कि 24 दिसंबर की रात को बहन शिवानी की गला घोंटकर हत्या करके घर में ही दफना दिया है। हिमांशु के मुताबिक नशे में बहन से मारपीट हुई जिसके बाद गला घोटकर हत्या कर दी। पुलिस से बचने के लिए घर में ही रात भर गड्ढा खोदा और उसमें शव को दफना दिया। रात भर खुदाई करने और नशे में होने के चलते पास ही स्थित कमरे में जाकर सो गया। सुबह नींद खुली तो फिर दोबारा किचन में गया और किसी को शक न हो इस लिए जमीन पर ईंट बिछा दी।

ऑनर किलिंग की घटना सामने आई। इसके चलते हत्यारोपी भाई हिमांशु को हिरासत लेकर पूछताछ की जा रही है। अपनी मनमानी और शराब के लिए रोज टोकने पर कर दी हत्या

पुलिस पूछताछ में हिमांशु ने बताया कि शिवानी अपनी मनमानी करती थी। टोकने पर विवाद करती। ऊपर से मेरे आने जाने और शराब को लेकर मारपीट पर उतारू हो जाती।

# बिहार कैबिनेट में 7 एजेंडे पर लगी मुहर

### सरकार हेलीकॉप्टर और विमान खरीदेगी, शिक्षा विभाग में 1674 पदों के सृजन को भी स्वीकृति




पटना, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में की गई। जिसमें 7 एजेंड पर मोहर लगी है। कैबिनेट की इस बैठक में जो महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं, उसमें बिहार सरकार सरकारी काम के लिए एक हेलीकॉप्टर और एक जेट मशीन विमान खरीदेगी। हालांकि विमान और हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए एक कमेटी का गठन भी किया गया है। और उसके बाद हेलीकॉप्टर और विमान बिहार सरकार अपनी सरकारी काम के लिए खरीदेगी। पिछले दिनों शराबबंदी के दौरान हेलीकॉप्टर और विमान की कमी खूब खली थी, ऐसे में बिहार सरकार ने इस खरीदारी पर आज मुहर लगा दी है।

कैबिनेट एक और महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए शिक्षा विभाग में 1674 नए पदों का सृजन किया है। शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में 1674 पदों में से लिपिक के लिए 670 पद, उच्च वर्गीय लिपिक के लिए 462 पद, प्रधान लिपिक के लिए 161 पद, के साथ-साथ कार्यालय अधीक्षक के लिए 47 पदों का सृजन किया गया है पिछले कैबिनेट में भी बिहार सरकार ने 75 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों की नियुक्ति पर मुहर लगी थी।

**संविदा के आधार पर अगले 1 वर्ष के लिए नियोजित**

मंत्रिमंडल की बैठक में भवन निर्माण विभाग के मुख्य वास्तुविद अनिल कुमार को सेवानिवृत्त के बाद संविदा के आधार पर अगले 1 वर्ष के लिए नियोजित किया गया है। अनिल कुमार 31 दिसंबर को अपने पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसके साथ ही सरकार ने भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने और आवास आवंटन के लिए सूचना प्रबंधन प्रणाली को विकसित करने के लिए भवन निर्माण विभाग और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के बीच करार को स्वीकृति दी है।

**बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली**

इस कैबिनेट की बैठक में बिहार सरकार ने कैमूर स्थित मैसर्स जयदयाल हाईटेक प्राइवेट लिमिटेड को बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली के तहत वित्तीय प्रोत्साहन क्लीयरैंस की स्वीकृति दी है। वहीं नालंदा स्थित मेसर्स पटेल एग्री इंडस्ट्रीज और मुजफ्फरपुर स्थित मोतीपुर शुगर मिल को भी बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली के तहत वित्तीय प्रोत्साहन क्लियरेंस को मंजूरी दी गई है।

# बीएसएससी की दूसरी पाली की परीक्षा भी रद्द होगी क्या?

### शिक्षा मंत्री बोले- जांच चल रही, पेपर लीक पाया गया तो वह भी रद्द होगी



पटना, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित तृतीय स्नातक की दूसरी और तीसरी पाली की परीक्षा भी रद्द होगी क्या? छात्रों की मांग 23 और 24 दिसंबर को हुई तीनों परीक्षा रद्द करनी की है। लेकिन अब तक पहली पाली की परीक्षा ही रद्द की गई है।

**तीनों के प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर वायरल**

शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि इसकी सघन जांच चल रही है, जांच में अगर पाया गया कि दूसरी पाली की परीक्षा का प्रश्न पत्र भी लीक हुआ तो वह भी रद्द होगी।' छात्रों और एक्सपर्ट की लगातार मांग है कि तीनों पालियों की परीक्षा रद्द की जाए। ये मांग इसलिए है कि तीनों प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हैं जबकि इस परीक्षा मोबाइल ले जाने की मनाही के साथ ही प्रश्न पत्र को भी ले जाने पर रोक है।

**तीनों पाली की परीक्षा संदेह के घेरे में**

कर्मचारी चयन आयोग ने भास्कर पर खबर लाए जाने के बाद 23 जून के दिन ही पहली पाली के प्रश्न पत्र लीक होने की बात स्वीकारी लेकिन रद्द नहीं किया। इसकी जांच का जिम्मा आर्थिक अपराध इकाई को सौंप दी। आर्थिक अपराध इकाई ने कइयों की गिरफ्तारी इस मामले में की और सघन पूछताछ की। छात्र नेता दिलीप कुमार से भी आर्थिक अपराध इकाई ने बुलाकर पूछताछ की है।

अभ्यर्थियों को इंतजार है कि बाकी दो पालियों की परीक्षा रद्द होती है कि नहीं! तीनों पाली की परीक्षा संदेह के घेरे में है और अब तक प्रथम पाली की ही परीक्षा रद्द हुई है।

# सेल्फी लेते वक्त जिंदा जलने लगा युवक

### रेलवे ट्रैक पर बिजली का खंभा छूते तेज करंट लगा, धमाके के साथ तारों में स्पार्किंग



कौशांबी, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। यूपी के कौशांबी में सेल्फी लेने का जुनून युवक पर भारी पड़ गया। फोटो लेने के लिए जैसे ही उसने रेलवे ट्रैक के बगल में ओएचई (ओवर हेड इलेक्ट्रिफिकेशन) पोल को छुआ, वैसे ही हाई-वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। उसके शरीर में आग लग गई। धुआं निकलने लगा। तेज धमाके के साथ तारों में स्पार्किंग होने से आग भड़क गई। आसपास के लोग उसे तुरंत अस्पताल ले गए।

वहां से प्रयागराज के लिए रेफर कर दया। उसकी हालत अभी गंभीर है। इस पूरी घटना का एक वीडियो सामने आया है। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मंदर गांव का रहने वाला शाहरुख सोमवार को अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने गया। लौटते समय करीब साढ़े तीन बजे प्रयागराज-कानपुर रेलवे मार्ग की बन रहे मालगाड़ी के ट्रैक (डेडिकेटेट फ्रेट कॉरिडोर) पर खड़ा होकर सेल्फी लेने लगा।

**पिलर में दौड़ रहा था हाई वोल्टेज करंट**

शाहरुख ने सेल्फी लेने के लिए जैसे ही खंभे को पकड़ा हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया और जलने लगा। उसे जिंदा जलता देख उसके दोस्तों ने रेलवे कर्मचारियों को सूचना दी। इसके बाद बिजली काटी गई। तब जाकर शाहरुख पिलर से छूटा और गिरकर तड़पने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झुलसे युवक को गंभीर हालत में प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया है।

शाहरुख के पिता मुख्तार ने बताया कि बेटा क्रिकेट खेलने का शौकीन है। अपने दोस्तों के साथ सुबह ही मैच खेलने गांव के बाहर रेलवे लाइन के उस पार गया था। रोज इसी लाइन से होकर आता था। आज पता नहीं कैसे लौटते समय सेल्फी लेने लगा। तभी करंट की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया।

इस घटना के स्थानीय लोग गुस्से में हैं। उनका कहना है कि आखिर करंट पिलर तक कैसे आ गया। इसमें रेलवे की लापरवाही है। इससे तो कोई बड़ा हादसा होने का भी डर था। उधर, घटना के बाद मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मचारियों ने पिलर पर करंट उतरने की जांच की। हालांकि, यह हादसा कैसे हुआ। इस बारे में उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी है।

नॉर्थ सेंट्रल रेलवे के पीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि इस घटना की उन्हें जानकारी नहीं है। यह डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का मामला है। घटना के बारे में पता लगाया जा रहा है।

# हाईकोर्ट के फैसले पर सीएम योगी बोले

### पहले ओबीसी को मिलेगा आरक्षण फिर होंगे चुनाव



लखनऊ,27 दिसंबर (एजेंसियां)। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में फैसला सुनाते हुए ओबीसी आरक्षण को रद कर दयिा है। इसी के साथ कोर्ट ने आदेश दिया कि चुनाव बिना देरी के जल्द से जल्द कराए जाएं।

**सीएम योगी बोले- जरूरत हुई तो सुप्रीम कोर्ट जाएंगे**

हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध करायेगी। इसके उपरान्त ही नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सम्पन्न कराया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में तमाम कानूनी पहलुओं पर विचार करके माननीय सर्वोच्च न्यायालय में अपील भी करेगी।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि जरूरत पड़ी तो हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। योगी सरकार ने ओबीसी आरक्षण के पक्ष में सभी पदों पर 05 दिसंबर,2022 को जारी अधिसूचना में प्रदेश के ओबीसी को दिया था 27 प्रतशित का आरक्षण।

यूपी में निकाय चुनाव की अधिसूचना पर हाईकोर्ट के रोक लगाने के बाद राज्य सरकार की ओर से विरोध करते हुए कहा गया था कि इससे चुनाव कराने में देरी होगी। यह भी दलील दी गई कि 5 दिसंबर का नोटिफिकेशन एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन है, याची या जो भी व्यक्ति इससे असंतुष्ट हैं, वे आपत्तियां दाखिल कर सकते हैं। वहीं कोर्ट ने राज्य सरकार की इस दलील से असंतुष्टि जताई थी। कोर्ट ने कहा था कि प्रथम दृष्टया हमें लगता है कि यदि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई प्रक्रिया को अपनाने की मंशा रखती तो 5 दिसंबर को जारी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन में ओबीसी सीटों को शामिल नहीं किया जाता, क्योंकि ओबीसी सीटों को तभी अधिसूचित किया जा सकता है जबकि ट्रिपल टेस्ट औपचारिकता को पूरा न कर लिया जाए।

# महबूबा बोलीं- भारत जोड़ो यात्रा के लिए राहुल को सलाम

## वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के लिए की कांग्रेस नेता की सराहना



जम्मू/श्रीनगर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सलाम करती हैं। इसके साथ ही वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के लिए कांग्रेस नेता की सराहना भी की। महबूबा ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि हम भारत को एकजुट करने और इस देश में धर्मनिरपेक्षता और भाईचारे को मजबूत और विकसित करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने के लिए राहुल गांधी को सलाम करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने देश की धर्मनिरपेक्ष नींव को कमजोर करने और तोड़ने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना भी की।महबूबा ने कहा कि भारत में धर्मनिरपेक्षता और भाईचारे की नींव पिछले सात-आठ सालों में हिल गई है।

**अपने विरोधियों को सम्मान देना एक अच्छा भाव**

उन्होंने राहुल गांधी की ओर से भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दिए जाने के बारे में कहा कि अपने विरोधियों को सम्मान देना भी एक अच्छा भाव है। यह इस देश की खूबसूरती है कि विरोधियों को श्रद्धांजलि दी जाती है, चाहे वे मृत हों या जीवित। हालांकि, अभी यह गायब है। महबूबा ने भी वाजपेयी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह हमेशा राजनीति से ऊपर देखते थे।

**चीन से झड़प पर महबूबा ने सरकार पर साधा निशाना**

इससे पहले अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीन से झड़प पर पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार जवानों को पलटवार की इजाजत नहीं दे रही है। सैनिकों को जवाब देने से रोका जा रहा है। यह खेदजनक स्थिति है।

**जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ फ्रॉड हो रहा: महबूबा**

महबूबा मुफ्ती ने कहा कि चीन जो हमारी जमीन हथिया रहा है, उसका तो सरकार के पास कोई जवाब नहीं है, लेकिन जम्मू-कश्मीर में लोगों को जो जमीन लीज पर मुहैया कराई गई है, उसे सरकार छीन रही है। कश्मीर के लोगों के साथ बहुत बड़ा फ्रॉड हो रहा है। सरकार ये तो कहती है कि ये हमारे नागरिक हैं, इन्हें हम अपने से अलग नहीं कर सकते हैं, फिर भी सरकार इनकी जमीन ले रही है।

# मुंबई में स्टंट वीडियो बना रहे दो रूसी यूट्यूबर्स गिरफ्तार

मुंबई, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। मुंबई पुलिस ने उन दो रूसी यूट्यूबर्स को गिरफ्तार कर लिया, जो स्टंट का वीडियो बनाने का प्रयास कर रहे थे। ये वीडियो बनाने के लिए तारदेव इलाके में स्थित इंपीरियल ट्विन टावर्स में घुस गए थे। गिरफ्तार रूसी नागरिकों की पहचान रोमन प्रोशिन (33) और मक्सिम शचरबाकोव (25) के रूप में हुई है। मुंबई पुलिस ने इस बारे में रूसी वाणिज्य दूतावास को सूचित कर दिया है। इससे पहले इन दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। दोनों रुसियों के खिलाफ भादंवि की धारा 452 और 34 के तहत केस दर्ज किया गया है। इंपीरियल ट्विन टावर 60 मंजिला हैं। गिरफ्तार यूट्यूबर इसी इमारत पर अपने करतब दिखा रहे थे। दोनों यूट्यूबर सोमवार शाम इंपीरियल ट्विन टॉवर में घुसे गए थे। बाद में उन्हें सुरक्षा कर्मियों ने स्टंट करते हुए देखा। कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षा गार्डों ने उन्हें पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने उन्हें मंगलवार को विधिवत गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे सीढ़ियों से जुड़वां इमारतों में से एक की 58वीं मंजिल पर पहुंचे थे। वहां से स्टंट करते हुए ऊपर से नीचे आने वाले थे। इस स्टंट का वे वीडियो रिकॉर्ड करना चाहते थे। मुंबई पुलिस दोनों को गिरगांव कोर्ट में पेश कर उनकी रिमांड मांगेंगी। दोनों को पकड़ने के लिए पुलिस व सुरक्षा कर्मियों को ढाई घंटे मशक्कत करना पड़ी। तारदेव पुलिस के अनुसार एक यूट्यूबर को तो पकड़ लिया गया, लेकिन दूसरा नीचे आने को तैयार नहीं था।

# परिवहन विभाग ने प्रति मीट्रिक टन के हिसाब से तय की रेत-बजरी की ढुलाई दरें, अधिसूचना जारी

चंडीगढ़, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। पंजाब के परिवहन विभाग ने प्रति मीट्रिक टन के हिसाब से राज्य में रेत-बजरी और अन्य खनिज की ढुलाई की दरें तय कर दी हैं। परिवहन विभाग ने खानें और खनिज (विकास और रेगुलेशन) एक्ट, 1957 के अंतर्गत परिभाषित माइनर खनिजों की पंजाब राज्य में ढुलाई के लिए दरें तय की हैं। विभाग ने सोमवार को इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। ढुलाई के सरकारी रेट तय होने के बाद अब ट्रांसपोर्टर मनमर्जी के दाम नहीं वसूल पाएंगे। सरकार द्वारा मिट्टी, सुरखी, रेत, राख, बजरी, गटका, स्टोन बोल्डर, कंकड़ और इमारती मलबे आदि खनिजों की ढुलाई के रेटों को अलग-अलग स्लैब में बांटा गया है। परिवहन विभाग की ओर से जारी दर सूची के तहत 0,5 से 50 किलोमीटर तक की दूरी के लिए रेट 68,49 से 349,82 रुपये प्रति मीट्रिक टन के बीच होगा। इसी तरह 51 किलोमीटर से 100 किलोमीटर तक की दरें 352।61 से 467,95 रुपये प्रति मीट्रिक टन के बीच होगी। 101 किलोमीटर से 150 किलोमीटर की दूरी के लिए 469,11 से 526,19 रुपये प्रति मीट्रिक टन के दरमियान रेट तय किया गया है। 151 किलोमीटर से 200 किलोमीटर की दूरी के लिए 527,27 से 579,78 रुपये प्रति मीट्रिक टन के बीच कीमत तय की गई है। इसी तरह 201 किलोमीटर से 250 किलोमीटर तक की दूरी के लिए 580।85 से लेकर 633,38 रुपये प्रति मीट्रिक टन के बीच रेट तय किए गए हैं, जबकि 251 से 300 किलोमीटर तक की दूरी के लिए 634,44 से 686,96 रुपये प्रति मीट्रिक टन के दरमियान रेट निश्चित किया गया है। इसके अलावा 300 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए रेत-बजरी की ढुलाई के लिए 686,96 रुपये की निर्धारित हद के अलावा 1,07 रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से रेट वसूला जाएगा।

# बागेश्वर धाम: आशाराम को ढोंगी कहने वाले पत्रकार को फोन पर मिली धमकी



दमोह, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। दमोह के होमगार्ड ग्राउंड पर चल रही श्रीराम कथा आयोजन स्थल पर सोमवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दरबार में एक पत्रकार ने ढोंगी बाबाओं का जिक्र करते हुए आशाराम का नाम लिया था। जिसके बाद शाम को पत्रकार को फोन पर अज्ञात व्यक्ति ने धमकी दी। धमकी के बाद पत्रकारों ने कोतवाली में जाकर एक लिखित आवेदन दिया है ताकि अज्ञात आरोपी के खिलाफ कार्रवाई हो सके। बता दें, सोमवार को पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दरबार में उन्होंने कई लोगों को नाम लेकर बुलाया और उनके सवाल बता कर उनके जवाब और उनका समाधान दिया। इसी बीच उन्होंने पत्रकार बीडी शर्मा को बुलाया और तीन पर्चे लिखे, उन पर्चों के पीछे उन्होंने नंबर लिख दिए और कहा कि वह जिस किसी को भी यहां लेकर आएंगे और जिस व्यक्ति के लिए जो भी पर्चा पढ़ने को कहेंगे उसका वही पर्चा लिखा मिलेगा। इसके बाद बारी-बारी से पत्रकार ने तीनों पर्चों को अपने मुताबिक नंबर बताए और शास्त्री ने उन पर्चों को पड़ा, जिसमें वह व्यक्ति के निकले जिसके लिए पत्रकार ने वह नंबर दिलवाया था। इसके बाद पीठाधीश्वर ने पत्रकार से कहा कि मुझे पता है कि तुम संदेह रखते हो, लेकिन अब तुम्हारा अनुभव क्या बोलता है। इस पर पत्रकार ने कहा कि पहले उसे लगता था कि यह सब ढोंग है, लेकिन जो मैंने खुद देखा उससे लगता है कि कुछ ना कुछ तो है भगवान है।

# अमिताभ बच्चन के रिश्तेदार और स्कार्ट ग्रुप के पूर्व वीसी अनिल नंदा के साथ ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार




नई दिल्ली, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। अमिताभ बच्चन के समधी राजन नंदा के भाई अनिल प्रसाद नंदा के साथ ठगी का मामला सामने आया है। अनिल की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज किया है। जांच के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम अवनीश चंद्र झा, माजिद अली (सीए) और राधा कृष्ण (सेक्रेटरी) है। पुलिस ने गिरफ्तारी रविवार को की है। अनिल नंदा एस्कार्ट ग्रुप के पूर्व वाइस चेयरमैन हैं, उनकी शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने 24 दिसंबर को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस को दी गई शिकायत में नंदा की ओर से कहा गया है कि आरोपियों का एक बड़ा और हाई प्रोफाइल गैंग है। शिकायत में ये दावा भी किया गया है कि आरोपियों के संबंध डॉन दाऊद इब्राहिम और अबू सलेम जैसे हाई अपराधियों से भी है। ये गिरोह ज्यादातर हाई प्रोफाइल लोगों के साथ ठगी करना और उनकी जमीनों पर कब्जा करने में लिप्त रहता है। इस गिरोह में सीए और वकील भी शामिल बताये गये हैं।

**होटल में रह रहे हैं अनिल नंदा**

शिकायतकर्ता ने तीन आरोपियों के अलावा धर्मेंद्र सिंह, पीएसओ अशोक, विवेक, पीएसओ कन्नू को भी नामजद करवाया है। इन सभी पर शिकायतकर्ता की कंपनियों के शेयर, फ्रेंड्स कालोनी में स्थित करोड़ों का घर, कुछ अन्य जगहों की प्रॉपर्टी व लुधियाना में जमीन को जालसाजी के जरिये बेचने का प्रयास करने व उस पर कब्जा जमाने का आरोप है। एफआईआर के अनुसार शिकायतकर्ता को जालसाजों ने उनके घर से बाहर कर दिया, अब वो एक होटल में रहकर जिंदगी गुजार रहे हैं।

**2016 में अवनीश चंद्र झा से हुई थी मुलाकात**

शिकायतकर्ता अनिल नंदा ने शिकायत में कहा गया है कि 2016 में उनकी अवनीश चंद्र झा से मुलाकात हुई थी। उसने खुद को क्वालिफाइड वकील, सेल्फ स्टाइल्ड गोडमेन और ज्योतिष बताया था। अवनीश चंद्र झा ने उन्हें सभी कानूनी पचड़ों से बाहर निकालने का दावा कर नंदा का विश्वास जीता। शिकायतकर्ता को धर्म कर्म के कांड में फंसा कर मानसिक तौर पर इतना कमजोर कर दिया कि उनके गैर जरूरी कागजातों पर धोखे से सिग्नेचर तक करवा लिये गये, जिसकी वजह से आज वह होटल में रह रहे हैं। एफआईआर के अनुसार आरोपी उन्हें उनके घर में ही घुसने तक नहीं दे रहे। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# सरकारी कॉलेज के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष पर छात्रा से आपत्तिजनक बातें करने का आरोप, परिजनों ने पीटा

खरगोन, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के खरगोन में सरकारी कॉलेज में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष पर छात्रा से आपत्तिजनक चैटिंग करने का आरोप है। इसे लेकर जोरदार हंगामा हुआ और घटना का वीडियो वायरल हो गया है। आरोप है कि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष ने एक छात्रा से आपत्तिजनक चैटिंग की थी। इसी वजह से गुस्साए



लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। हालांकि, अध्यक्ष ने आरोपों को खारिज किया है। इसके बाद कॉलेज प्रबंधन ने जांच के लिए समिति गठित कर दी है।

# हिमाचल सीएम सुक्खू और उनकी पत्नी के लिए गलत शब्दों का किया इस्तेमाल

## पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज



शिमला, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उनकी पत्नी पर पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर और उनके समर्थकों ने अभद्र टिप्पणी कर दी थी। इसके बाद कांग्रेस ने सोमवार (26 दिसंबर) को शिमला के पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपकर मंत्री विक्रम सिंह और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विधायक और मानवाधिकार विभाग के प्रमुख आई।एन। मेहता की ओर से यह शिकायत दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता और पूर्व मंत्री पार्टी के परागपुर जसवान मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ तहसीलदार कार्यालय के सामने इकट्ठा हुए और अभद्र और आपत्तिजनक नारे लगाए। मेहता ने कहा कि यह मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी के लिए अपमानजनक था और इसके फुटेज को इंटरनेट पर भी अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने शिकायत में कहा कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू की जाए साथ ही सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्म पर टेलीकास्ट होने से रोका जाए।

**क्या है मामला?**

कांगड़ा की जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर और उनके सहयोगियों ने एसडीएम कार्यालय बंद करने को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे, लेकिन तभी अचानक कुछ लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उनकी धर्मपत्नी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों के साथ नारेबाजी शुरू कर दी। इसके साथ ही इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। जिसके बाद कांग्रेस ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। परागपुर में प्रदर्शन के दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू को कभी मामा तो कभी जीजा कह कर नारेबाजी की।

# बीएसएफ जवान की हत्या मामले में 7 गिरफ्तार, बेटी के अश्लील वीडियो का विरोध करने पर ली थी जान

खेड़ा, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। गुजरात में बीएसएफ जवान की हत्या के मामले में पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। गुजरात के नडियाद जिले में आरोपी की ओर बनाए गए अपनी बेटी के एक अश्लील वीडियो का विरोध करने पर बीएसएफ जवान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। नदियाड के डीएसपी के अनुसार, मेल्जीभाई वाघेला और उनका बेटा कुछ रिश्तेदारों के साथ आरोपी शैलेश जादव के घर गए थे। इसी दौरान झगड़ा हुआ था। पुलिस के मुताबिक आरोपी के घर पहुंचने पर दोनों पक्षों के बीच झगड़े के दौरान आरोपी के पिता, चाचा और परिवार के अन्य सदस्यों ने वाघेला पर हमला कर दिया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

डीएसपी वीआर बाजपेई ने बीएसएफ जवान की हत्या के मामले में गिरफ्तारियों की पुष्टि की है। डीएसपी ने बताया कि 24 दिसंबर को नदियाड में बेटी के अश्लील वीडियो का विरोध करने पर हत्या कर दी गई थी। इस दौरान पीड़ित जवान का बेटा भी घायल हो गया, उसे अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि बीएसएफ जवान मेल्जीभाई वाघेला की हत्या करने के बाद सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एफआईआर के मुताबिक गुजरात नडियाद तहसील के वनीपुरा गांव के शैलेश उर्फ सुनील जादव ने बीएसएफ जवान वाघेला की बेटी का एक वीडियो बनाया था।

# पति पर अफेयर का झूठा आरोप लगाना भी क्रूरता

## इस आधार पर दिया जा सकता है तलाक- गुजरात हाईकोर्ट



गांधीनगर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। देश में पति-पत्नियों के बीच तलाक के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जरा सी बात पर कपल कोर्ट में तलाक की अर्जी दाखिल कर देते हैं। इसी बीच गुजरात हाईकोर्ट ने तलाक को लेकर एक फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि अगर कोई महिला अपने पति पर झूठा अवैध संबंध का आरोप लगाती है तो यह भी क्रूरता के बराबर ही है। मामला गुजरात का है, जहां एक महिला ने परिवारिक अदालत के उसे उसके पति के तलाक दिए जाने के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। जिसे हाईकोर्ट ने सही बताते हुए महिल की अपील कह्जि कर दी। साथ ही हाईकोर्ट ने कहा कि यह तलाक क्रूरता और परित्याग के आधार पर है, जोकि सही है। मामला गुजरात के साबरकांठा जिले के प्रांतिज तालुका के रहने वाले एक स्कूल टीचर का है। दोनों की शादी साल 1993 में हुई थी। दोनों को 2006 में एक बेटा भी हुआ। पति ने 2009 में गांधीनगर में तलाक के लिए अपील दायर की। अपनी अपील में पति ने पत्नी पर परित्याग और क्रूरता का आरोप लगाया था। उसने कोर्ट को बताया कि पत्नी ने 2006 में अपना घर छोड़ दिया और बेटे को लेकर वापस नहीं आई। इस आधार पर उसे तलाक दिया जाए। पति ने अपनी शिकायत में कहा, उसकी पत्नी ने उसके खिलाफ एक शिकायत दर्ज करू हिया, जिसमें उसने आरोप लगाया है कि उसका अपनी एक सहकर्मी के साथ अफेयर है। लेकिन यह आरोप झूठे हैं। पारिवारिक अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान पति को आपराधिक मामले में बरी कर दिया गया और उनकी पत्नी के द्वारा घरेलू हिंसा कानून के तहत दायर शिकायत को भी अदालत ने खारिज कर दिया। मामले की सुनवाई 2014 तक चली और फैमिली कोर्ट ने पति को तलाक दे दिया। जिसके बाद पत्नी ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी। उसने आरोप लगाया कि उसके पति ने उसे छोड़ दिया। वहीं पति ने कहा कि उसने अपना घर खुद ही छोड़ दिया और जब उसने तलाक के लिए अर्जी दी, तो वह लौट आई। लेकिन उसने उनके और उनकी बुजुर्ग मां के साथ दुर्व्यवहार किया, जिससे उन्हें अपने पुश्तैनी घर को छोड़कर गांधीनगर में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। पारिवारिक कोर्ट के तलाक को फैसले को सही ठहराते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि पति या पत्नी पर अवैध संबंध होने का झूठा आरोप क्रूरता है, और पति को इससे गहरी पीड़ा, निराशा, तनाव और हताशा होना स्वभाविक है। इस आधार पर पति को तलाक दिया जा सकता है।

# वन्यजीवों की मौत का अभयारण्य बना बांधवगढ़, खितौली रेंज में एक और बाघ का शव मिला




उमरिया, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। प्राकृतिक हरियाली और दुर्लभ वन्य जीवों के लिए दुनिया भर में मशहूर राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ में आये दिन हो रही बाघ एवं तेंदुओं की मौत ने वन्यजीव प्रेमियों को चिंता में डाल दिया है। सोमवार को पार्क में एक और बाघ की मौत हो गई। मृत बाघ की आयु लगभग 15 माह बताई गई है, जिसका शव परिक्षेत्र खितौली अंतर्गत गढ़पुरी बीट में पाया गया। गश्तीदल की सूचना पर उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। गढ़पुरी को मिला कर इस वर्ष बांधवगढ़ में होने वाली बाघ की यह सातवीं मौत है। हमेशा की तरह इस बार भी अधिकारी बाघ की मृत्यु टेरीटेरी फाईट के कारण होना बता रहे हैं। उनका कहना है कि किसी बड़े बाघ के हमले में शावक की मौत हुई है। बाघों की तरह पार्क में तेदुओं की भी आये दिन मृत्यु हो रही है। बीते करीब दो महीनो में ही बांधवगढ़ में कम से कम पांच तेदुओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। बाघ की तरह तेंदुआ भी जंगल का बेशकीमती जीव माना जाता है। कभी पार्क में इनकी तादाद काफी ज्यादा थी, लेकिन अवैध शिकार और जंगली जानवरों से फसलों को बचाने के लिये फैलाए जाने वाले करंट से हुई सैकड़ों मौतों के कारण इनका दायरा संकुचित हो गया है। 2022 में पार्क प्रबंधन ने एक दर्जन के आसपास बाघ और तेंदुओं के मारे जाने की पुष्टि की है। हलांकि जानकार इसी संख्या से इत्तफाक नहीं रखते। उनका दावा है कि विगत 11 महीनों में करीब दो दर्जन से भी ज्यादा बाघ और तेंदुओं की मृत्यु हुई है। अधिकारी असली आंकड़े को छिपा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक कई बाघ, तेंदुए और उनके शावक अभी भी लापता हैं।

# भोपाल का प्रेमी जोड़ा ग्वालियर में पकड़ा

## दिल्ली भागे, पैसे खत्म हुए तो बिना टिकट ट्रेन में पकड़े गए

ग्वालियर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। एक नाबालिग प्रेमी जोड़ा घर से तो भाग आया, लेकिन दिल्ली पहुंचने के बाद उसके पैसे खत्म हो गए। पैसे खत्म हुए तो प्यार का भूत भी उतर गया। दोनों ने बिना टिकट भोपाल लौटने का फैसला किया। अभी वह दिल्ली से ग्वालियर पहुंचे ही थे कि ट्रेन में टीटीई ने उन्हें बिना टिकट पकड़ लिया। यह प्रेमी जोड़ा भोपाल का है और चार दिन पहले वहां से भागकर दिल्ली पहुंचा था। ग्वालियर में जीआरपी (गवर्नमेंट रेलवे पुलिस) ने नाबालिग प्रेमी जोड़े को निगरानी में लिया। इसके बाद भोपाल पुलिस से संपर्क कर दोनों बच्चों को उनके परिजन के सुपुर्द कर दिया है। प्रदेश के भोपाल शहर से अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाला एक नाबालिग प्रेमी युगल चार दिन पहले परिवार की नाराजगी के चलते भाग आया था। प्रेमी युगल भोपाल से सीधे दिल्ली पहुंचा। प्रेमी युगल ने दिल्ली में चार दिन में जमकर पैसा खर्च किया। जब पैसे खत्म हो गए तो दोनों के प्यार का भूत उतर गया और वह वापस भोपाल लौटने का प्लान बनाकर दिल्ली स्टेशन से पठानकोट एक्सप्रेस में सवार हो गए। उनके पास टिकट खरीदने के लिए भी पैसे नहीं बचे थे इसलिए वह केरला एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में बिना टिकट सवार हो गए। आगरा से ग्वालियर के बीच टीटीई चेकिंग के दौरान बिना टिकट सफर कर रहे प्रेमी युगल को पकड़ लिया गया। टीटीई ने उन्हें आरपीएफ के सुपुर्द किया। इसके बाद आरपीएफ ने दोनों को आगे की कार्रवाई के लिए ग्वालियर स्टेशन पर जीआरपी के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद जीआरपी ने भोपाल पुलिस से संपर्क कर नाबालिग युगल के परिजन की तलाश की। दोनों को बारे में पता लगा कि वहां अलग-अलग थानों में उनकी गुमशुदगी दर्ज थी। दोनों भोपाल के अलग-अलग क्षेत्र के रहने वाले थे। जब परिजन को उनके मिलने का पता लगा तो वह ग्वालियर पहुंचे और दोनों बच्चों को लेकर अपने-अपने घर निकल गए हैं। भोपाल पुलिस के साथ युगल प्रेमी के परिजन आए थे। जीआरपी थाना प्रभारी बबिता कठेरिया ने बताया कि ट्रेन में मिले प्रेमी युगल नाबालिग था। दोनों के बारे में पता किया तो जानकारी मिली कि लड़की शाहपुरा और लड़का अशोका गार्डन थानाक्षेत्र के रहने वाले हैं। वहीं दोनों की गुमशुदगी दर्ज थी। पुलिस से संपर्क किया तो दोनों के परिजन पुलिस के साथ आए और उनको ले गए।

# ओडिशा के होटल में खिड़की से गिरकर पुतिन के आलोचक की मौत



भुवनेश्वर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के रायगढ़ से एक बेहद हैरान कर देने वाली खबर सामने आ आई हैं। यहां भारत घूमने आए दो रूसी पर्यटकों की एक हफ्ते के अंदर मौत हो गई। बताया गया है कि रूस के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले नेता पावेल एंतोव की शनिवार को ओडिशा के एक होटल में अपने कमरे की खिड़की से गिर कर मौत हुई। इससे दो दिन पहले यानी गुरुवार को ही उनके एक दोस्त की भारत में ही पार्टी के दौरान हार्ट अटैक से जान गई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि पावेल एंतोव रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की समर्थक पार्टी से जुड़े रहे हैं। हालांकि, यूक्रेन से युद्ध शुरू होने के बाद वे कई मौकों पर पुतिन की आलोचना कर चुके थे। एंतोव रूस के व्लादिमीर क्षेत्र से सांसद थे और 2019 में रूस के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले नेता थे। वे भारत में अपना 65वां जन्मदिन मनाने पहुंचे थे। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, एक होटल की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद एक एंतोव की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 65 वर्षीय पावेल एंतोव शनिवार को होटल के बाहर खून से लथपथ मिले थे। वहीं उनके सह-यात्री व्लादिमीर बिडेनोव 22 दिसंबर को उसी होटल में मृत पाए गए थे। वह होटल की पहली मंजिल पर अपने कमरे में बेहोशी की हालत में पड़े थे और उनके पास शराब की कुछ खाली बोतलें थीं। जिला अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। व्लादिमीर और पावेल रूसी पर्यटकों के चार सदस्यीय समूह का हिस्सा थे, जिन्होंने अपने गाइड जितेंद्र सिंह के साथ बुधवार को रायगढ़ शहर के होटल में चेक इन किया था। पावेल की मौत पर एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह आत्महत्या का मामला लग रहा है।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 28 दिसंबर, 2022

# पेपरलीक्स आखिर कब तक

राजस्थान हो या यूपी-बिहार या फिर कोई अन्य प्रदेश। हर जगह पेपर आउट करने वाले माफिया सक्रिय हैं। सरकार के लाख कोशिश के बाद भी ये पेपर लीक कैसे कर लेते हैं अब तो यह भी शोध का विषय हो गया है। अपना भविष्य बर्बाद होने के डर से युवाओं की तकलीफ सिर्फ समझी ही जा सकती है। देखा जाए तो किसी परीक्षा से पहले ही प्रश्न-पत्र के बाहर आ जाने का मुख्य कारण संबंधित अधिकारियों की लापरवाही ही होती है। ऐसी घटना को यदि सरकारी व्यवस्था में चूक माना जा रहा है तो इससे सबक लेकर इतना चाक चौबंद इंतजाम किया जाए कि भविष्य में दोबारा पेपर लीक न होने पाए। इसके लिए जरूरी है कि जो भी इसमें दोषी पाया जाए उसे कडी से कडी विधिसम्मत सजा भी दी जाए, जो एक नजीर बने। कोफ्त होती है परीक्षा के पहले परचा लीक होने की देश भर में अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं, इसके बावजूद सरकारें तब तक चैन से बैठी हैं। जैसे इनके लिए पेपर लीक मामला कुछ है ही नहीं। परचा आउट होने के बाद अक्सर यही आश्वासन दिया जाता है कि सरकार इसके खिलाफ सख्त कदम उठाएगी। सरकार ने क्या कदम उठाया यह तो पता नहीं चलता, लेकिन कुछ वक्त बाद फिर कहीं न कहीं पेपर लीक मामला उजागर हो जाता है। राजस्थान लोक सेवा आयोग की द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में सामान्य ज्ञान परीक्षा को एहतियात के तौर पर रद्द करना पड़ा, क्योंकि प्रश्न-पत्र पहले ही माफिया के हाथ लग गया था और वे अभ्यर्थियों से मोटी रकम वसूल कर उन्हें एक स्पेशल बस में बिठाकर पेपर साल्व करा रहे थे। प्रश्न-पत्र के बाहर आ जाने के बाद सरकार के पास सबसे सरल समाधान यही होता है कि संबंधित परीक्षा को रद्द कर दे। राजस्थान में भी यही उपाय अपनाया गया। लेकिन सरकार यह क्यों नहीं समझती कि इससे उन अभ्यर्थियों पर क्या और कैसा असर पड़ता होगा, जिन्होंने कडी मेहनत से परीक्षा की तैयारी की होती है। इसी परीक्षा के जरिए वे अपना भविष्य संवारने की कोशिश में लगे होते हैं? राजस्थान सरकार का कहना सही है कि जिस परीक्षा का पर्चा पहले ही बाहर आ गया, उसे रद्द करना इसलिए जरूरी है कि किसी अन्य युवा के साथ अन्याय न हो और सरकार दोषियों को सख्त सजा दिला सके। अब सवाल है कि राजस्थान में परीक्षा के पहले ही प्रश्न-पत्र माफिया और इसका कारोबार करने वाले गिरोहों के हाथ लग जाने का एक लंबा सिलसिला-सा चला आ रहा है। ताज्जुब है कि बार-बार ऐसी घटना होने के बावजूद इस समस्या पर काबू पाने में सरकार नाकाम रही है! हालत यह है कि उदयपुर में एक बस में बैठ कर कुछ परीक्षार्थी बाहर आए प्रश्न-पत्र को हल कर रहे थे। यानी बेहद संगठित और योजनाबद्ध रूप से इस चोरी को सरेआम अंजाम दिया जा रहा था और सरकारी तंत्र को पहले इसकी भनक तक नहीं लग सकी थी। जनरल नालेज के प्रश्न-पत्र बाहर आने की ताजा घटना के संदर्भ में पुलिस ने पचपन लोगों को पकड़ा है, लेकिन यह इसका स्थायी हल नहीं माना जा सकता है। देखा जाए तो यह लंबे समय से चली आ रही अनेक घटनाओं की एक कड़ी भर है। एक प्रश्न-पत्र का रद्द होना कई बार अभ्यर्थियों के भीतर असुरक्षा और अस्थिरता की भावना पैदा कर देता है और इसका असर बाकी पत्रों पर भी पड़ता है। विडंबना यह है कि राजस्थान में इस तरह की घटना पिछले कुछ सालों के दौरान कई बार हो चुकी है और हर बार सरकार का आश्वासन और दावा यही होता है कि आगे ऐसा नहीं होगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यह कह कर पल्ला झाड लिया कि परचा लीक करने वाले गिरोह पूरे देश में फैले हुए हैं, नतीजतन ऐसी घटनाएं कई राज्यों में होती रहती हैं। सवाल है कि इस तरह की सफाई क्या व्यवस्था में हुई चूक को लेकर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश नहीं है? जरूरत इस बात की है कि परीक्षा के समूचे तंत्र को ऐसा बनाया जाए, जिससे प्रश्न-पत्र के पहले ही बाहर आने की गुंजाइश न बने और कुछ लोगों के भ्रष्टाचार की वजह से लाखों विद्यार्थियों या अभ्यर्थियों का पूरा एक साल बर्बाद हो जाता है अलग से ।

# कोरोना से डरें नहीं,हां सतर्कता अनिवार्य



नवीन जैन

ये तो दुखद है कि चीन में जानलेवा कोरोना की अगली लहर ने अस्पतालों ,श्मशान घाटों , दवा की दुकानों में लंबी कतारें लगवा दीं हैं। अमेरिका ,जर्मनी ,जापान ,साउथ कोरिया,ब्राजील सहित कुछ अन्य देशों में भी चीन के कई शहरो से निकले कोरोना ओमिक्रोन के संकट का अलार्म बजाना शुरू कर चुके है । ऐसे में सवाल है कि फिलहाल भारत की स्थिति क्या है ,और देश में हालात फिर बिगड़े ,तो हर दृष्टि से हम कितने तैयार है ,क्योंकि चीन ने लगभग अड़तीस हजार वर्ग किमी लंबी जमीन 1962 के युद्ध में हमसे छीन रखी है ।जहां वह गांव बसा रहा है । विभिन्न मीडिया की ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार केंद्र सरकार ने कहा है कि भारत से कोरोना वायरस अभी गया नहीं है ।इसलिए फिलहाल डरने की जरूरत नहीं है ।यह निष्कर्ष हाल में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक का रहा।बैठक में भारत में नए वेरिएंट बि, एफ 7 पर भी चर्चा हुई और पाया गया कि गुजरात में दो और उड़ीसा में एक उक्त वेरिएंट मिला है ।यह बात समझ में नहीं आती कि गुजरात में जब अक्टूबर माह में ही जब दो पॉजिटिव केस पकड़ाए गए तो, सरकार अभी तक चुप क्यों रही। एक वरिष्ठ अधिकारी का तो कहना यहां तक है कि ऑमिक्रोन वेरिएंट पहुंच चुका है जिनमें से ज्यादातर को टीके लग चुके है। याद रहे कि भारत के केरल राज्य में पहला ,और फिर सैकड़ों कोरोना संक्रमित मरीज चीन से ही लौटे थे ,जो वहां मेडिकल की पढ़ाई करने गए थे। अजीब बात है कि भारत में कभी लाशों का अंबार लगा देने वाली महामारी कोरोना सालों पहले फैली एक अन्य महामारी प्लेग (काली मौत) की तरह ही वहां के वुहान प्रांत से फैली थी। वैसे ,आधिकारिक रूप से कहा जा रहा है कि भारत में एक्टिव कोरोना पेशेंट की संख्या 3400 के आस पास ही बची है ,लेकिन एक खबर यह भी है कि भारत में प्रति सप्ताह 158 केस चिन्हित किए जा रहे है। इसलिए हमें याद रखना होगा कि चीन के ही विशेषज्ञों ने कहा है कि एक कोरोना करियर चौदह अन्य स्वस्थ लोगों को कोरोना की जद में ले सकता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि कोरोना से सम्बन्धित सार्स _कोव _2वायरस लगातार मूव करता रहता है ,लेकिन शायद इसी कारण इसकी घातक क्षमता कम होती जाती है।फिलहाल कोरोना के विभिन्न रूपों के बारे में विस्तार चर्चा न भी करें ,तो भारत के लिए चिंता की बात यह है कि लाख सरकारी घोषणाओं के बाद भी चीन से हमारे व्यापारिक संबध पहले से डेढ़ गुना बढ़े हैं ,जिसमें आयात ( पतंग ,और उसके मांजे तक )बढ़ा है।उधर ,चीन सरकार जोखिम पर जोखिम लिए जा रही है। उसने भारत सहित दुनिया की सौ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या प्रतिदिन सौ से बढ़ा कर दो हजार तक करने की योजना बनाई है और घरेलू उड़ानों को भी बढ़ाता जा रहा है । चीन तो यहां तक कह रहा है कि कोरोना से अभी तक हमारे यहां कोई नहीं मरा। चीन से भारत का बढ़ता आयात निर्यात चिंता का सबब है ही। साथ ही इसी कारण जापान ,जर्मनी ,अमेरिका और ब्राजील में कोविड़ का नया विस्फोट हुआ है जिसके कारण वहां लॉकडाउन के हालात बन रहें हैं। एक आंकड़े के अनुसार अकेले जापान में पिछले एक हफ्ते में दस लाख से ज्यादा नए मामले चिन्हित किए गए है।साउथ कोरिया में चार लाख पचास हजार के करीब आए नए मामलों ने हड़कंप मचा दिया। एक आंकड़ा तो यह भी कहता है कि अकेले चीन में अक्टूबर के बाद दस लाख के आसपास लोगो की मौत हुई है। शवों को दाह संस्कार के लिए बोरों में भरकर ले जाया गया है। यह आंकड़ा भारत की स्वास्थ्य सेवाओं की नींद उड़ा देने वाला है। कोरोना महामारी के विशेषज्ञ एरिक फेगल डिंग का कहना



है कि चीन में कोरोना की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। यदि अन्य देशों ने सतर्कता बरतने में जरा भी कोताही की गई तो यह नया वायरस संक्रमण की जद में कई देश आ सकते है। अब सवाल यह उठता है कि क्या कोरोणा का नया वायरस एयर बोर्न (हवा के साथ चलने वाला) या हवा में ही पैदा होने वाला है? भारत के स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया का कहना है कि भारत में फिलहाल महामारी को लेकर किसी सख्ती की योजना नहीं है ।अगर देश में संक्रमण फैलता है तो हमारी स्वास्थ्य सेवाएं उससे निपटने में सक्षम है।नेशनल कोविद टास्क फोर्स के चेयरमैन डॉक्टर एन,के,अरोड़ा कहते है कि भारत में फिलहाल अपेक्षाकृत चैन और हंसी खुशी का माहोल है। इसी तरह सी, एम, सी,वेल्लोर की प्रोफेसर डॉक्टर गगनदीप कंग , जो वायरो लोजिस्ट भी है का कहना है कि आप कह सकते है कि भारत में करीब छह महीने से महामारी का चरण समाप्त हो गया है। अभी तक हमने इसमें कोई इजाफा या अस्पतालों में भर्ती के लिए मारा मारी नहीं देखी गई ।मतलब भारत फिलहाल सेफ जोन में है। लेकिन विशेषज्ञ यह भी कहते है कि हमे हाई अलर्ट पर रहना चाहिए ।इस नए वेरिएंट से संक्रमित होने वाले मरीजों के लक्षण लगभग पुराने ही हैं। इनमें आक्सीजन की कमी , फेफड़े की बीमारी ,गले में तकलीफ ,सिरदर्द ,नाक बहना,छींक ,खांसी , और आवाज में करकष्टा है। कुछ अन्य अज्ञात लक्षण भी हो सकते हैं। सिरम इंस्टीट्यूट के उपाध्यक्ष आदार पुणे वाला का कहना है कि भारत हाल _,फिलहाल ,तो सेफ जोन में है । पैनिक में आने की कोई ज़रूरत नहीं है। इसके बावजूद केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों को अलर्ट रहने को लेकर पत्र लिख दिया है। देश में जब कोविड पीक पर था ,तभी एम्स के निदेशक डॉक्टर रणदीप गुलेरिया ने कह दिया था कि उक्त महामारी से अधिकांश मौतें तो पैनिक उर्फ़ घबराहट में आने से हुई । कई मरीज ,तो पेरोसिटेमॉल ड्रग , सिरप ,और घरेलू नुस्खों से ठीक हो सकते थे ,लेकिन याद रहे कि दूध का जला छाछ भी फूंक फूंक कर पीता है। मतलब है कि भारत में पहली लहर के बाद दूसरी के लिए अनिवार्य सावधानियां ही नहीं बरती गई ।परिणाम हुआ कि श्मशान घाटों के बजाय फुटपाथों पर पेट्रोल डालकर दाह संस्कार किया गया या शवों को नदियों के हवाले करना पड़ा । यह बात अलग है कि केंद्र सरकार इन तथ्यों की अनदेखी करती रही।इस संबंध में अमेरिका , जहां अब तक सबसे ज़्यादा तबाही मची के राष्ट्रपति जो. बाइडेन की एक घोषणा की भी इस बीच जमकर आलोचना हुई । बाइडेन ने अक्टूबर में ही ऐलान कर दिया था कि महामारी समाप्त हो गई।लेकिन, फिर अमेरिका में इसलिए नब्बे दिन की मियाद देते हुए पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी बढ़ानी पढ़ी क्योंकि बी एफ 7और एक्स बी बी सरीखे नए म्यूटेशंस ने दस्तक देनी शुरू कर दी। दुनिया का 70 फीसद हिस्सा टीके लगवा चुका है। भारत में 18 अक्टूबर तक तीन लाख टीके लगाए गए जिनमें अधिकांश एहतियातन थे। कहा जाता है कि कोविड् 19 ने याद दिलाया कि धूल के एक मामूली कण से भी 2000 गुना छोटा एक अति सूक्ष्म वायरस दुनिया को गोता खिला सकता है लेकिन खास तौर पर भारत ने दिखा दिया कि इस महामारी से लड़ने में तो वह दुनिया का लीडर ही रहा और यह सामूहिक प्रयासों से ही मुमकिन हो सका ।जरूरत इस बात की है कि घबराहट में न आया जाए ।जहां तक हो सके भीड़ भड़क्के से बचा जाए ।खासकर सोशल मीडिया की अफवाओं और उलजलूल सलाहों से दूर रहा जाए।अस्पतालों में बेड तैयार रखे जाएं और सबसे ज्यादा जरूरी है ऑक्सिजन की कहीं कमी नहीं रहने दी जाए और मास्क को नियमित जीवन प्रणाली में शामिल कर लेने से फायदे ही फायदे है,नुकसान तो एक भी नहीं।

# हिंदी भी पकड़े अंग्रेजी वाली राह

इडली और समोसा देश के कोने-कोने में लोकप्रिय हैं। क्या आपको पता है कि ये विदेशियों की देन हैं? समोसा हमारे यहां मध्य एशिया से आया और इडली इंडोनेशिया से। ऐसे उदाहरण कई हैं; भारत में आलू और मिर्च आए दक्षिण अमेरिका से, चाय और लीची चीन से। सामान्य भारतीयों ने इन 'विदेशी' व्यंजनों को सहर्ष अपनाया। क्या आप इनके बिना भारतीय भोजन की कल्पना कर सकते हैं?

अब भोजन से परे, भाषा की बात करते हैं। भारत जैसे देश में जहां सैकड़ों भाषाएं बोली जाती हैं, भाषा बेहद भावनात्मक विषय है। पिछले सौ-दो सौ सालों में भारत में भाषा को लेकर कई आंदोलन हुए हैं। अधिकांश आंदोलनों की यह मांग रही है कि कोई, विशेषकर केंद्र सरकार, हम पर भाषा ना थोपे। भाषाई साम्राज्यवाद का डर हर भाषा समूह को सताता है।

अंग्रेजों ने हम पर शासन तो किया ही, हमारी संपत्ति भी लूट कर ले गए। यहां तक कि 'लूट' शब्द भी अपनी भाषा में समाहित कर लिया। इसके अलावा भी बहुत से शब्द अपनाए। चंपी से आया शैंपू, बंगला बन गया बंगलो और बरामदा से आया वेरांडाह। बिरयानी जरूर बिरयानी ही रही, जंगल भी जंगल ही रहा। लेकिन खाट बन गया काट और जगन्नाथ बना जग्गरनॉट। ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी में सैकड़ों भारतीय मूल के शब्द हैं और हर वर्ष दर्जनों इसमें शामिल होते हैं। अंग्रेजी भाषा तो कभी संकट में आई नहीं, वह तो और भी समृद्ध हो रही है। हर साल पूरी दुनिया में करोड़ों लोग अंग्रेजी सीखने के लिए मेहनत करते हैं।

हिंदी ने भी अंग्रेजी के भरपूर शब्द अपनाए हैं। हम में से अधिकांश लोग पेन से लिखते हैं, कलम से नहीं। ट्रेन से चलते हैं। कप से चाय पीते हैं। सुबह टूथपेस्ट से ब्रश कर हम ऑफिस जाते हैं। साथ में खाने के लिए सैंडविच ले जाते हैं अपने टिफिन बॉक्स में। बॉस कभी-कभी हमें अपने साथ कॉफी या जूस पिलाता है और ज्यादा खुश हुआ तो अपनी कार में बैठा कर सिनेमा ले जाता है। आपको इस दिनचर्या के विवरण में कुछ अटपटा तो नहीं लगा न? आम दिनचर्या है। पर जरा ध्यान से दोबारा पढ़ें। इन वाक्यों में कई शब्द अंग्रेजी के हैं। लगभग सारी महत्वपूर्ण संज्ञाएं।

अटपटा इसलिए नहीं लगता कि हम लोगों ने, जो औसत हिंदीभाषी हैं, इन शब्दों को सहर्ष अपना लिया है। सिर्फ अंग्रेजी से ही नहीं, भारत की अन्य भाषाओं से भी हिंदी में शब्द आए हैं। 'वांग्मय', 'प्रगति', 'दलित' शब्द मराठी से आए। बांग्ला से 'गल्प', 'संभ्रांत', 'आपत्ति' और 'अभिभावक'। द्रविड़ भाषाओं से भी कई शब्द आए। तमिल में सब्जी को कारी कहते हैं, और पुराने कन्नड़ में करी। इसी से हमारी तरकारी आई। इलाइची, शिकाकाई, काला, मोर शब्द भी दक्षिण से ही आए हैं हिंदी में।

एक विद्वान हुए थे, आचार्य रघुवीर। भाषाविद, भारतीय संविधान सभा के सदस्य और कोशकार। उन्होनें डेढ़ लाख, जी हां डेढ़ लाख शब्दों का वैज्ञानिक और अन्य तकनीकी शब्दों का ईजाद किया। इसे ईजाद ही कहेंगे। उनका मानना था कि संस्कृत से हर चीज के लिए शब्द बन सकते हैं, पर उन्हें आंशिक सफलता ही मिली। सरकारी तंत्र ने तो उनके शब्द अपना लिए, पर आम हिंदीभाषी जनता ने इन्हें पूरी तरह नकार दिया। आचार्य ने सीमेंट को नाम दिया था वज्रचूर्ण, ब्रश को कूर्च, ट्रेन को संयान और सिगरेट को धूम्रवर्तिका। अब समझ गए न कि लोगों ने इन शब्दों को क्यों नकारा! पर शायद इन्हीं महानुभाव के कारण मुझे बीएचयू से धातुकीय अभियांत्रिकी की डिग्री मिली। मैकेनिकल वालों को यांत्रिकी अभियांत्रिकी की डिग्री मिली।

प्रख्यात विद्वान भगवान सिंह लिखते हैं, 'कई बार कवियों और विद्वानों को यह भ्रम रहता है कि वे नए शब्द गढ़ सकते हैं। अच्छा कवि या रचनाकार शब्द नहीं गढ़ता, वह उपलब्ध शब्दों के अर्थ और संयोजन से खेलता हुआ एक नया चमत्कार करता है। जब भी विद्वानों को शब्द गढ़ने का काम सौंपा गया, उन्होंने ऐसी शब्दावली गढ़ी कि उनके प्रचलन के बाद भाषा का सत्यानाश हो गया।

तो शब्द आखिर गढ़ता कौन है? भगवान सिंह के अनुसार, 'किसी भाषा-भाषी समाज की पूंजी उसकी शब्दसंपदा के भीतर समाहित होती है। परंतु ज्ञान का विस्तार नई वस्तु, तकनीक, खोज और आविष्कार से जुड़ा होता है। शब्द वे गढ़ते हैं जो इनका उत्पादन, विकास या आविष्कार करते हैं।'

भाषा विज्ञान के जानकार अभिषेक अवतंस नीदरलैंड की लेडेन यूनिवर्सिटी में पढ़ाते हैं। उनका मानना है कि हिंदी के 'सरकारीकरण' से भाषा में कृत्रिमता आई है। हिंदी की जो अपनी पहचान थी, उसको सरकारीकरण ने नष्ट कर दिया। कई आम लोग जो हिंदी में ही बात करते हैं, वे भी सरकारी हिंदी समझ नहीं पाते और कई सारी चीजों से वंचित रह जाते हैं।' मिसाल के तौर पर वे आवेदन प्रपत्र (एप्लिकेशन फॉर्म) की चर्चा करते हैं। इसमें आपको कई ऐसे शब्द मिल जाएंगेः अभिप्रमाणित (attested), अभ्यर्थी (candidate), अनुक्रमणिका (sequence), सत्यापित (verified), संलग्न (attached)। एक सामान्य हिंदीभाषी के लिए भी इन्हें शब्द समझना मुश्किल है। आप भाग्यशाली हैं तो शायद उसी फॉर्म में आपको अंग्रेजी में भी यह दिख जाएगा। अक्सर लोग अंग्रेजी पढ़कर हिंदी शब्द का मतलब समझते हैं।


अभिषेक अवतंस का कहना है कि राजनेता, जिनका जनमानस से जुड़े रहना अति आवश्यक है, भाषा की नब्ज पहचानते हैं। मसलन, बीजेपी का कामयाब चुनावी नाराः 'मोदी हैं तो मुमकिन है'। मुमकिन तो अरबी का शब्द है, इसकी जगह वे 'संभव' भी कह सकते थे। कोई भी भाषा एक जीती-जागती चीज है। इसे आप बांध कर रख दें तो कुछ समय के बाद यह मृतप्राय हो जाएगी। हिंदी खुद को संवारने में सक्षम है, अन्य भाषाओं से शब्द सहर्ष स्वीकार करती है और अपना बना लेती है।हम आम हिंदी भाषियों को 'पेट्रोल' वाली 'बस' में 'टिकट' लेकर घूमने में ही मजा आता है! हम तो ऐसे ही हैं भइया!

# अटलजी की गांधी करे सम्मान, पांधी करे अपमान

अटलजी की समाधि पर राहुल गांधी ने फूल क्या चढ़ाए, राजनीतिक कोहराम मच गया। भारतीय राजनीति को इस तरह के कृत्यों का सम्मान करना चाहिए। लेकिन भाजपा के कुछ नेता कह रहे हैं कि राहुल दिखावा कर रहे हैं। दूसरी तरफ़ कांग्रेस के ही एक नेता राहुल के किए कराए पर पानी फेरने को तुल जाते हैं। जब राहुल अटलजी की समाधि पर फूल चढ़ा रहे थे, कांग्रेस नेता गौरव पांधी अटलजी पर जघन्य आरोप लगा देते हैं। कहते हैं- 1942 में जनसंघ ने अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन का बहिष्कार किया था और अंग्रेजों के लिए जासूसी की थी। इन नेताओं में अटलजी भी शामिल थे। कांग्रेस कोआर्डिनेटर पांधी के इस बयान पर उनकी पार्टी कोई कार्रवाई भी नहीं करती। इसका क्या मतलब समझा जाए? सीधी सी बात है- कांग्रेस को अपने ही पाँव पर पत्थर पटकने की आदत हो गई है। कोई अच्छा काम पार्टी में होता है तो पार्टी के ही नेता उस पर पलीता लगाने में जुट जाते हैं। पांधी ने भी यही किया है। इस देश के राजनीतिक सौहार्द की मिसाल यह है कि उत्तर प्रदेश के द्वितीय मुख्यमंत्री रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संपूर्णानंद, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और समाजवादी राम मनोहर लोहिया में इस तरह का सामंजस्य था कि एक- दूसरे से अपना मेनीफेस्टो तक लिखवाने में गुरेज़ नहीं करते थे। खुद अटलजी जब बलरामपुर से जीतकर आए तो नेहरूजी ने कुछ नेताओं से उन्हें मिलवाया और कहा कि ये लड़का बहुत ही अच्छा बोलता है। आगे चलकर देश का प्रधानमंत्री बन सकता है।

जहां तक अपमान की बात है तो सबसे ज़्यादा अपमान तो कांग्रेस ने अपने ही नेताओं का किया है। 2004 में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर जब मंत्री बने तो शपथ के बाद उन्होंने वहाँ मौजूद अटलजी के पैर छू लिए। कांग्रेस नेतृत्व को यह बात इतनी नागवार गुजरी कि मणिशंकर अय्यर को हाशिए पर डाल दिया गया। आलाकमान की नाराज़गी का ज़िक्र खुद मणिशंकर ने अटलजी को लिखी एक चिट्ठी में किया था। यही नहीं, पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंहराव का शव आधे घंटे तक कांग्रेस मुख्यालय के सामने रखा रहा, लेकिन गेट नहीं खोले गए। आख़िर राव का अंतिम संस्कार हैदराबाद में करना तय हुआ। अटलजी के स्वभाव और देश के लोगों में उनकी अपार श्रद्धा का उदाहरण यह है कि एक बार उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे रोमेश भण्डारी के फ़ैसले के विरोध में अटलजी धरने पर बैठ गए थे। दो- तीन घंटे में ही अटलजी के धरने की खबर फैल गई और यहाँ- वहां दंगे शुरू हो गए थे। इसे देखकर अटलजी ने धरना ख़त्म कर दिया, तब जाकर शांति हुई। जहां तक भाजपा का सवाल है, उसके नेता तो पांधी का बयान आने से पहले भी राहुल की निंदा में जुट गए थे। वे कह रहे थे कि यह सब दिखावा है। कुछ कह रहे थे उदारवादी हिन्दुओं के वोट बटोरने के लिए राहुल, अब अटलजी के प्रति श्रद्धा जता रहे हैं। पार्टी, वोट ये सब अलग हैं लेकिन एक- दूसरे का सम्मान तो होना ही चाहिए, चाहे आप किसी भी पार्टी के हों, किसी भी संगठन से आते हों!

# निठल्लागिरी में संभावनाएं



रेखा शाह आरबी

जिस प्रकार हमारे देश की नब्बे प्रतिशत आबादी को आजकल अपने जीवन स्तर से शिकायत है वैसे ही निखट्टू मल को भी आजकल अपने जीवन से बहुत ही शिकायत है उन्हें लगता उन्हें वह सब नहीं मिला जिसके वह हकदार थे । नसीब ने उनके संग बहुत बड़ा अन्याय कर दिया और उन्होंने अपने जीवन के बहुत सारे साल व्यर्थ ही जाया कर दिए जिन सालों को अपने जीवन और भविष्य को संवारने के लिए संपत्ति के जैसे बचा बचा कर खर्च करना चाहिए था उसे उन्होंने टके सेर भाजी के रूप में खर्च कर दिया। निखट्टू मल पहले लेखक हुआ करते थे वह अपने नियमित कार्य से बहुत ही ऊब चुके हैं एक तो उन्हें दिनभर लिखना पड़ता है ऊपर से फिर दिन-रात पढ़ना पड़ता है उसके बाद उन्हें समाचार पत्रों को भेजना पड़ता है उस पर भी कोई समाचार पत्र कभी छापता है कभी संपादक का मूड बिगड़ा हुआ रहता है तो डिजिटल कचरा पेटी डिलीट बॉक्स में उनकी रचना को ऐसे फेंक देता है। जैसे कोई कचरा वस्तु हो और इस देश में बेगारी वाला काम सबसे ज्यादा लेखक ही करता है अतः वह फोकटिया मजदूरी वाले काम को नहीं करने का अब पूरी तरह मन बना चुके हैं । अब भाग्य और सौभाग्य भी तो कोई चीज है और हर किसी के भाग्य में तो नहीं है कि सोने का चमचा लेकर मुंह में पैदा हो अब पैदा होना या नहीं होना अपने हाथ में किसके हैं अगर ऐसा सिस्टम ऊपर वाले बना दे तो सारा सिस्टम ही गड़बड़ा जाएगा कुछ नेताओं के बच्चों की संख्या तो लाखों करोड़ों में पहुंच जाएगी और कुछ धन पतियों के यहां तो पूरा देश बस जाएगा इस देश में सबको बिना किए धरे विरासती राजगद्दी चाहिये दुनिया भर की सुख सुविधाएं उसके बिना कहे हाजिर हो जाए चाहिए लेकिन चीजों पर उनका कोई जोर नहीं चलता है ना चलने की संभावना है। अब तो निखट्टू मल का निठल्लागिरी करने का मन कर रहा है इस देश मे निठल्ला गिरी ही ऐसी चीज है जिसमें करना कुछ नहीं और रंग भी चोखा आता है अब तो निखट्टू मल को निठल्लागिरी में ही संभावनाएं नजर आ रही हैं इसी संभावना के चलते तो अपने देश में गली गली में बाबा और नेता पैदा होते हैं जितनी संभावना इस रोजगार में है उतनी संभावना तो किसी और रोजगार में है ही नहीं । चल गए तो लाखों-करोड़ों नहीं चले फिर भी काम चलाऊ तो चल ही जाता है बस किसी स्थापित का पूछ पकड़ लीजिए बैतरणी के पार तो भक्त पहुंचा ही देते हैं। और निठल्लागिरी करने के लिए वह सबसे पहले किसी बाबा टाइप के महान आत्मा को खोज रहे हैं ऐसे अपने देश में बाबाओं की लंबी लाइन लगी हुई है लेकिन वह ऐसे बाबा को खोज रहे हैं जो सरस्वती के द्वारा भले ही आशीर्वाद न प्राप्त किए गए हो लेकिन लक्ष्मी माता पूर्ण कृपालु हो ताकि आगे चलकर उन्हें विरासत में इतना कुछ तो मिले कि वह भी अपने विरासत में कुछ छोड़ने लायक हो जाए। वैसे भी हमारे देश में बाबाओं की चरण वंदना करने का इतिहास बहुत पुराना है अब तो पूरी उम्मीद है किसी न किसी बाबा के चेले बनकर निठल्ला गिरी करने का आनंद निखट्टू मल को मिल ही जाएगा और उनका जीवन भी संवर जाएगा आशा और उम्मीद पर तो दुनिया चल रही है और सबसे ज्यादा तो अपना देश चल रहा है। अपने देश में जितने सपने बिकते हैं उतने तो सामान नहीं बिकते पूरी पूरी उम्मीद है कि निखट्टू मल के सपने भी नहीं टूटेंगे कहीं ना कहीं वह

# ये दोनों थे, विलक्षण प्रधानमंत्री



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

25 दिसंबर श्री अटलबिहारी वाजपेयी का जन्म-दिवस है और 23 दिसंबर को नरसिंह राव जी और स्वामी श्रीद्धानंद जी पुण्यतिथि थी। इन तीनों महानुभावों से मेरी व्यक्तिगत और आध्यात्मिक घनिष्टता रही है। स्वामी श्रद्धानंद आर्यसमाज और कांग्रेस के बडे नेता थे। उन्होंने ही देश में गुरुकुल व्यवस्था को पुनर्जीवित किया, जिसका गुणगान नरेन्द्र मोदी ने कल ही किया है। उनकी गणना स्वातंत्र्य संग्राम के सर्वोच्च सेनानियों में होती है। उन्होंने भारत की शिक्षा-व्यवस्था और हिंदी प्रत्रकारिता के क्षेत्र में अपूर्व प्रतिमान कायम किए हैं। 23 दिसंबर 1926 को एक मूर्ख मजहबी ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी । वे विद्वान , तपस्वी तथा त्यागी संन्यासी थी। वैसे ही आर्यसमाजी परिवार में श्री अटलबिहारी वाजपेयी ने जन्म लिया था। अटलजी और नरसिंह राव जी मेरे अभिन्न मित्र रहे। दोनों से मेरी लगभग 50 साल का संबंध रहा । दोनों के जन्मदिन पर (25 दिसंबर व 28 जून ) हमारा भोजन साथ-साथ होता था। दोनों प्रधानमंत्री भी बने लेकिन दोनों के स्वभाव में मैंने कोई खास परिवर्तन नहीं देखा। वैसे देश में अब तक जितने भी प्रधानमंत्री हुए , नेहरूजी और शास्त्रीजी के अलावा सभी से मेरा सीधा संबंध रहा है। मैं ऐसा मानता हूं कि अब तक के सभी प्रधानमंत्रियों में चार प्रधानमंत्री विशेष हुए । जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी , नरसिंह राव और अटलजी अन्य प्रधानमंत्री भी अपने कुछ विशेष योगदानों के लिए जरूर जाने जाएंगे लेकिन या तो उन्हें अवधि बहुत कम मिली या फिर वे मजबूरी में अपने पद पर बने रहे । ऐसा नहीं है उक्य चारों प्रधानमंत्रियों से गलतियों नहीं हुईं। उनसे भयंकर भूलें भी हुई हैं। लेकिन उनका योगदान एतिहासिक रहा । वर्तमान प्रधामंत्री के मूल्यांकन के लिए अभी प्रतीक्षा करनी होगी लेकिन अटलजी और राव साहब के व्यक्तित्वों में कुछ ऐसे गुण थे, जिन्हें भारत-जैसे लोकतांत्रिक देशों के सभी भावी प्रधानमंत्रियों को कुछ न कुछ सीखने को मिल सकता है। उनका पहला गुण तो यह था कि उनके पद ने उन्हें अहंकारग्रस्त नहीं होने दिया। वे आम लोगों और अपने विरोधियों से भी सीधा संवाद रखते थे। दूसरा, वे अन्य नेताओं की तरह नौकरशाहों की नौकरी नहीं करते थे। उनसे वे सलाह जरूर लेते थे लेकिन वे निर्णय अपने विवेक से करते थे । तीसरा, वे पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र पर बहुत जोर देते थे।

# 10 राज्यों में चुनाव, मिलेगी 24 की झलक

नए साल में 10 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें लोकसभा की 93 सीटें आती हैं, जो कुल सीटों का 17% है। इनके अलावा सुप्रीम कोर्ट में आठ ऐसी याचिकाओं पर फैसला आना है, जिनका डायरेक्ट या इनडायरेक्ट असर 2024 के लोकसभा चुनाव पर हो सकता है। जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 हटने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव होने हैं। यहां के नतीजों से केंद्र की तरफ से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को सही या गलत साबित करने की राय बनेगी। जम्मू-कश्मीर के मौसम को देखते हुए वहां विधानसभा चुनाव अगली गर्मी में ही कराए जाने के आसार हैं। 2023 में देश के 10 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे बड़े राज्य शामिल हैं। वहीं पूर्वोत्तर के त्रिपुरा, मेघालय, नगालैंड और मिजोरम में भी इसी साल चुनाव होंगे। जम्मू-कश्मीर में भी इसी साल चुनाव के पूरे आसार हैं। अब सुप्रीम कोर्ट में चल रहे उन मामलों पर नजर डाल लेते हैं, जिन पर आने वाले फैसले 2024 के लोकसभा चुनाव पर असर डाल सकते हैं। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा सीटों के परिसीमन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट अगले एक-दो महीने में फैसला दे सकता है। श्रीनगर के हाजी अब्दुल गनी खान और मोहम्मद अयूब मट्टू ने याचिका में कहा था कि परिसीमन में सही प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। इधर केंद्र सरकार, जम्मू-कश्मीर प्रशासन और चुनाव आयोग ने इन आरोपों को गलत बताया था। कोर्ट ने इस पर 1 दिसंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। आने वाले साल में कोर्ट का आदेश का असर पूरे राज्य की विधानसभा और लोकसभा सीटों का अंतिम रूप तय करेगा।

# पौष महीने की सप्तमी कल

## इस तिथि पर उगते हुए सूरज को अर्घ्य देने और पूजा करने से दूर होती हैं परेशानियां

पौष महीने में सूर्य पूजा का बहुत महत्व है। ग्रंथों के मुताबिक इस महीने सूर्य पूजा से बीमारियां दूर होती हैं। पौष महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को सूर्य पूजा करने और अर्घ्य देने का विधान ग्रंथों में बताया गया है। इस दिन सूर्य पूजा और व्रत करने से उम्र बढ़ती है। साथ ही हर तरह की परेशानियां दूर होने लगती हैं।

### उगते सूरज को अर्घ्य दें

पूजा विधिः सूर्योदय से पहले नहाने के बाद तांबे के लोटे में शुद्धजल भर लें। उसके साथ ही लोटे में लाल चंदन, लाल फूल, चावल और कुछ गेहूं के दाने भी डाल लें। ऊं घृणि सूर्याय नमः मंत्र बोलें और उगते हुए सूरज को इस लोटे का जल चढ़ाएं। इसके बाद भगवान भास्कर को नमस्कार करें। गायत्री मंत्र का जाप करें और हो सके तो आदित्य हृदय स्तोत्र का भी पाठ करें। इसके अलावा भगवान सूर्य के 12 नामों का जाप भी कर सकते हैं।

सूर्य के सामने बैठकर दिनभर बिना नमक का व्रत करने का संकल्प लें। संभव हो तो पूरे दिन तांबे के बर्तन का पानी पीएं। पूरे दिन व्रत रखें और फलाहर में नमक न खाएं। एक समय भोजन करें तो उसमें भी नमक का इस्तेमाल न करें। सूर्य को अर्घ्य देने के बाद श्रद्धानुसार भोजन, वस्त्र या कोई भी उपयोगी वस्तु दान करें। गाय को चारा खिलाएं और अन्य पशु-पक्षियों को भी खाने की कोई वस्तु खिलाएं।

अभी सूर्य पूजा का विशेष माह पौष चल रहा है। ये महीना 6 जनवरी तक रहेगा। इस महीने में सूर्य देव की पूजा करने की परंपरा है। ये शीत ऋतु का समय है और ठंड पूरे प्रभाव में रहती है, इसलिए इन दिनों में तिल-गुड़ का सेवन करना चाहिए। जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़ों का दान करना चाहिए।

### दूर होती हैं बीमारियां

**पौष महीने की सप्तमी पर सूर्य को जल चढ़ाने से बुद्धि तेज होती है और मानसिक शांति मिलती है। ग्रंथों में लिखा है कि ऐसा इंसान कभी अंधा ,दरिद्र और दुखी नहीं रहता। सूर्य पूजा करने से रोग दूर हो जाते हैं। इस दिन दान करने से पुण्य बढ़ता है और लक्ष्मीजी भी प्रसन्न होती हैं। पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ यह व्रत करने से पिता और पुत्र में प्रेम बना रहता है। इस दिन सामर्थ्य के अनुसार गरीबों और ब्राह्मणों को दान देना चाहिए।**

पौष माह में रोज सुबह जल्दी उठना चाहिए। स्नान के बाद सूर्य देव को जल चढ़ाएं। इसके लिए तांबे के लोटे का उपयोग करना चाहिए। लोटे में कुमकुम, लाल फूल और चावल डालना चाहिए। अर्घ्य अर्पित करते समय ऊँ सूर्याय नमः मंत्र का जप करें।



## 6 जनवरी तक रहेगा पौष मास

**6 जनवरी तक ध्यान रखें ये बातें पौष मास 6 जनवरी तक है। तब तक पूजा-पाठ के साथ ही कुछ और बातों का भी ध्यान रखना चाहिए। जैसे इन दिनों में लाल और पीले कपड़े ज्यादा पहनना चाहिए। ये रंग सूर्य से संबंधित हैं और ऊर्जा देने वाले हैं। अभी ठंड का समय है, इसलिए जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़ों का दान करें। गायों की देखभाल के लिए गौशाला में धन का दान करें।**

**खाने में शामिल करें तिल-गुड़**

**ठंड का समय है तो खाने में ऐसी चीजें शामिल करें, जिनकी तासीर गर्म है। इन दिनों में खासतौर पर तिल-गुड़ खाना चाहिए। अभी अमरूद, मूली, बैंगन, पालक, मैथी आदि फल और सब्जियां खासतौर पर खानी चाहिए। ये चीजें शरीर को मौसमी बीमारियों से बचाने में कारगर हैं। इनके साथ ही अजवाइन, लौंग और अदरक का सेवन जरूर करें।**

**पंचदेवों में से एक हैं सूर्य देव**

**सूर्य देव पंचदेवों में से एक हैं और हर शुभ काम में इनकी पूजा भी की जाती है। सूर्य अभी धनु राशि में है। इस वजह से शुभ और मांगलिक कामों के लिए मुहूर्त नहीं हैं। सूर्य धनु राशि में एक माह रहता है, इसे खरमास कहते हैं। इस संबंध में ज्योतिष की मान्यता है कि खरमास में सूर्य अपने गुरु बृहस्पति की सेवा में रहता है। इस वजह से सूर्य और गुरु दोनों ही ग्रह कमजोर रहते हैं। शुभ कार्यों में इन दोनों ग्रहों की स्थिति मजबूत होनी चाहिए, इस वजह से खरमास में शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं।**

# किस राशि के लोगों को किस दिन क्या करना चाहिए?

**अपना शुभ दिन**

हिंदू धर्म में शुभ मुहूर्त का बड़ा महत्व होता है। किसी भी कार्य को शुभ दिन में किया जाता है। इसके लिए लोग ज्योतिषियों की सलाह भी लेते हैं। लेकिन शायद आप नहीं जानते होंगे कि हफ्ते का कोई विशेष दिन आपके लिए बेहद शुभ व भाग्यशाली होता है। उस दिन किए गए कार्य आपके लिए सफल सिद्ध होते हैं। पंडित इंद्रमणि घनस्याल बताते हैं कि राशि के अनुसार कोई भी व्यक्ति अपने शुभ दिन का पता लगा सकता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, अगर शुभ दिन में कोई कार्य करते हैं तो उसका परिणाम भी अच्छा प्राप्त होता है। जानते हैं राशि के अनुसार आपके लिए कौन सा दिन सबसे शुभ है।

### सोमवार: कर्क राशि

कर्क राशि के जातकों के लिए सोमवार का दिन बेहद लकी होता है। इस दिन किए गए कार्यों में आपको निश्चित ही सफलता प्राप्त होगी। कर्क राशि के लोगों को सोमवार के दिन निवेश के साथ न्यू स्टार्टअप शुरू करना फायदे का सौदा साबित हो सकता है। सोमवार के दिन आपको कोई ना कोई अच्छी खबर जरूर प्राप्त होती है।

### मंगलवार: वृश्चिक और मेष राशि

मंगलवार का दिन वृश्चिक व मेष राशि के जातकों के लिए सबसे भाग्यशाली दिन होता है। मंगलवार आपके लिए मंगल ही मंगल लेकर आता है, इसलिए इस दिन कठिन से कठिन कार्य भी आसानी से पूरा कर सकते हैं। इस दिन अगर आप किसी नई योजना पर काम करते हैं तो आपको सफलता मिलेगी। इस दिन आप नये प्रोजेक्ट की शुरुआत कर सकते हैं, इससे आपको व्यवसाय में उम्मीदों के अनुसार लाभ मिलेगा।

### बुधवार: मिथुन, कन्या और कुंभ

सप्ताह का तीसरा दिन बुधवार भगवान गणेश जी का दिन होता है, जो मिथुन, कन्या व कुंभ राशि के लिए सबसे शुभ दिन होता है। इन राशि के जातक बुधवार के दिन सभी जरूरी कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर सकते हैं। इस दिन आप मार्केटिंग व सेल्स, ऑफिस टूर, पर्सनल टूर आदि पर योजना बनाकर काम को प्रारंभ कर सकते हैं। इससे आपको मनचाहा परिणाम मिलता है।

### गुरुवार: धनु और मीन राशि

धनु व मीन राशि के जातकों के लिए गुरुवार का दिन लकी साबित होता है। इस दिन जो भी कार्य करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। धनु व मीन राशि के लोग एनर्जेटिक होते हैं और गुरुवार गुरु ग्रह से जुड़ा हुआ है, जो ज्ञान व विज्ञान का कारक है। गुरुवार के दिन आप दान पुण्य करेंगे तो जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहेगी। इस दिन आप नये काम की शुरुआत कर सकते हैं। अगर आप निवेश करना चाहते हैं तो गुरुवार का दिन सबसे शुभ रहेगा।

### शुक्रवार: वृषभ और तुला राशि

वृषभ व तुला राशि के जातकों के लिए शुक्रवार का दिन सबसे भाग्यशाली दिन होता है। इस दिन आप बिजनेस मीटिंग, लोगों से मिलने का कार्यक्रम और एडवेंचर ट्रिप भी प्लान कर सकते हैं। इस दिन आप नये आइडियाज पर काम करते हैं तो उसका परिणाम सकारात्मक मिलता है। इस दिन आपको किसी को नाराज नहीं करना चाहिए क्योंकि इसका असर आपकी जिंदगी पर नकारात्मक पड़ेगा। आपको हमेशा अपने टारगेट पर फोकस रखना चाहिए।


### शनिवार: मकर राशि

शनिवार का दिन मकर राशि के जातकों के लिए लकी रहता है। इस दिन आपके द्वारा किए गए कार्य बिना किसी बाधा के पूरे होते हैं। इस दिन आप नये प्लान पर काम कर सकते हैं। आप परिवार के साथ घूमने का प्लान भी बना सकते हैं। शनिवार के दिन दान पुण्य करने से शनिदेव की कृपा परिवार पर बनी रहती है, इसलिए आप दान पुण्य भी कर सकते हैं।

### रविवार: सिंह राशि

रविवार का दिन सिंह राशि के जातकों के लिए भाग्यशाली दिन रहता है। इस दिन पूरे सप्ताह की कार्ययोजना बनाकर उस पर काम करेंगे तो कोई बाधा नहीं आएगी। वैसे तो रविवार का दिन छुट्टी का दिन होता है, लेकिन इस दिन विशेष काम में रुचि लेते हैं तो इसका लंबे समय तक लाभ मिलता रहेगा।

# पांच अंगों से मिलकर बनता है काल गणना करने वाला पंचांग



### पंचांग के पांच अंग

पंचांग के पांच अंग तिथि, वार, नक्षत्र, योग व करण हैं। इन्हें इस तरह समझा जा सकता है:-

**1. तिथिः** एक दिन में चंद्रमा 12 अंश की दूरी तय करता है। जब चंद्रमा सूर्य से 12 अंश की दूरी तय कर लेता है, तो एक तिथि हो जाती है। इसी आधार पर आगे की तिथियां आती रहती हैं। चूंकि पृथ्वी भी गतिमान है, इसलिए तिथियों की अवधि घटती-बढ़ती हुई 24 घंटों से कम तो कभी ज्यादा हो जाती है। सूर्योदय के समय जो तिथि रहती है, वह पूरे दिन की मानी जाती है।

**2. वारः** भारतीय मनीषियों ने सात ग्रहों के प्रभाव वाले सात दिन तय कर उसका एक सप्ताह बनाया। जिसका क्रम रविवार से शनिवार तक चलता है। एक दिन में 24 होरा यानी 24 घंटे होते हैं। ज्योतिष विज्ञान के अनुसार प्रत्येक होरा का स्वामी कोई एक ग्रह होता है। रोजाना सूर्योदय के बाद के घंटे का स्वामी जो ग्रह होता है, उसी के नाम पर वार का नाम रखा गया है।

**3.नक्षत्रः** जो तारा आकाश से कभी नहीं गिरता, वह नक्षत्र कहलाता है। ज्योतिष में ऐसे 27 तारे माने गए हैं। अभिजीत को छोड़कर इनके स्थिर होने की वजह से यह काल गणना के लिए उपयोगी बने।

**4. योगः** सूर्य व चंद्रमा की आपसी दूरियों के अनुसार बनने वाली परिस्थितियों को योग कहते हैं। ये 27 प्रकार के हैं, जिनके नाम विष्कुंभ, प्रीति, आयुष्मान, सौभाग्य, शोभन, अतिगंड, सुकर्मा, धृति, शूल, गंड, वृद्धि, धुरव, व्याघात, हर्षण, वज्र, सिद्धि, व्यतिपात, वरीयान, परिघ, शिव, सिद्ध, साध्य, शुभ, शुक्ल, ब्रह्मा, इंद्र व वैधृति हैं। इनका शुभ व अशुभ प्रभाव हमारे हर कार्य पर पड़ता है।

**5. करणः** तिथि के आधे भाग को करण कहते हैं। यानी एक तिथि में दो करण होते हैं। बव, बालव, कौलव, तैतिल, गर, वणिज्य, विष्टी यानी भद्रा, शकुनि, चतुष्पाद, नाग व किंस्तुघन चर करण कहलाते हैं। कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के उतरार्ध में शकुनी, अमावस्या के पूर्वाद्र्ध में चतुष्पद, उतराद्र्ध में नाग और शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के पूर्वाद्र्ध में हमेशा किंस्तुघन करण रहता है। ये बाद के चार स्थिर करण कहलाते हैं।



# आखिर क्यों सती ने धारण किया था सीता का रूप इस वजह से शिवजी को करना पड़ा त्याग



श्रीराम को भगवान विष्णु का अवतार माना गया है। भगवान शिव भी श्रीराम के बड़े भक्त और उपासक थे। शिवशंकर ने स्वयं माता पार्वती को राम नाम के महत्व के बारे में बताया था। एक बार वन में भगवान शिव और माता सती को श्रीराम और लक्ष्मण से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ, तब सती ने सीता का रूप धारण कर लिया था। जब शिवजी को यह पता चला तो उन्होंने सती का त्याग कर दिया। जिसकी कथा इस प्रकार है।

### राम कथा सुनने पहुंचे आश्रम

पंडित इंद्रमणि घनस्याल बताते हैं कि एक बार भगवान शिव को राम कथा सुनने की इच्छा हुई। जिसके बाद भगवान शिव माता सती को लेकर कुंभज ऋषि के आश्रम में पहुंचे। कुंभज ऋषि ने दोनों को प्रणाम किया और शिवजी और माता सती को राम कथा सुनाने लगे। ऋषि ने बेहद ही सुंदर शब्दों में राम कथा सुनाई जिसे सुनकर भगवान शिव आनंद विभोर हो गए। राम कथा सुनने के बाद शिव और सती आश्रम से वन की तरफ लौट रहे थे। उसी वन में श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण के साथ माता सीता की खोज में विचरण कर रहे थे।

### शिव राम की मुलाकात

वन में भगवान शिव ने राम को देखा और प्रणाम किया। यह देखकर माता सती का माथा ठनक गया। सती सोचने लगी कि जिसे सभी प्रणाम करते हैं, वे एक राजकुमार को प्रणाम कर रहे हैं। तब माता सती को शिव ने बताया कि ये वही भगवान श्रीराम हैं, जिनकी कथा हम सुनकर आए हैं। लेकिन, माता सती के मन में शंका उत्पन्न हो गई और उन्होंने श्रीराम की परीक्षा लेने का मन बना लिया।

### माता सीता का रूप धारण किया

इसके पश्चात माता सती ने माता सीता का रूप धारण कर लिया और वन में उसी जगह बैठ गईं, जहां से राम और लक्ष्मण आ रहे थे। जैसे ही श्रीराम ने माता सीता के रूप में सती को देखा तो उन्होंने प्रणाम किया। राम ने पूछा कि माता आप अकेले वन में क्या रही है, महादेव नहीं आए। सती ने यह सुनकर मान लिया कि श्रीराम सच में आदि पुरुष के अवतार हैं। जब भगवान शिव ने सती से पूछा कि राम की परीक्षा ले ली। तब सती ने झूठ कहा कि उन्होंने कोई परीक्षा नहीं ली। लेकिन, भगवान शिव समझ गए कि वह झूठ बोल रही है।

### शिव ने कर दिया सती का त्याग

इससे भगवान शिव को बड़ा दुख हुआ, क्योंकि सती ने माता सीता का रूप धारण किया, जो स्वयं उनकी मां हैं। अब सती को पत्नी रूप में स्वीकार करना संभव नहीं होगा। इसलिए अब सती को मानसिक त्याग करना होगा। इसके बाद भगवान शिव मन ही मन माता सती से विरक्त हो गए। सती को अपनी गलती का अहसास हुआ, परंतु भगवान शिव समाधिस्थ हो गए। हालांकि, भगवान शिव और माता सती का अद्भुत प्रेम शास्त्रों में वर्णित है।

### अनमोल वचन

**सब्र कोई कमजोरी नही होती है !
ये वो ताकत होती है जो सब में नहीं होती !**

**दुनिया में सबसे सफल इंसान वही है,
जिसे टूटे को बनाना और रूठे को मनाना आता है !**

**जो दर्द तुम आज सह रहे हो,
आगे चलकर वही तुम्हारी ताकत बनेगा !**

**कहने को तो बहुत सी बातें होती है पर,
असली सुकून चुप रहने से ही मिलता है !**

**मां-बाप की बातें और,
किताबें कभी धोखा नहीं देती !**

**जो लक्ष्य में खो गया,
समझो वही सफल हो गया !**

**आपकी आज गवाई हुई नींद,
आपको कल अच्छे से सोने का मौका देगी !**

# जब नम्रता ने किया जंगल में मंगल

## नहीं देखे होंगे बिकिनी में ऐसे ठुमके!



नम्रता मल्ला की एक और वीडियो सोशल मीडिया पर छाई हुई है जिसमें हसीना बिकिनी पहन डांस कर रही हैं और उनके लटके-झटके देख हर किसी के होश उड़े हैं. नम्रता मल्ला के हॉट अंदाज से तो आप वाकिफ हैं ही. बिकिनी पहन देसी डांस करने के उनके स्टाइल पर लाखों फिदा हैं तभी तो नम्रता का जादू है कि सिर चढ़कर बोलता है. एक बार भोजपुरी एक्ट्रेस की इस अदा ने उनके चाहनेवालों का दिल चुरा लिया. हसीना ने फिर से बिकिनी में ऐसे ठुमके लगाए जो शायद ही आपने कहीं देखें होंगे. तो फिर देरी किस बात की...बस इतनी ही अर्ज है इस वीडियो को देखन से पहले अपना दिन जरूर थाम लें.

भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने लाल घाघरा सॉन्ग पर एक बार फिर कातिलाना अदाएं तो दिखाई ही. साथ ही जबरदस्त अंदाज से मानो कहर ही ढा दिया. इस वीडियो में नम्रता नीले रंग की बिकिनी पहने नजर आ रही हैं. आंखों पर लगाए हैं रंग बिरंगे चश्मे और बालों में फूल और उस पर उनका डांस तो आप जानते ही हैं. बिकिनी में देसी ठुमके लगाने के मामले में नम्रता का कोई जवाब नहीं. वहीं इस वीडियो को देखने के बाद कोई उन्हें सबसे सेक्सी एक्ट्रेस का खिताब दे रहा है तो कोई नम्रता को बवाल बता रहा है. यानि हर कोई इस हसीना के अंदाज मर मिटा नजर आ रहा है. वैसे ये कोई पहली दफा नहीं है जब नम्रता यूं बिकिनी में डांस करती दिखी हों.

बल्कि उनका ये बोल्ड अंदाज हमेशा ही सोशल मीडिया पर हलचल मचाता रहता है. कोई भी ऐसा नहीं होता जब नम्रता अपनी सेक्सी डांस वीडियो शेयर ना करती हों. वहीं इस बीच हाल ही में नम्रता ग्रीन मोनोकिनी में जंगल मे मंगल करती दिखीं. जब उन्होंने अपने लटके झटकों से होश ही उड़ा दिए.

# संगीता बिजलानी पर फिर आया सलमान खान का दिल, बर्थडे पार्टी में सरेआम किया किस

## अपने 'टाइगर' को इस तरह कैटरीना ने किया बर्थडे विश





एक्टर के बर्थडे पर इंडस्ट्री के तमाम सितारों ने उन्हें विश किया है और सितारों की इस लिस्ट में एक्ट्रेस और सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड कैटरीना कैफ भी शामिल हैं. कैटरीना ने प्रेग्नेंसी की खबरों के बीच, पति संग वेकेशन मनाते हुए अपने एक्स बॉयफ्रेंड को एक बेहद खास अंदाज में बर्थडे विश किया है. सलमान और कैटरीना के फैंस एक्ट्रेस की बर्थडे विश देखकर काफी एक्साइटेड हो गए हैं और इस विश को सोशल मीडिया पर काफी शेयर भी किया जा रहा है. सलमान खान का बर्थडे है और उनकी बर्थडे पार्टी में कई सितारों ने शिरकत की जिनमें शाहरुख खान भी शामिल थे. पार्टी में एक हसीना मौजूद नहीं थीं जो एक जमाने में सलमान की काफी खास थीं. इस हसीना का नाम कैटरीना है और इन्होंने सलमान को सोशल मीडिया पर खास अंदाज में विश किया है. कैटरीना कैफ ने सलमान खान के लिए कोई पोस्ट नहीं किया है बल्कि उन्हें इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए विश किया है. एक्ट्रेस ने सलमान की एक ब्लैक एंड व्हाइट फोटो शेयर की है जिसके साथ लिखा है- 'टाइगर.. टाइगर.. टाइगर का हैप्पी बर्थडे'. इसके बाद कैटरीना ने टाइगर वाला एक इमोजी लगाया है और 'भाईजान' को टैग करते हुए तीन सफेद हार्ट इमोजी भी यूज किए हैं. अंत में उन्होंने एक हैशटैग में 'ओजी' लिखा है।

बॉलीवुड के दबंग खान सलमान खान 27 दिसंबर को अपना 57वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर चुके हैं. इस खास दिन पर सलमान खान ने अपने जीजा और एक्टर आयुष शर्मा के खार वाले घर पर शानदार पार्टी रखी. इस पार्टी में बॉलीवुड के कई दिग्गज सितारे पहुंचे. लेकिन सबकी नजरें उस वक्त ठहर गईं जब सलमान खान ने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड संगीता बिजलानी को सरेआम किस कर दिया. सामने आई तस्वीरों में संगीता बिजलानी और सलमान खान की बॉडी लैंग्वेज कुछ और ही बयां करती दिखीं. जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर जब वायरल हुईं तो हर तरफ तहलका मच गया. देखिए सलमान खान और संगीता बिजलानी का वो पल जिसकी फोटोज तेजी से वायरल हो रही हैं.

सलमान खान कई साल पहले संगीता बिजलानी को डेट कर चुके हैं. लेकिन कई साल बाद जब संगीता बिजलानी सलमान खान के साथ उनके बर्थडे सेलिब्रेशन में नजर आईं तो दोनों की बॉन्डिंग की फोटोज ने सोशल मीडिया पर आग लगा दी. तस्वीरों में संगीता बिजलानी ब्लू कलर की सीक्वेंस की ड्रेस पहने नजर आईं. वहीं उनके हॉट लुक को देखकर हर किसी का मन डोल गया. संगीता की ये ड्रेस इतनी ज्यादा छोटी थी कि उसे देखकर आप भी कहेंगे कि उनकी त्वचा से उम्र का बिल्कुल भी पता नहीं चलता.

इन तस्वीरों को देखकर ऐसा लग रहा है कि संगीता बर्थडे पार्टी अटेंड करके घर जा रही थीं और सलमान खान उन्हें बाहर तक खुद छोड़ने आए. दोनों एक दूसरे से फोटोज में बात करते हुए दिखे. इस बीच संगीता बिजलानी की कार आ गई और सलमान खान ने कार को देखकर कुछ ऐसा कर दिया कि ये फोटोज वायरल हो गईं. सलमान खान ने संगीता बिजलानी के माथे पर किस किया. सलमान खान की ये किसिंग फोटोज सोशल मीडिया पर गदर मचा रही हैं. इस फोटो को जिस जिसने भी देखा वो बस देखता ही रह गया. जहां एक ओर सलमान खान संगीता को किस करते हुए दिखे तो वहीं फोटो में बैकग्राउंड में दबंग खान का बॉडीगार्ड शेरा सलमान खान के एक टक देखता नजर आया।

# 'केजीएफ' की कामयाबी के बाद क्या सोचते हैं यश? बोले- मैं कोशिश करूंगा और लड़ता रहूंगा



**साउथ के सुपरस्टार** यश फिल्म 'केजीएफ' के बाद से दर्शकों के बीच अलग पहचान बना चुके हैं। फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 1' और 'केजीएफ चैप्टर 2' में उन्होंने अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया। इसके बाद से ही दर्शक अब उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'केजीएफ' एक हाई प्रोफाइल वाली और बड़े बजट की फिल्म थी। यश ने अब दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। उन्होंने अपनी आने वाली फिल्मों को लेकर खुलासा किया।

दरअसल, यश ने मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह अपनी अगली फिल्म को कम बजट वाली ही रखना चाहते हैं। साथ ही, उन्होंने 'केजीएफ चैप्टर 2' की सफलता के बाद इस प्रोजेक्ट को थोड़ा समय देने की बात कही। यश ने कहा, 'मैं जानता हूं कि फैंस फिल्म 'केजीएफ 3' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, उन्हें धैर्य रखने की जरूरत है।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यश के जन्मदिन पर उनकी अगली फिल्म की घोषणा हो सकती है।

'केजीएफ' स्टार यश ने कहा कि वह अपनी फिल्मों की सफलता पर जश्न नहीं मनाते हैं, क्योंकि वह दायरे से बाहर जाकर अपने बारे में बात करना पसंद नहीं करते हैं। एक कहावत है कि यदि आप राजा हैं और आप यह बताते हुए कहीं जा रहे हैं कि मैं राजा हूं तो ऐसे में आप राजा नहीं हैं। कोई भी व्यक्ति, जो सफल है और अपने जीवन में बहुत कुछ अच्छा कर रहा है तो उसे कहीं बाहर जाकर यह दिखाने या बताने की जरूरत नहीं हैं कि वे सफल हैं। यश ने कहा कि मेरे करीबी भी मेरी अगली फिल्म की घोषणा नहीं करने को लेकर परेशान हैं। वे सोचते हैं कि क्या लोग मुझे 'केजीएफ' के बाहर भी उसी तरह से स्वीकार करेंगे? लेकिन मेरा कहना है कि मैं कोई ऐसा व्यक्ति नहीं हूं, जो लोगों से यह कहे कि मैं आ गया हूं। मैं इस सफलता से बाहर जाऊंगा और कुछ ऐसा करूंगा, जो मुझे रोमांचित करे। अगर मैं उसमें सफल नहीं हो पाया तो कोई बात नहीं, लेकिन मैं कोशिश करता रहूंगा और लड़ता रहूंगा।

# 'फिजिकल संबंध के लिए प्रेम जाल में फंसाता था शीजान खान', तुनिषा शर्मा की दोस्त ने किए कई चौकाने वाले दावे



टेलीविजन की पॉपुलर और खूबसूरत एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा ने बीते शनिवार कथित तौर पर मेकअप रूम में खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. आज यानी मंगलवार को तुनिषा का अंतिम संस्कार किया जाएगा, जिसमें कई टीवी के दोस्त उन्हें आखिरी विदाई देने के लिए मौजूद हो सकते हैं. तुनिषा की पर्सनल लाइफ को लेकर रोजाना नए खुलासे हो रहे हैं. एक तरफ जहां एक्ट्रेस के ब्वॉयफ्रेंड और एक्टर शीजान खान से पुलिस पूछताछ कर रही है वहीं, तुनिषा शर्मा की फैमिली और दोस्त कई चौकाने वाले दावे कर रहे हैं.

शीजान ने अपने बयान में पुलिस को बताया कि उसका और तुनिषा का ब्रेकअप हो गया था. दोनों का धर्म अलग होने और उम्र में बड़ा अंतर होने की वजह से शीजान ने तुनिषा से दूरी बना ली. इस बीच शीजान को लेकर तुनिषा की फैमिली और दोस्तों ने कई दावे किए हैं. शनिवार को शूट के दौरान 20 साल की तुनिषा ने ब्रेक लिया और काफी देर तक लौट कर नहीं आई. बाद में जब मेकअप रूम का दरवाजा तोड़ा गया तो वो फंदे से लटकी मिलीं. तुनिषा के को-एक्टर शीजान मोहम्मद खान के खिलाफ एक्ट्रेस को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा है.


**'लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाता था शीजान'**

अब तुनिषा और शीजान के रिश्ते को लेकर एक्ट्रेस की दोस्त रय्या लबीब ने कई दावे किए हैं. रय्या ने शीजान पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, 'वो (तुनिषा) डिप्रेशन से जूझ रही थी और मनोरोग का इलाज करा रही थी. वो इसके बारे में बात नहीं करना चाहती थी. शीजान ने कई लड़कियों को प्यार में फंसाया और शादी का वादा करके अपनी सेक्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए उनका इस्तेमाल किया. वो उन सभी लड़कियों को धोखा दे रहा था. लड़कियां स्क्रीन पर उसके लुक्स को देखकर इंप्रेस हो जातीं और उससे दोस्ती करने के लिए तैयार हो जाती थीं.'

**'गोलियां खाकर कराया होगा गर्भपात'**

रय्या ने आगे कहा, 'शीजान उनके साथ केवल सेक्स के लिए रिश्ते में आया, उसे शादी या प्यार में कोई दिलचस्पी नहीं थी. इसकी संभावना है कि तुनिषा, शीजान से प्रेग्नेंट हो गई थी. हो सकता है कि वह अपनी मौत के समय गर्भवती नहीं थीं, लेकिन पहले प्रेग्नेंट हो सकती थी और गोलियां खाकर गर्भपात कराया होगा. मुझे पक्का पता नहीं है, लेकिन वह किसी बात को लेकर बहुत टेंशन में थी.' रय्या लबीब के इन दावों ने शीजान की मुश्किल बढ़ा दी है, वहीं तुनिषा के चाहने वाले हैरान हैं।

# टीना को अपनी लाइफ में लाने के लिए मुझे महीनों तक उनका पीछा करना पड़ा था : हनी सिंह



रैपर हनी सिंह ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी गर्लफ्रेंड टीना के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि वो टीना की वजह से बहुत खुश हैं। साथ ही हनी ने ये भी बताया कि उनकी टीना से मुलाकात कब और कैसे हुई थी। हनी ने कहा, 'मैं उनकी वजह से बहुत खुश हूं। उन्होंने मेरी जिंदगी बदल दी, मुझे प्रेरणा दी। उन्होंने मुझे तीसरा जन्म दिया है। ये मेरा तीसरा पुनर्जन्म है और सारी अच्छी चीजें उनकी वजह से हो रही हैं।' साथ ही उन्होंने खुद को हनी 3.0 कहा। हनी ने आगे ये भी बताया कि वो टीना से इसी साल मार्च में मिले थे। साथ ही हनी ने ये भी खुलासा किया कि टीना को अपनी लाइफ में लाने के लिए उन्हें महीनों तक टीना का पीछा करना पड़ा था। हनी ने कहा कि जब उन्होंने टीना को देखा तो उन्हें लगा कि टीना उनके लिए ही बनी हैं।

हनी सिंह की पहली शादी 2011 में शालिनी तलवार से हुई थी। 2014 में हनी सिंह ने रियलिटी शो इंडियाज रॉकस्टार के एक एपिसोड में अपनी पत्नी को लोगों से मिलवाया था। उस समय कई लोग हैरान थे कि उन्होंने बॉलीवुड के मेगा प्रोजेक्ट्स में काम करने से पहले ही शादी कर ली। फिर साल 2021 में हनी ने शालिनी से तलाक का ऐलान किया था। इस दौरान शालिनी ने हनी और उनके परिवार पर कई संगीन आरोप लगाए थे। शालिनी का कहना था कि हनी सिंह के कई महिलाओं के साथ संबंध थे। हनी सिंह ने भी अपनी सफाई पेश की थी। इस लड़ाई के बाद हनी सिंह और शालिनी तलवार अलग हो गए थे।

# भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने ऑफ शोल्डर ड्रेस पहन इंटरनेट पर मचाया बवाल!



मोनालिसा की फैन फॉलोइंग कितनी जबरदस्त है, इस बात का अंदाजा तो हम सभी को है. ऐसे में इस भोजपुरी एक्ट्रेस की बोल्ड फोटोज उनके फैंस को काफी एंटरटेन करती रहती हैं. मोनालिसा एक्टिंग के साथ-साथ गजब का डांस भी करती हैं. इतना ही नहीं इनकी कई बोल्ड फोटोज फैंस के दिलों पर राज करती हैं. ऐसे में मोनालिसा का ये लुक उनके फैंस को काफी पसंद है. इस ड्रेस में वाकई में भोजपुरी एक्ट्रेस कहर ढा रही हैं. इस फोटोशूट के दौरान भोजपुरी एक्ट्रेस ने बेहद खूबसूरत ऑफ शोल्डर गाउन पहना हुआ है. साथ में एक्ट्रेस का मेकअप उनके लुक में चार चांद लगा रहा है. भारी-भरकम गहनों में मोनालिसा एक से बढ़कर एक हॉट और बोल्ड पोज देती नजर आ रही हैं. इस फोटो में आप मोनालिसा का पूरा आउटफिट देख सकते हैं. ये गाउन इतना ज्यादा खूबसूरत है कि कई लड़कियों का तो ऐसी ड्रेस खरीदने का मन हो जाएगा. बता दें कि इस भोजपुरी एक्ट्रेस के स्टेज शो में इतनी ज्यादा भीड़ होती है कि पैर रखने की जगह मिलना तक मुश्किल हो जाता है. इस फोटो में आप मोनालिसा के क्लोज अप लुक को देख सकते हैं. एक्ट्रेस के फीचर्स वाकई में हद से ज्यादा सुंदर लग रहे हैं. इस ड्रेस में मोनालिसा की क्लीवेज भी नजर आ रही है. साथ ही एक्ट्रेस के हेयरस्टाइल पर की गई मेहनत रंग लाती हुई नजर आ रही है. भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा का नाम केवल बिहार और उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि भारत के सभी राज्यों में काफी फेमस है. एक्ट्रेस ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है. आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर मोनालिसा को 5.2 मिलियन लोग फॉलो करते हैं.






# हर बात में ग़लती निकालने वाले और नकारात्मक सोचने वालों से दूरी ही भली

दुनिया में सब तरह के लोग होते हैं, कुछ उत्साह बढ़ाते हैं, कुछ अपने में मस्त रहते हैं, तो कुछ केवल कमियां निकालना जानते हैं। ऐसे लोग हमारे आसपास भी मिल जाएंगे और सोशल मीडिया पर भी। एक बार हम उन्हें नज़रअंदाज़ कर दें, लेकिन कहीं न कहीं इसका असर हमारे आत्मविश्वास पर पड़ ही जाता है। जो कमी हम में नहीं है वो ख़ुद में नज़र आने लगती है। ऐसे लोग और ख़ासतौर पर सोशल मीडिया पर मौजूद लोगों, उनके नकारात्मक बोल या सोच का सामना कैसे करना है, इसके सुझाव बता रहे हैं...



### कमेंट नहीं मैसेज करें

सोशल मीडिया पर किसी पोस्ट या तस्वीर पर गर अनजान या परिचित ऐसा कमेंट कर दें जो आपको अपमानजनक लगे या यूं लगे कि उन्हें ऐसा नहीं बोलना चाहिए, तो आप कोमलता से जवाब देने की कोशिश करें। इसके बावजूद नकारात्मक जवाब मिलता है, तो कमेंट पर जवाब न देते हुए मैसेज के ज़रिए बात करें। वो ऐसी बातें क्यों कर रहे हैं और उन्हें आपकी पोस्ट से क्या तकलीफ़ है, ये मैसेज पर ही पूछें और मसला सुलझाने की कोशिश करें। इसके बावजूद वो आप से रूखेपन से पेश आते हैं, तो आप शालीनता और सम्मान के साथ जवाब देते हुए बात ख़त्म कर दें।

### ब्लॉक करें या हटाएं

अगर कोई कमेंट आपत्तिजनक लगे या उससे आत्मविश्वास डगमगाने लगे, तो उसे पोस्ट से डिलीट या हाइड कर दें। लोगों के कमेंट पढ़िए और जो नकारात्मक लगें उन्हें हटा दीजिए। ऐसे लोगों को ब्लॉक या उनके कमेंट को रिस्ट्रिक्ट भी कर सकती हैं। रिस्ट्रिक्ट करने से वे केवल आपकी पोस्ट देख पाएंगे, लेकिन कमेंट नहीं कर सकेंगे। आपत्तिजनक शब्दों या बदसलूकी करने पर रिपोर्ट भी कर सकती हैं।

### गर कोई पीछा करे

सोशल मीडिया की प्रोफाइल अगर पब्लिक सेटिंग पर है और प्रोफाइल पब्लिक फिगर या किसी कलाकार के तौर पर है, तो ज़ाहिर है कि आपकी पोस्ट कोई भी देख सकता है। कुछ लोग ऐसे भी मिलेंगे जो आपकी हर पोस्ट को बार-बार लाइक और एक ही तस्वीर पर बार-बार कमेंट करेंगे। ऐसे लोगों के लिए अंग्रेज़ी का शब्द है 'स्टॉकर' यानी कि पीछा करने वाला। ऐसी प्रोफाइल पर ध्यान दें और उन्हें ब्लॉक करें।

# कुछ ऐसी ख़राब आदतें, जिन्हें जल्द से जल्द सुधारने की ज़रूरत है



### * जगह बनाकर काम कर लेना...

सामान खिसकाया और टेबल पर लैपटॉप खोलकर बैठ गए, वहीं सामान भी बिखरा हुआ है, ऐसा हम करते हैं। टेबल पर बिखरे सामान को हटाने और उसे सही जगह पर रखने की ज़ेहमत



भी नहीं उठाते। उसी तरह, सब्ज़ी काटने के लिए बस जगह बना ली और काम चला लिया। ये आदत आपके काम की गुणवत्ता को प्रभावित करती है और आपके मन को भी। टेबल पर सब्ज़ी काट रहे हों या लैपटॉप पर काम कर रहे हों, जिस स्थान पर भी बैठें उसे व्यवस्थित करके ही बैठें। बिखरे सामान को सहेजें और उसके बाद काम की शुरुआत करें। इससे जगह साफ़ रहेगी, तो स्थान की स्पष्टता से काम में मन भी लगेगा।

### *व्यवस्थित न होना...

यहां इधर-उधर बिखरे सामान को व्यवस्थित करने की बात नहीं कर रहे बल्कि काम करने के तरीक़े को व्यवस्थित करने के लिए कह रहे हैं। उदाहरण के तौर पर सभी सोशल मीडिया, ई-मेल या किसी ज़रूरी वेबसाइट का पासवर्ड अलग-अलग रखना, भूल जाना और फिर हर बार लॉगइन करने की कवायद कर नया पासवर्ड बनाना या ज़रूरी कागज़ात एक जगह पर न रखने की आदत आदि। इसे बदलिए क्योंकि यह आदत काम बढ़ाने के साथ-साथ काम बिगाड़ भी सकती है।

### * सफ़ाई की ज़िम्मेदारी न लेना

कुछ लोगों का सामान गंदा और धूलभरा होता है। उनका कम्प्यूटर, मोबाइल या कार हमेशा गंदी और धूलभरी रहती है। अगर कोई सामान आपके पास है तो उसे साफ़ रखने की ज़िम्मेदारी भी आपकी है। गैजेट्स की सफ़ाई की आदत डालिए। यह सेहत के लिए भी ज़रूरी है। वाहन पर हल्का-फुल्का कपड़ा रोज़ ज़रूर लगाइए। कार की पूरी सफ़ाई सप्ताह में



एक बार हो सकती है। जिस कपड़े से सफ़ाई कर रही हैं उसे इस्तेमाल करने के बाद धोकर सुखा दें ताकि अगली बार किसी साफ़ कपड़े की तलाश ना करनी पड़े। कपड़े को यूं ही गंदा छोड़ देना भी बुरी आदतों में शुमार है। रोज़ इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं साफ़ रहेंगी, तो लंबी भी चलेंगी।

### * असीमित ख़र्च करना

शॉपिंग करने से कई लोगों को खुशी मिलती है। पर बिना वजह ख़रीदारी करना भी बुरी आदत है। एक साथ कई रंग की नेलपॉलिश ख़रीदना या हर शेड की लिपस्टिक या एक ही रंग की टी-शर्ट या टॉप का ढेर लगाना पैसों की बर्बादी है। यूं ही मोबाइल चलाते-चलाते किसी शॉपिंग साइट से यूं ही कुछ ऑर्डर कर दिया, जिसकी अभी ज़रूरत भी नहीं थी, यह शग़ल बचत का दुश्मन है। ज़रूरी नहीं कि पैसों को बचाने के लिए कोई बड़ा मक़सद सामने रखा जाए। धन की बर्बादी को रोकना भी मक़सद ही है। बचत की आदत डालें। जब फिज़ूल ख़र्च होने से बचा रहेगा, तो एकमुश्त या थोड़े-थोड़े में कभी किसी उपयोग में आएगा ही।

### * समय की बर्बादी

सुबह उठते ही मोबाइल पर व्यस्त हो जाने की आदत ज़्यादातर लोगों में देखी जाती है। समय देखने के बहाने से उठाए मोबाइल को, ज़रूरी मैसेज, ई-मेल देखने के नाम पर उठाए रखा जाता है। देखते ही देखते सोशल मीडिया और मैसेज पर लंबा समय गुज़ार देते हैं। सुबह के ज़रूरी समय का इससे बड़ा दुरुपयोग नहीं हो सकता क्योंकि एक तो निरर्थक मैसेज यहां-वहां करने में समय जाता है, दूसरे आंखों पर बुरा असर पड़ता है और तीसरे, जो समय व्यायाम या कुछ पौष्टिक खाने में लगाया जाता, वो ज़ाया हो गया मोबाइल पर। इस आदत को सुधारने के लिए पूरे प्रण से केवल ज़रूरी मैसेज देखकर फोन रख दें। अख़बार पढ़ें। व्यायाम करें। दिन की व्यवस्थित शुरुआत करें।

# प्यार दुलार में आकर मां-बाप कर बैठते हैं यह गलतियां, जिनसे बिगड़ जाते है बच्चे



**हर मां-बाप** चाहतें है कि वह अपने बच्चों को अच्छा और सुखमय जीवन दें लेकिन इस बीच हम कई बार कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते है जो आगे चलकर बच्चों और पेरेंट्स दोनों को महंगा पड़ जाता है। ज्यादातर मां-बाप बच्चों को परफेक्ट लाइफ देने के चक्कर में उन्हें प्यार-दुलार में बिगाड़ लेते है, ऐसे में हम हम आपको मां-बाप की ऐसी 4 गलतियां बताने जा रहें है जिनसे बच्चे बिगड़ते हैं।

### तारीफ करना-

कई बार अभिभावक बच्चों के प्यार दुलार में इतने मगन हो जाते हैं कि वह हर वक्त बच्चों की तारीफ करते रहते हैं। तारीफ करना अच्छी बात है, लेकिन कई बार ओवर तारिफ करना बच्चों के लिए सही नहीं है। क्योंकि हर समय बच्चों की तारीफ करने से उनका मेंटल डेवल्पमेंट नहीं हो पाता। इससे बच्चे कोई भी चैलेंज जल्द एक्सेपट नहीं कर पाते। बच्चों की कमज़ोरियों पर टोकना और समझाना उतना ही जरूरी है, जितना उनकी तारिफ करना। इसलिए कभी भी बच्चों की झूठी तारिफ न करें।

### हर दम बच्चों को सपोर्ट करना-

बच्चे अपनी उम्र और समझ के मुताबिक उतने डेवेल्प नहीं होतें जितने की अभिभावक होते हैं। कई बार मुश्किलों, कठिनाईयों में हम बच्चों की मदद करने लगते हैं लेकिन ऐसे मौके पर बच्चों को पहल देनी चाहिए हां आप सहयोग कर सकतें है लेकिन उन्हें यह फेस करना सिखाएं। अगर आफ खुद ही उनकी परेशानियों को हल करेंगे तो वह आप पर डिपेंडेंट हो जाएंगे। आप अपने बच्चों को चुनौतियों का स्वयं सामना करना सिखाएं। इशसे बच्चा मजबूत इच्छाशक्ति वाला और स्वतंत्र जीवन जीने के काबिल बनता है।



### बच्चों की हर डिमांड को पूरा करना-

हर मां- बाप चाहतें है कि वह अपने बच्चों को सारी दुनिया की खुशियां दें। लेकिन कई बार बच्चों की ख्वाहिशें पूरी करते करते हमें यह नहीं पता चलता कि बच्चा जिद्दी बनता जा रहा है। बच्चों को ढेर सारे गिफ्ट्स देना, उनके एक कहें पर डिमांड पूरी कर देना यह सब कुछ पल के लिए तो ठीक है लेकिन बाद में बच्चा इसका आदि हो जाता है। इसलिए हर समय बच्चों की डिमांड पूरी न करें उसे पैसों का महत्तव समझाएं। हर दौर से गुज़रने के लिए उसे प्रेरित करें।

### बच्चों के लिए ओवर प्रॉटेक्टिव रहना-

हर मां-बाप अपने बच्चों से बेहद प्यार करते हैं, लेकिन हर समय बच्चों के लिए ओवर प्रॉटेक्टिव रहना यह उनके लिए ठीक नहीं है। प्यार और चिंता के साथ बच्चों के लिए आपकी सख्ती, नाराजगी भी जरूरी है। ऐसे रिएक्शन से आप बच्चों को मानसिक रूप से इस बात के लिए तैयार करते हैं, कि वो अपने जीवन में शामिल होने वाले लोगों के मनोभावों के प्रति कैसे रिएक्ट करना है ये सीख सकें। इसलिए बच्चों को एक लिमिट में रहकर ही प्यार दें।

# गुस्से में पार्टनर को कभी न बोलें ये बातें हमेशा के लिए टूट जाएगा रिश्ता



रिश्ता चाहे पति-पत्नी का हो या गर्लफ्रेंड -ब्यॉयफ्रेंड का दोनों में आपसी समझ होना बहुत जरुरी है। कई बार छोटी- छोटी बातें रिश्तों को खराब कर देती हैं। नोंक -झोंक तो हर कपल्स में होती है लेकिन कभी भी पार्टनर को ऐसी बातें नही करनी चाहिए जो रिश्तों में दरार डाल दे। लड़ाई-झगड़ा तो खत्म हो जाता हैं लेकिन गुस्से में कही गई बातों की चोट पार्टनर के दिलो-दिमाग पर हमेशा के लिए रह जाती है और धीरे-धीरे रिश्ता टूटने की कगार पर आ जाता है। तो चलिए जानते हैं कि ऐसी कौन-सी बातें हैं जो कपल को लड़ते समय पार्टनर से बिल्कुल नहीं कहनी चाहिए।

रिश्ता खत्म करने की बात

लड़ाई करते समय कभी भूलकर भी पार्टनर से रिश्ता खत्म करने की बात न करें। अगर आप दोनो में किसी बात को लेकर लड़ाई हो जाती है तो अपने पार्टनर को समझने की कोशिश करें।

अपने रिश्ते को कभी ना कोसें

कई बार लड़ाई करते समय आप गुस्से में पार्टनर से बोल देते हैं कि तुम्हारे साथ आकर मैंने जिंदगी की सबसे बड़ी गलती की। इस तरह के शब्द लड़ाई को खत्म करने की बजाए उसको और बढ़ा देते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप जितने मर्जी नराज क्यों न हो अपने रिश्ते को कभी ना कोसें।

घरवालों से तुलना ना करें

कभी भी अपने पार्टनर की तुलना घर वालों से न करें। इस तरह की बातें करने से रिश्ते कमजोर होते हैं। पार्टनर को ऐसी बातें बोलने से पहले अपने मन में सोचें कि अगर आपका पार्टनर आपके परिवार के किसी सदस्य के बारे में ऐसा कहेगा तो आपको कैसा लगेगा।

पार्टनर को न बोलें गलत शब्द

कोशिश करें कि लड़ाई में पार्टनर के लिए गलत शब्द का इस्तेमाल न करें। बहस के दौरान अगर आप अपने पार्टनर को पागल, घटिया, बेहूदा आदि शब्दों का इस्तेमाल करेंगे तो इसका असर आपके रिश्ते पर पड़ेगा।



# भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत बनाती हैं ये बातें

**भाई बहन** का रिश्ता दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता है। इस एक रिश्ते में ही मां-बाप, दोस्त और ना जाने कितने रिश्ते मिल जाते हैं। जहां एक बहन के लिए बड़ा भाई पिता तो छोटा भाई बेटे समान होता है वहीं भाई के लिए भी बड़ी बहन मां समान होती है। इस रिश्ते में अक्सर छोटी-मोटी नोक-झोंक होती रहती है लेकिन वह एक-दूसरे से ज्यादा देर गुस्सा भी नहीं रह सकते। भाई-बहन के इसी प्यार को हर साल आज के दिन नेशनल सिबलिंग्स डे के रूप में मनाया जाता है।

वहीं अगर जाने-अनजाने में की गई गलतियों से भाई-बहन के रिश्तें में दूरियां आने लगी हैं तो कुछ बातों का ख्याल रखकर आप अपने रिश्ते को मजबूत बना सकते हैं।



### प्यार को जताते रहें

अक्सर दोनों में लड़ाई-झगड़ा होने पर गहरा प्यार भी दिखाई देता है। मगर इस रिश्ते में बहुत से लोग ऐसे होते हैं जो अपना प्यार ठीक से नहीं जता पाते। इसलिए ऐसा न करके हमेशा एक-दूसरे के साथ दोस्ती भरा रिश्ता बनाना चाहिए। समय-समय पर बहनों को भाइयों के लिए उनकी फेवरेट डिश बनाकर खिलानी चाहिए। इसके साथ ही भाइयों को भी उन्हें कोई उपहार देकर अपना प्यार जताना चाहिए।

### प्यार से सुलझाए मसले

अक्सर देखा जाता है कि किसी बात पर लड़ते-लड़ते भाई-बहन फिजिकल फाइट शुरू कर देते हैं, फिर चाहे वो छोटे हो या बड़े। मगर यह बिल्कुल भी ठीक नही है। इससे आपका गुस्सा तो चला जाएगा मगर रिश्ते की मजबूती पलभर में टूट जाएगी। इसलिए गलती चाहे जिसकी मर्जी हो, लेकिन चीजों को बातों से सुलझाने की कोशिश करें। इससे आपके बीच का तालमेल ठीक बैठेगा।



### बात पसंद ना आए तो तुरंत कहे

अगर आपको बहन से कोई शिकायत है तो उससे खुलकर बात करें। मन में बात रखने से बात सुलझेगी नहीं बल्कि आपके बीच की दूरियां बढ़ेंगी। वहीं बहन को अगर भाई की कोई बात पसंद नहीं आई तो तुरंत बताए क्योंकि कुछ नहीं कहेंगी तो इससे आपके मन में नेगेटिव फीलिंग्स बढ़ेगी जोकि ठीक नहीं।

### दोस्तों की तरह शेयर करें छोटी-छोटी बात

अपने दुख-सुख भी साथ में शेयर करें, इससे भी आपके बीच की दूरियां कम होंगी और रिश्ता मजबूत होगा। भाई-बहन का रिश्ता चाहे तो दोस्ती का रिश्ता भी बन सकता है, अगर हर छोटी-छोटी बात एक-दूसरे से शेयर की जाए।

अगर आप किसी मुसीबत में है तो भाई से बात करें, इससे आपकी प्रॉबल्म का सल्यूशन भी निकल जाएगा और आपकी बीच का तालमेल भी ठीक रहेगा। वहीं भाई भी अपनी प्रॉबल्म शेयर करके अपना मन हल्का करे।



# रिहाई के बाद क्या है चार्ल्स शोभराज का प्लान ?



**एक्सक्लूसिव डेस्क, 27 दिसंबर।** 'मैं किसी का मर्डर करता हूं तो ये देखता हूं कि उससे क्या सीखा। डेड बॉडी को मैं नोटिस तक नहीं करता।' ये बात एक इंटरव्यू में कुख्यात सीरियल किलर चार्ल्स शोभराज ने कही थी। जिसे 23 दिसंबर 2022 को नेपाल सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद काठमांडू की सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया है। जेल से छूटते ही चार्ल्स ने कहा- 'अभी मुझे बहुत कुछ करना है। सबसे पहले नेपाल सरकार और बहुत से लोगों पर मुकदमा करूंगा।'

बिकनी किलर के नाम से मशहूर चार्ल्स पर 1975 से 1980 के बीच लूट-पाट के अलावा थाईलैंड, भारत, नेपाल, अफगानिस्तान, ईरान और हांग-कांग जैसे देशों में 20 से भी ज्यादा मर्डर करने के आरोप लगे। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक उसने सबसे ज्यादा 14 मर्डर थाईलैंड में किए। सभी क्राइम और बुरे वक्त में तीन महिलाएं हमेशा उसके साथ खड़ी रहीं।

चार्ल्स की सबसे वफादार और कथित गर्लफ्रेंड मैरी आंद्री लेक्करी हमेशा उसके साथ खडी रही। चार्ल्स और मैरी ने मिलकर थाईलैंड, भारत और नेपाल में 9 से भी ज्यादा मर्डर किए। मैरी मूल रूप से कनाडा की रहने वाली थी और पेशे से एक नर्स थी। अब आप सोच रहे होंगे ये दोनों एक-दूसरे से मिले कैसे? इन दोनों के मिलने की कहानी बहुत रोचक है। दरअसल, मैरी अपने रिलेशनशिप से परेशान होकर कुछ वक्त सुकून से गुजारने के लिए कनाडा से कश्मीर आई हुई थी। यहां उसकी मुलाकात एलन गेथियर नाम के एक फोटो जर्नलिस्ट से हुई। इस फोटो जर्नलिस्ट को मैरी अपना दिल दे बैठी। प्यार इस कदर हावी हुआ कि मैरी कुछ ही दिनों में अपना सब कुछ छोड़-छाड़ कर इस फोटो जर्नलिस्ट के बुलावे पर जून 1975 को थाइलैंड पहुंच गई। यहां उसे पता चलता है कि कश्मीर की वादियों में हाथ में कैमरा लिए उसके पीछे घूम रहा व्यक्ति चार्ल्स था।

**दो महीनों में दोनों ने मिलकर किए 5 मर्डर**

अभी प्यार को परवान चढ़े दो ही महीने हुए थे कि चार्ल्स ने पूरी तरह से मैरी को अपने माइंड गेम में फंसा लिया। इसके बाद चार्ल्स के हर स्कैम में मैरी उसका उसका साथ देने लगी। शुरुआत में दोनों थाईलैंड में आने वाले विजिटर्स को ड्रग्स सप्लाई किया करते थे। इस कपल का काम अच्छा चल रहा था, साल 1975 भी बस खत्म होने को था। इस बीच 15 अक्टूबर को थाईलैंड पुलिस को पटाया सिटी में टेरेसा नोल्टन नाम की एक अमेरिकी महिला की लाश मिली। लाश फूलों से बनी बिकनी से ढकी हुई थी। पुलिस ने इसे सुसाइड माना लेकिन बाद में पता चला ये एक मर्डर था।

पुलिस ने इसे बिकनी मर्डर केस नाम दिया। केस की जांच चल ही रही थी कि पटाया शहर के रिसॉर्ट रोड पर दिसंबर महीने की शुरुआत में पुलिस को तुर्की मूल के एक आदमी विटाली हकीम की लाश मिलती है। बॉडी लगभग जल चुकी थी। इसके कुछ ही दिनों बाद 16 दिसंबर को पटाया शहर में डच कपल कॉर्नेलिया हेमके और उसकी गर्लफ्रेंड हेंक बिंटांजा की डेड बॉडी मिली।

**अरेस्ट वारंट जारी होने से पहले दोनों हो गए फरार**

विंटर का सीजन मर्डर के सीजन में बदल गया था। पुलिस परेशान थी, कातिलों का सुराग तक नहीं मिल रहा था। इस स्थिति में पुलिस को एक और बिकनी वाली लाश मिलती है। तफ्तीश में पता चला कि ये लाश विटाली की गर्लफ्रेंड की है। पुलिस ने जांच के आधार पर चार्ल्स के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया, लेकिन इससे पहले चार्ल्स और मैरी डच कपल के पासपोर्ट का इस्तेमाल करते हुए नेपाल पहुंच गए थे।

दोनों ने नेपाल पहुंचते ही फेक पासपोर्ट के लिए कनाडा के लौरेंट कैरियर और अमेरिकी कोनी ब्रोंजिक को अपने जाल में फंसाकर मार डाला। इन दोनों के पासपोर्ट से मैरी और चार्ल्स इंडिया पहुंचे। यहां एक इजराइली स्कॉलर अवोनी जैकब का मर्डर किया और मलेशिया निकल गए। कुछ दिन बाद दोनों वापस बॉम्बे लौटे और इसके बाद चार्ल्स ने ड्रग्स देकर एक फ्रेंच टूरिस्ट लुक सॉलोमन की हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मैरी और चार्ल्स ने अलग-अलग देशों में कुल 9 से भी ज्यादा हत्याएं कीं। सॉलोमन मर्डर केस में चार्ल्स को उम्रकैद की सजा सुनाई गई, लेकिन मैरी ने कोर्ट में इसका विरोध किया। वहीं जैकब मर्डर केस में भी चार्ल्स को सबूतों के अभाव में रिहा कर दिया गया।

**मरते वक्त मैरी ने लिखा– 'मैं चार्ल्स का शिकार बनी**

जबकि इसी केस में मैरी को 12 साल की सजा सुनाई गई । बाद में उसे पैरोल पर रिहा कर दिया गया। इस बीच पता चला कि वो कैंसर से पीड़ित है। ट्रीटमेंट के लिए उसे वापस कनाडा जाने की अनुमति दे दी गई। यहां उसने अपना पक्ष बताते हुए 'जे रेवियन्स' नाम की किताब लिखी। इसमें उसने चार्ल्स से प्यार होने से इंकार किया और लिखा की 'मैं चार्ल्स की साजिश की शिकार बनी'।

**मैरी से पहले पत्नी देती थी क्राइम में चार्ल्स का साथ**


मैरी से मिलने से पहले क्राइम करने में चार्ल्स का साथ उसकी पत्नी चन्टल कोम्पगन देती थी। चार्ल्स और चन्टल की शादी 1970 में हुई थी। इसके बाद दोनों फ्रांस से एशिया आ गए। यहां दिल्ली में होटल अशोका में एक ज्वेलरी शॉप लूटने के बाद चार्ल्स को जेल में डाल दिया गया। इसके बाद 1 नवंबर 1971 को बिना पासपोर्ट ट्रैवल करने के अपराध में उसे फिर गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पुलिस की गिरफ्त से भागने में उसकी पत्नी चन्टल ने चार्ल्स की मदद की थी। किताब 'द लाइफ एंड क्राइम्स ऑफ चार्ल्स' के मुताबिक जेल दाखिल होने के बाद चार्ल्स ने अपेंडिक्स के दर्द का बहाना बनाया। इसके बाद उसे दिल्ली में वेलिंगटन हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। चार्ल्स शातिर होने के साथ ही हिंदी, फ्रेंच, इंग्लिश और वियतनामी भाषा भी अच्छी बोल लेता था।

जब चन्टल हॉस्पिटल में चार्ल्स ने मिलने पहुंची, उसने कहा - "डार्लिंग आज रात तुम इन पुलिस वालों के साथ ताश खेलो, इन्हें बातों में उलझाए रखो। दोनों की बात सुनकर बगल के कमरे में बैठे हरे रंग की पगड़ी पहने सिख गार्ड ने चार्ल्स से कहा- अपनी पत्नी से फ्रेंच में बात मत करो। चार्ल्स ने इसका जवाब अंग्रेजी में दिया- "क्या मैं अपनी बीवी को गुड नाइट भी नहीं कह सकता ?"

फिर उसने ड्यूटी पर तैनात सिपाहियों से कहा - आज डॉक्टरों ने मुझे नींद की गोली नहीं दी है, क्या आप लाइट बुझा सकते हैं, जिससे मुझे नींद आ जाए ? सिपाहियों ने उसकी बात मान ली। बगल के कमरे में चन्टल सिपाहियों के साथ ताश खेलने लगी। 20 मिनट बाद जब सिपाहियों ने कमरे की लाइट जलाई, तो चार्ल्स वहां नहीं था।

इसके बाद दोनों भागकर ग्रीस और वहां से काबुल चले गए। यहां चार्ल्स और उसकी पत्नी ने टूरिस्टों को खूब लूटा और एक बार फिर पकड़े गए। छूटने के बाद चार्ल्स ईरान भाग गया और चन्टल वापस फ्रांस लौट आई। इसके बाद दोनों कभी नहीं मिले। हालांकि, साल 2002 में चार्ल्स की गिरफ्तारी के बाद चन्टल ने उसकी सजा के खिलाफ अपील जरूर की थी।

## चार्ल्स शोभराज की वे माशूकाएं जो उसे बचाने के लिए जान पर खेल गईं



**दूसरी पत्नी निहिता बिस्वास चार्ल्स को मानती है बेकसूर**

बात आज से 14 साल पहले की है जब चार्ल्स, काठमांडू की सेंट्रल जेल में अपनी सजा काट रहा था। इस बीच साल 2008 में उसकी मुलाकात एक नेपाली लड़की निहिता बिस्वास से हुई। निहिता तब 21 साल की थी और चार्ल्स की उम्र 64 साल थी।

निहिता पेशे से ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट है। वो जेल में चार्ल्स के अनुवादक के तौर काम रही थी। इस बीच वो चार्ल्स की पर्सनालिटी से इतनी ज्यादा प्रभावित हुई कि उसे अपना दिल दे बैठी। दोनों ने जेल में ही शादी कर ली। बिस्वास के अनुसार चार्ल्स बेगुनाह है और उसे जांच एजेंसियों ने फंसाया है। बिस्वास हाल ही में तब चर्चा में आई थी जब उन्होंने बिग बॉस सीजन 5 में हिस्सा लिया था। वो बिग बास के किसी भी सीजन में शामिल होने वाली पहली नेपाली महिला थी।

**निहिता बिस्वासः चार्ल्स की दूसरी पत्नी**

ये तो हो गई उन तीन लड़कियों की बात जिन्होंने क्राइम सीन से लेकर जेल की सलाखों तक चार्ल्स का साथ दिया। लेकिन, क्या आप जानते हैं चार्ल्स ने क्राइम की दुनिया में कैसे कदम रखा और क्यों वो एशियन कंट्रीज के टूरिस्टों को ही अपना शिकार बनाता था?

**बचपन में बाप ने छोड़ा, तो क्राइम की दुनिया ने खींचा**

चार्ल्स शोभराज का पूरा नाम है- हथचंद भवनानी गुरमुख चार्ल्स। 6 अप्रैल 1944 को जब चार्ल्स का जन्म हुआ तो उसके मां-बाप की शादी नहीं हुई थी। चार्ल्स होश संभाल पाता उससे पहले ही उसके मां-बाप अलग हो गए। इसके बाद वो ट्रॉमा में चला गया। बाद में चार्ल्स की मां ने अपने एक फ्रैंच बॉयफ्रेंड से शादी कर ली। लेकिन चार्ल्स ट्रॉमा से उबर नहीं पाया और इस बीच उसने क्राइम की दुनिया में कदम रखा।

19 साल की उम्र में एक बिल्डिंग में अवैध तरीके से घुसने के आरोप में पहली बार उसे जेल जाना पड़ा। यहां उसकी मुलाकात एक रईस नौजवान लड़के फेलिक्स डी'स्कोग्ने से हुई। कोर्ट से बेल मिलने के बाद फेलिक्स ने उसकी मुलाकात अंडरवर्ल्ड से जुड़े लोगों से कराई और यहीं से चार्ल्स के क्रिमिनल बनने की कहानी शुरू हुई।

**एशियन कंट्रीज में ट्रेवल करने आई लड़कियों को बनाता था**

**शिकार**

चार्ल्स यूरोप और दक्षिण एशिया के देशों में ट्रेवल कर रही महिलाओं को अपना शिकार बनाता था।

उसका मानना था कि इन देशों में कानून सख्त नहीं हैं, जिसकी वजह से वो यहां की जेलों से आसानी से छूट जाएगा। चार्ल्स अपनी आकर्षक पर्सनालिटी और महंगी लाइफ स्टाइल दिखाकर लड़कियों को फंसाता, उन्हें लूटता और फिर उनका मर्डर कर देता।

# विदेश से छत्तीसगढ़ पहुंचे लोगों को किया जा रहा ट्रेस

## सिंहदेव ने डॉक्टर्स को अलर्ट रहने के दिए निर्देश, रोजाना 5 हजार टेस्ट करने का लक्ष्य




रायपुर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रदेश में कोविड के आगामी संकट को भांपकर इसपर काम शुरू हो चुका है। छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से इसकी जानकारी जारी की गई है। दूसरी तरफ दंतेवाड़ा के कलेक्टर ने कोविड के नए वेरिएंट को ध्यान में रखकर गाइडलाइन जारी की है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा है।

सीएमओ छत्तीसगढ़ की ओर से कहा गया है- अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से आने वालों की सूची स्वास्थ्य विभाग की तरफ से एकत्रित की जा रही है। उनकी ट्रैवल हिस्ट्री और स्वास्थ्यगत परेशानियों की जांच की जा रही है। टेस्टिंग संख्या बढ़ाने के लिए शासन ने आरटीपीसीआर और एंटीजन की 2 लाख अतिरिक्त किट खरीदी का निर्णय लिया है। अब रोजाना 5 हजार टेस्ट का लक्ष्य होगा।

**दंतेवाड़ा कलेक्टर ने जारी की गाइडलाइन**

दंतेवाड़ा के कलेक्टर ने कोविड-19 के नए वेरिएंन्ट ओमिक्रॉन बीएफ-7 से बचाव के लिए व्यवहार परिवर्तन और जन जागरूकता लाने गाइडलाइन जारी किया है। इसके तहत कहा गया है कि कोविड से मिलते जुलते लक्षण जैसे सर्दी, खांसी, बुखार सांस लेने में समस्या, सिर दर्द होने पर कोविड-19 टेस्ट जरूर कराएं एवं तत्काल डॉक्टर से सम्पर्क करें।

कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने पर कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग किया जाए और पॉजिटिव केसों का इलाज किया जाए। संक्रमित व्यक्ति कोविड-19 के आइसोलेशन के नियमों का पालन करें। हाथ को साबुन पानी से बार-बार धोए या एल्कोहल बेस्ड सैनिटाइजर का उपयोग करें। छींकते और खांसते समय अपना मुंह और नाक रुमाल से ढकें। जिला कलेक्टर विनीत नंदनवार ने अफसरों को निर्देशित किया है कि जिले के लोग सभी नियमों का पालन करें इसकी मॉनिटरिंग करें।

**पिछले 24 घंटे में एक भी केस नहीं**

26 दिसंबर की स्थिति में प्रदेश में एक भी कोरोना का नया संक्रमित मरीज नहीं मिला । 1399 सैंपल की जांच हुई । इस तरह से पिछले 24 घंटे में पॉजिटिविटी रेट 0.00 है। प्रदेश के 26 जिलों में कोरोनावायरस का एक भी सक्रिय मरीज नहीं है । दुर्ग में 1 और रायपुर में 7 सक्रिय मरीज है जिन की निगरानी प्रशासन रख रहा है।

# झारखंड में कांग्रेस विधायक ममता देवी की सदस्यता रद्द



रांची 27 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा ने सोमवार को कांग्रेस की रामगढ़ विधायक ममता देवी को आधिकारिक रूप से अयोग्य घोषित कर दिया। यह उन्हें एक आपराधिक मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद लिया गया। हजारीबाग जिले की एक विशेष अदालत ने इस महीने की शुरुआत में विधायक ममता देवी और 12 अन्य को पांच साल कारावास की सजा सुनाई थी। इन सभी को 2016 के दंगे और हत्या के प्रयास के एक मामले में दोषी ठहराया गया था। यह मामला रामगढ़ जिले के गोला में हिंसक विरोध प्रदर्शन से जुड़ा था।

विधानसभा के अधिकारियों ने कहा कि सचिव ने स्पीकर के निर्देश पर अयोग्यता अधिसूचना जारी की। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के नियमों के अनुसार यह कार्रवाई की गई। ममता आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद इस साल विधानसभा से अयोग्य करार होनेवाली कांग्रेस की दूसरी विधायक हैं। इससे पूर्व आय से अधिक संपत्ति मामले में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व मांडर विधायक बंधु तिर्की को तीन साल की सजा होने पर अयोग्य घोषित किया गया था।

## आरक्षण पर विवाद : सीएम ने 30 को बुलाई कैबिनेट बैठक

# शीतकालीन सत्र भी 2 जनवरी से




रायपुर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में संशोधित आरक्षण विधेयक को लेकर विवाद गरमाता जा रहा है। इसके चलते कांग्रेस सरकार और राजभवन के बीच भी टकराव की स्थिति बन गई है। इसे लेकर अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 30 दिसंबर को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। इसमें राजभवन के रुख को लेकर चर्चा होगी। इसके अलावा विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर भी बात होगी। सत्र 2 जनवरी से शुरू होगा। विधानसभा का शीतकालीन सत्र दो जनवरी से है। सत्र के दौरान उपाध्यक्ष चयन को लेकर कैबिनेट में चर्चा की जाएगी। साथ ही सत्र के दौरान किए जाने वाले शासकीय कार्य पर भी चर्चा होगी। सत्र में लाए जाने वाले विधेयकों की सूचना अब तक नहीं आई है। अन्य विभागों के प्रस्तावों पर भी निर्णय लिए जाएंगे। उनसे कैबिनेट के प्रस्ताव 29 दिसंबर तक भेजने कहा गया है। दरअसल, आरक्षण संशोधन विधेयक के विधानसभा में पास हो जाने के बाद करीब 22 दिन बीत चुके हैं। तब से विधेयक राजभवन में राज्यपाल के हस्ताक्षर को लेकर अटका हुआ है। विधेयक पर संशय के चलते राजभवन से 10 सवाल भी सरकार से पूछे गए थे, इसके जवाब भी भेजे जा चुके हैं। तमाम जद्दोजहद और समय बीतने के बाद भी राज्यपाल के हस्ताक्षर नहीं होने से अब कांग्रेस सरकार से टकराव बढ़ने लगा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को यहां तक कह दिया था कि, सारे अधिकारी मेरी इस बात के विरोध में थे कि राज्यपाल ने जो 10 सवाल भेजे हैं उनका जवाब देना है। संविधान में ऐसी कोई व्यवस्था है ही नहीं।

फिर भी मैंने राज्यपाल की जिद को ध्यान में रखते हुए कि पौने तीन करोड़ जनता के लिए आरक्षण लागू हो जाए। उनको लाभ मिले, ये सोचकर जवाब भेजे। राज्यपाल का जो ईगो है, वह सटिसफाई हो जाए।

# छत्तीसगढ कांग्रेस प्रभारी की बैठक में नहीं आए 7 मंत्री

## कुमारी शैलजा ने नेताओं को दी नसीहत, बोलीं- गुटबाजी के चक्कर में न पड़ें



**रायपुर 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** मंगलवार को छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा दिल्ली रवाना हो गईं। सोमवार को दिनभर कुमारी शैलजा रायपुर में रहीं। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के तमाम नेताओं से मुलाकात की। कुमारी शैलजा ने प्रदेश पदाधिकारियों, जिला और ब्लॉक के पदाधिकारियों की बैठकें ली। सभी ने वन टू वन चर्चा की। प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में मुख्यमंत्री के अलावा तीन मंत्री रविंद्र चौबे, डॉ प्रेम साय सिंह टेकाम, अमरजीत भगत और कवासी लखमा शामिल हुए। सात मंत्री टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, मो. अकबर, शिव डहरिया, रूद्र गुरू, उमेश पटेल और अनिला भेंडिया बैठक में शामिल नहीं हुए। हालांकि, बताया जा रहा है कि प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के लिए मंत्रियों को आमंत्रित नहीं किया गया था। कुछ मंत्रियों ने शैलजा से शाम को सर्किट हाउस में व्यक्तिगत मुलाकात की।

प्रदेश प्रभारी ने गुटबाजी के चक्कर में न पड़ने की नसीहत दी। कुमारी शैलजा ने कहा कि पार्टी में एक परिवार की तरह रहकर सभी ने काम किया है और आगे भी ऐसे ही काम करेंगे। ब्लॉक लेवल की बैठक में कार्यकर्ताओं ने बड़े नेताओं की शिकायत भी की।

कहा कि उनके जरूरी काम सरकार होने के बाद भी नहीं किए जा रहे हैं, शैलजा ने उन्हें समझाया। मीडिया को इसके जवाब में कुमारी शैलजा ने कहा कि किसी के 99वें काम होते हैं 1 नहीं हो पाता तो रंज रहता है। बाकी ऐसी कोई बात नहीं है। पार्टी लोकतांत्रिक है सभी को बोलने का मौका देते हैं। ये नहीं करते कि किसी की आवाज को दबा दिया। परिवार में सभी तरह की बातें होती हैं।

**3 और 26 जनवरी को बड़े कार्यक्रम**

आरक्षण विधेयक राजभवन में अटका है। इसे लेकर 3 जनवरी को बड़े आंदोलन पर मुहर लगाई गई। रायपुर में महारैली होगी। इसके साथ ही 26 जनवरी से शुरू हो रहे हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की रणनीति भी तैयार की गई। कुमारी शैलजा ने सभी ब्लॉकों में हर दिन 10 किलोमीटर चलने का लक्ष्य तय किया है। इस तरह 307 ब्लॉकों में हर दिन कांग्रेसी लगभग 3 हजार किलोमीटर चलेंगे। 30 दिन में कांग्रेस को पूरे प्रदेश में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा को पूरा करना है। ऐसे में कांग्रेस नेता 30 दिन में लगभग 90 हजार किलोमीटर की यात्रा पूरी करेंगे।

**भाजपा को हराना है**

एआईसीसी महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी शैलजा ने कहा, कांग्रेस मजबूत इसलिए है क्योंकि हम जमीन से जुड़े है। ब्लॉक और बूथ मजबूत नहीं होंगे तो पार्टी का ढांचा कमजोर हो जाएगा। आप सब दूर से आए हैं। हमने आज यहां सिर्फ आपको सुना है पार्टी संगठन की शक्ति को पहचानती है। आप के माध्यम से पार्टी मजबूत होगी। प्रभारी सचिव सप्तगिरीशंकर उल्का ने कहा, ब्लाक अध्यक्ष सीधे पार्टी के प्रभारी से सीधा संवाद कर रहे हैं। यह लोकतंत्र कांग्रेस में ही संभव है। 2023 में प्रदेश में पुनः सरकार बनाना है और 2024 देश को बचाने का भाजपा को हराना है।

**कुमारी शैलजा रखेंगी पैनी नजर**

खबर है कि आने वाले दिनों में 3 जनवरी और 26 जनवरी को हो रहे कांग्रेस के कार्यक्रमों पर कुमारी शैलजा पूरी नजर रखेंगी। हर ब्लॉक में यात्रा के लिए बनाए प्रभारी बनाए जाएंगे। कहा गया है कि हर ब्लॉक में किसी तरह की गुटबाजी न कर यात्रा को सफल बनाना है। यात्रा के बाद हर ब्लॉक अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष के परफॉर्मेंस की समीक्षा भी होगी।

# नेता प्रतिपक्ष का सीएम भूपेश पर निशाना

## कहा- प्रशासन का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण हो गया



रायपुर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने एक बार फिर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने प्रदेश में लगातार हो रहे अपराधों पर कहा कि कानून-व्यवस्था पर सरकार पर कोई पकड़ नहीं है। प्रशासन का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण हो गया है। नेता प्रतिपक्ष तीन दिवसीय दौरे पर कोरबा पहुंचे हैं। इस दौरान विधानसभावार दौरा कर कार्यकर्ता और आम लोगो से चर्चा करेंगे। एसईसीएल मानिकपुर के कोरबा हाउस में पत्रकारों के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ के रूप में परिवर्तित हो गया है। कोई दिन ऐसा नहीं है, जब कहीं हत्या, चाकूबाजी और तलवारबाजी न हो। उन्होंने कहा कि, अब शूटरों का गोली चलाना भी आम बात हो गई है। कानून-व्यवस्था बेलगाम हो गई है। उन्होंने आरक्षण मुद्दे को लेकर भी राज्य सरकार पर निशाना साधा है।

# नील कुसुम मर्डर: फ्लाइट से हत्या करने आया था बस कंडक्टर

**लव ट्रायंगल में वारदात की आशंका, शाहबाज की तलाश जारी**

कोरबा, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोरबा में क्रिसमस से एक दिन पहले नील कुसुम पन्ना (20) की हत्या में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे हैं। इससे पता चला है कि आरोपी शाहबाज फ्लाइट से हत्या करने के लिए पहुंचा था। पुलिस को यह भी अंदेशा है कि नील कुसुम की हत्या लव ट्राइंगल के चलते की गई है। फिलहाल आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की चार टीमें बनाई गई हैं। जो छत्तीसगढ़ से लेकर गुजरात तक में छापामारी की कार्रवाई कर रही हैं। लड़की के घर से फ्लाइट का टिकट, आपत्तिजनक चीजें मिलीं

दरअसल, सीएसईबी पुलिस चौकी क्षेत्र की पंप कॉलोनी निवासी नील कुसुम पन्ना का शव उसके ही घर में 24 दिसंबर को खून से लथपथ मिला था। नील कुसुम की हत्या सीने में धारदार हथियार से वार कर की गई थी। वारदात के दौरान घर में कोई नहीं था। तलाशी के दौरान पुलिस को वहां से आपत्तिजनक चीजें, फ्लाइट का टिकट, कपड़े सहित अन्य सामान बरामद हुआ था। जांच के दौरान पता चला कि यह सब सामान घर के लोगों का नहीं है। यह भी सामने आया कि टिकट शाहबाज के नाम पर था और वह गुजरात से रायपुर होते हुए कोरबा पहुंचा था। शाहबाज से जुड़े अन्य दस्तावेज भी मिले हैं। ऐसे में पुलिस



अभी उसे ही मुख्य आरोपी मानकर चल रही है। एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि अभी तक कि जांच में पता चला है कि शाहबाज कंडक्टरी छोड़कर गुजरात की एक कंपनी में काम करने लगा था। हालांकि उसकी एक बार फिर से नील कुसुम से बातचीत होने लगी थी। वारदात के दौरान वह कोरबा आने के बाद एक लॉज में रुक था। वह पहले भी परिजनों को धमकी दे चुका था कि युवती के किसी अन्य से संबंध हैं। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें लगी हैं। ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में जैमको कंपनी में काम करने वाले बुधराम पन्ना वारदात के दिन सुबह काम पर चला गया था, जबकि उसका बेटा नितेश अपनी मां को स्कूल छोड़ने चला गया। कई बार आवाज देने पर भी जवाब नहीं मिलने पर वह पीछे की ओर गया। वहां दरवाजा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो बिस्तर पर उसकी बहन खून से लथपथ पड़ी थी।



# राजस्थान में काम न करने पर जाएगी सरकारी नौकरी!

## बुजुर्गों की पेंशन बढ़ा सकती है सरकार ; एक नया अधिकार भी मिल सकता है

जयपुर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में सरकार बुजुर्गों को 2 से 10 हजार रुपए तक मासिक पेंशन दे सकती है। आंध्रप्रदेश की तर्ज पर बजट में ये घोषणा हो सकती है। साथ ही स्टूडेंट्स के लिए ई-लर्निंग कोचिंग सेंटर भी शुरू करने की योजना है। यह सब कवायद राहुल गांधी की ओर से दिए गए 5 सुझावों को लेकर की जा रही है, जिन्हें बजट में शामिल किया जा सकता है।

दरअसल, राजस्थान में बजट पेश होने में एक महीना ही बचा है। पूरा प्रशासनिक अमला बजट पर काम में लगा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बजट को लेकर 11 बैठक ले चुके हैं।

क्या सरकार रिपीट करने, वोट खींचने में सहायक होंगे 5 मंत्र?

सवाल यही है कि क्या ये पांच सुझाव आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की सरकार रिपीट करने के लिए वोट खींचने में सहायक होंगे। इनके जरिए कांग्रेस सरकार कैसी हो इसका मॉडल भी देश के सामने रखा जाएगा।

जयराम रमेश ने करीब 10 दिन पहले ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दौसा जिले में सामाजिक कार्यकर्ताओं, अर्थशास्त्री-वित्त के जानकारों (अरुणा राय, डॉ. पवित्र मोहन, रक्षिता स्वामी, निखिल डे आदि) से बात की थी। राजस्थान सरकार की ओर से महेश जोशी इन सुझावों को रिसीव कर रहे हैं।

राहुल गांधी की ओर से उनके सहायक के. राजू इस पर काम कर रहे हैं। जबकि जयराम रमेश सुझावों को लेकर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जयराम रमेश कुछ दिन बाद जयपुर आ सकते हैं। तब सरकार, राजनीति और प्रशासन के विषय में तय फॉर्मूलों पर चर्चा होगी। रमेश के साथ सीएम गहलोत चर्चा कर राहुल गांधी के सुझावों को जमीन पर उतारने का काम करेगी।

**1. आम आदमी को मिले हेल्थ का अधिकार**

राहुल गांधी चाहते हैं कि प्रदेश के लोगों को स्वास्थ्य का अधिकार (राइट टू हैल्थ) दिया जाए। इसके लिए राज्य सरकार के स्तर पर कानून बनाया जाएगा। अभी तक देश भर में केवल असम में इस पर कुछ काम हुआ है। पूरी तरह से कानूनी जामा पहना कर बजट अलॉट करने वाला पहला राज्य राजस्थान बनेगा।


सीएम गहलोत का फोकस हेल्थ पर हर कार्यकाल में रहता आया है। चिरंजीवी बीमा योजना, मुफ्त दवा व जांच योजना, मोहल्ला क्लिनिक आदि उस अधिकार में शामिल होंगे। प्राइवेट अस्पतालों पर भी लगाम कसी जाएगी।

चिरंजीवी योजना की बीमा राशि से प्राइवेट अस्पताल मालामाल हो रहे हैं। इस अधिकार के तहत सरकारी अस्पतालों में ही सभी सुविधाएं जुटाने की कोशिश होगी। तमिलनाडू में भी इस तरह के अधिकार के लिए कानून बनाने पर काम चल रहा है, वहां की सरकार से भी इसकी जानकारी मांगी जा रही है।

**2. SC/ST की जनसंख्या के हिसाब से बजट आवंटित करने का नियम**

पिछले बजट में सीएम गहलोत ने एससी-एसटी समुदाय के लिए सम्पूर्ण बजट में अलग से राशि जनसंख्या के हिसाब से आवंटित करने की घोषणा की थी। उसके नियम अब तक नहीं बने हैं। अब इनके नियम अगले 15-20 दिनों में बनाए जाने पर काम चल रहा है।

प्रदेश में करीब सवा करोड़ लोग इन समुदायों से आते हैं। प्रदेश की 200 में से 28 विधानसभा सीटें और 25 में से 6 लोकसभा सीटें इन समुदायों के लिए आरक्षित हैं। कुल 33 में से 15 जिलों में पहले, दूसरे और तीसरे नंबर का वोट बैंक भी यही समुदाय है। ऐसे में अगर राजस्थान में यह काम हो सका तो कांग्रेस अपना खोया हुआ वोट बैंक फिर से प्राप्त कर सकती है।



राजस्थान मे राहुल गांधी के **5 सुझावों पर अमल शुरू**

**3. ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर स्टूडेंट्स के लिए ई-लर्निंग के सरकारी कोचिंग सेंटर**

पेरेंट्स की ओर से बच्चों की स्कूल फीस से भी कई गुणा ज्यादा राशि उनकी ट्यूशन-कोचिंग पर खर्च करनी पड़ती है। सरकार अब सभी 12 हजार ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर एक ई-लर्निंग सेंटर खोलेगी, जहां ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था होगी। शुरुआत में कक्षा 6, 8, 10 वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए तीन विषयों अंग्रेजी, विज्ञान व गणित के लिए होगी। सरकार इन्हें किसी प्रतिष्ठित एजुकेशन ऐप के जरिए शुरू करेगी और बाद में अपने स्कूलों के शिक्षकों से ही ऑनलाइन शैक्षणिक सामग्री तैयार करवाएगी। इन सेंटर्स से पेरेंट्स को ट्यूशन-कोचिंग के अनावश्यक खर्चों से खासी राहत मिल सकेगी। शहरों में ग्राम पंचायतों के बजाए यह नगर निगम-परिषद के वार्डों में खोले जाएंगे।

**4. आंध्रप्रदेश की तर्ज पर सामाजिक पेंशन में बढ़ोतरी**

राहुल गांधी और जयराम रमेश को आंध्रप्रदेश का पेंशन मॉडल बहुत पंसद आया। गत दिनों दक्षिण भारत से जब यात्रा गुजर रही थी, तो उन्हें इसकी जानकारी मिली थी। सीएम गहलोत की सरकार वर्तमान में करीब 93 लाख 59 हजार लोगों को सामाजिक पेंशन दे रही है। अब यह संख्या करीब 2 करोड़ के आस-पास हो सकती है।

सरकार किसानों को पेंशन देने सहित असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को भी इस दायरे में लाएगी। आंध्रप्रदेश में सामाजिक पेंशन न केवल पूरे देश में सर्वाधिक (करीब 2000 रुपए मासिक) है, बल्कि हर साल पेंशन में 500 रुपए मासिक की बढ़ोतरी भी होती है। इस तरह से जब किसी को 60 साल की आयु में 2000 रुपए की पेंशन मिलती है, तो वो 5 से 10 साल में बढ़कर 4500-7000 रुपए तक हो जाती है। 75 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को तो यह पेंशन 10 हजार रुपए तक मिलती है।

इस विषय में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि सामाजिक पेंशन के दायरे को बढ़ाने का विषय अब वित्त विभाग की बजट प्रक्रियाओं में शामिल हो चुका है। उस पर आगे वित्त विभाग और सीएम गहलोत के स्तर पर ही निर्णय किया जाएगा।

**5. सरकारी अफसरों को जवाबदेह बनाने का कानून**

इस कानून को बनाने का वादा कांग्रेस पार्टी और राजस्थान सरकार दोनों की प्राथमिकता में रहा है। कानून अब तक बनाया नहीं जा सका। हाल ही राज्य सरकार ने इसे बनाने के लिए जनता से सुझाव मांगे थे। अब इन सुझावों पर काम चल रहा है।

हालांकि चुनावी साल होने से सरकार के लिए बहुत बड़ी चुनौती है सरकारी अफसरों-कर्मचारियों की लगाम कसने वाला कोई भी कानून बनाना। अब राहुल गांधी ने कहा है तो इस पर तेजी से काम हो रहा है। इस कानून में दो मुख्य बिन्दु है जो सरकारी कामकाज की सूरत बदलने वाले साबित होंगे।

यह दोनों बिन्दु हैं प्रत्येक सरकारी काम को करने के लिए किसी न किसी अफसर-कर्मचारी को जिम्मेदार बनाना और 30 दिन में संबंधित काम के न होने पर उस अफसर या कर्मचारी को नौकरी से हटाने तक की कार्रवाई करना। प्रशासनिक सुधार विभाग के प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता के अनुसार सुझावों के चयन का काम चल रहा है। कानून का मसौदा तैयार किया जा रहा है।

# बीजेवाईएम कार्यकर्ताओं ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

## प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु बोले- कांग्रेस के राज में नेता मस्त, जनता त्रस्त हो चुकी है

जयपुर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में सेकंड ग्रेड टीचर भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से जयपुर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान युवा मोर्चा अध्यक्ष हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस फाटक पहुंचे। जहां नाराज कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला फूंक दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस फाटक की ओर जाने की कोशिश की। जिसे रोकने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर कार्यकर्ताओं को खदेड़ा।

भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पेपर लीक प्रकरणों में गिरफतार अभियुक्तों के कांग्रेस पार्टी के साथ सम्पर्क संबंध उक्त आरोप की पुष्टी करते है। राजस्थान का युवा कांग्रेस सरकार से त्रस्त है लेकिन मुख्यमंत्री कु-तर्क करने में व्यस्त हैं। जब हमारे कार्यकर्ता युवाओं की आवाज उठाते हैं। तो सरकार हम पर लाठीचार्ज करती है। लेकिन हम सरकार की लाठी चार से डरने वाले नहीं हैं। हम आखरी सांस तक सरकार के खिलाफ युवाओं की आवाज को बुलंद करते रहेंगे।



जयपुर शहर युवा मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरुवंशी ने कहा कि राजस्थान में पेपर लीक आम बात हो गई है। कांग्रेस सरकार की देखरेख में हर भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो रहा है। जिससे प्रदेश के लाखों युवाओं का भविष्य खतरे में आ गया है। आज जयपुर में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर सरकार से दोषियों को पकड़ उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ताकि भविष्य में युवाओं की उम्मीदों के साथ खिलवाड़ ना हो। अगर कांग्रेस सरकार ने हमारी मांग नहीं मानी। तो युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। जयपुर शहर में हुए इस प्रदर्शन में युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राजकुमार बिवाल, प्रदेश कार्यालय मंत्री सुमित अग्रवाल, सह-कार्यालय मंत्री अमित भारद्धाज, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयसिंह शेखावत, जिला महामंत्री विशाल यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश भिवाल, सूरज गोडिवाल, जिला मंत्री अमित चौधरी, विनय शर्मा, देवेश पारीक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकार की उपलब्धियां सुन खर्राटे लेने लगे सीएम सलाहकार

## कांग्रेस विधायक बोले- आप सदन में भी सोते हैं; लोढ़ा बोले- झपकी का आनंद ले लिया

सिरोही, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। सिरोही जिले के प्रभारी और उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी 4 साल पूरे होने पर राजस्थान सरकार के बेहतरीन कार्यों को बता रहे थे। उसी समय उनके पास ही कुर्सी पर बैठे स्थानीय विधायक और मुख्यमंत्री के सलाहकार संयम लोढ़ा खर्राटे लेने लगे।

पहले लोढ़ा उनींदे से बैठे रहे, लेकिन जब उन्हें तेज नींद ने जकड़ लिया तो वह कुर्सी पर ही आराम से सर पीछे करके लेट गए। थोड़ी देर में उनके खर्राटे बजने लगे। यह मामला शनिवार का है। इधर, इस घटनाक्रम पर संयम लोढ़ा ने कहा- 'हां सही है, मुझे झपकी आ गई थी। पिछले 3 दिन से लगातार सुबह जल्दी कार्यक्रम थे, तो सुबह 5 बजे नहा के घर से 6-7 बजे निकल रहे थे तो कार्यक्रम में अत्यधिक व्यस्तता के कारण हो जाता है ऐसा। झपकी का आनंद ले लिया।'





दरअसल, चौधरी शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य सरकार के 4 साल पूरे होने पर उपलब्धियां बता रहे थे। उस दौरान उनके पास ही कुर्सी पर सिरोही विधायक और मुख्यमंत्री के सलाहकार संयम लोढ़ा बैठे हुए थे। पहले तो लोढ़ा उनींदे से लग रहे थे फिर थोड़ी देर बाद ही वह उसी कुर्सी पर सिर पीछे कर लेट गए और सोने लगे। हालांकि उनके खर्राटे मात्र कुछ सेकेंड के ही थे, लेकिन उस पर भी चौधरी चुटकी लेने से नहीं चूके।

उन्होंने कहा कि आप सदन (विधानसभा) में भी सोते रहते हैं, वहां भी मुझे ही आपको उठाना पड़ता है। वहां भी अपन साथ में बैठते हैं। जिला प्रभारी की बात को सुनकर संयम लोढ़ा मुस्कुराने लगे। प्रभारी चौधरी ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए राज्य सरकार के 4 साल में किए गए कार्यों को सुनाते हुए कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान में पात्र परिवारों को बीमारियों का कैशलेस इलाज उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना प्रारंभ की।

इसमें अब तक जिले में 66 हजार 396 पैकेज पर 19.72 करोड़ रुपए राशि खर्च की गई है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए 32 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। मेडिकल कॉलेज का कार्य चल रहा है और 31 मार्च 2023 तक पूरा होने की संभावना है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगंज को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत किया गया। अनादरा में 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत किया गया। राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय संलग्न चिकित्सा समूह सिरोही के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेज सिरोही का शुभारंभ हुआ।

जिला अस्पताल सिरोही में 4 ऑक्सीजन प्लांट तैयार कर उनसे 250 बेड्स को सीधा ऑक्सीजन प्लांट से जोड़ा गया। मेडिकल कॉलेज में 100 सीटों का सत्र 2022-23 शुरू हुआ। नर्सिंग कॉलेज का शिलान्यास हुआ। इसके साथ 310 बेड्स के नव शिक्षण अस्पताल के निर्माण का शिलान्यास प्रस्तावित है।

# 90 दिन का संकल्प 225 दिन बाद भी पूरा नहीं

## कांग्रेस का संकल्प था- जिलों से मंडलस्तर तक नियुक्तियां ; अब तक नहीं हुई

जयपुर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अपना राष्ट्रीय अधिवेशन फरवरी में करने जा रही है। इस अधिवेशन में कांग्रेस कई महत्वपूर्ण निर्णय लेगी। इसके अलावा यह भी कहा जा रहा है कि भविष्य को लेकर कांग्रेस नए संकल्प ले सकती है। अधिवेशन में कांग्रेस क्या नए संकल्प लेती है, यह भविष्य की बात है। लेकिन इसी साल हुए चिंतन शिविर में लिए गए संकल्प कांग्रेस अब तक कम से कम राजस्थान में तो पूरे नहीं कर पाई है।

कांग्रेस ने 15 मई को उदयपुर में राष्ट्रीय चिंतन शिविर में संगठन को मजबूत करने के लिए कई संकल्प लिए थे। यह तय किया गया था कि अगले 90 से 180 दिनों में देशभर में ब्लॉक, जिला स्तर, प्रदेश स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर सभी रिक्त नियुक्तियां पूरी कर जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी पर चिंतन शिविर को हुए अब तक 225 से ज्यादा दिन बीत चुके हैं। इसके बावजूद संगठनात्मक नियुक्तियों के संकल्प के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ है।



जिस प्रदेश में संकल्प लिया उसी प्रदेश में नियुक्तियां नहीं

आलम यह है कि जिस राजस्थान में तीन दिन का मंथन कर कांग्रेस ने संकल्प लिया। उसी राजस्थान में संगठन को मजबूत करने के लिए की जाने वाली कवायद पूरी नहीं हुई। कांग्रेस में अब तक जिलाध्यक्ष तक नियुक्त नहीं हुए हैं। ऐसे में ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त होना तो बहुत दूर की बात है। यह भी तब है जब जुलाई 2020 में कांग्रेस ने राजस्थान में पूरी कार्यकारिणी खारिज कर दी थी। ढाई साल बाद तक भी कांग्रेस पूरी संगठनात्मक नियुक्तियां पूरी नहीं कर पाई है।

कांग्रेस की स्थिति राजस्थान में यूं है कि निवर्तमान पदाधिकारियों के भरोसे ही पार्टी चल रही है। कुछ जिलों को छोड़ दिया जाए तो 2020 के बाद सभी जिलों में निवर्तमान जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष ही कार्यभार संभाल रहे हैं। इसी तरह पूरी कार्यकारिणी भी पुरानी ही काम कर रही है। मगर चिंतन शिविर में संकल्प लेने के बावजूद नई नियुक्तियां नहीं की गई हैं।

उदयपुर में हुए चिंतन शिविर में संगठन को मजबूत करने के लिए यह संकल्प भी लिया गया था कि ब्लॉक कांग्रेस के साथ-साथ मंडल कांग्रेस कमेटियों का भी गठन किया जाएगा। मंडल स्तर तक कांग्रेस को मजबूत करने के लिए यह नई पहल की गई थी।

मगर राजस्थान में इस पहल पर भी कुछ नहीं हुआ। राजस्थान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का कहना है कि मंडल कमेटियों पर काम चल रहा है। जल्द ही गठन कर लेंगे।

प्रदेश स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने के लिए भी चिंतन शिविर में संकल्प लिया गया था। तय किया गया था कि हर प्रदेश में पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी बनाई जाएगी। तय किया गया था कि एआईसीसी और पीसीसी का सेशन साल में एक बार अनिवार्य रूप से होगा। इसके अलावा जिला, मंडल और ब्लॉक लेवल की कमेटियों की बैठकें भी नियमित रूप से होंगी। चुनावों में पार्टी को मजबूत करने और राजनीतिक फ्रंट पर प्रभावी बनाने के लिए इस कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया था। मगर अब तक इस पर कोई काम नहीं हुआ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जिला स्तर के कार्यकर्ताओं का कहना है कि आपसी खींचतान ने कांग्रेस संगठन को राजस्थान में धरातल पर ला दिया। इसके चलते कांग्रेस में नियुक्तियां तक नहीं हो पा रही हैं।

# कोहरे में 6 वाहन टकराए, कंडक्टर की मौत

## ट्रक से टकराकर रोडवेज बस चकनाचूर, ड्राइवर डेढ़ घंटे तक फंसा रहा

सीकर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। सीकर में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच घने कोहरे में 6 वाहन आपस में टकरा गए। जिसमें रोडवेज बस के कंडक्टर की मौत हो गई और 5 सवारी घायल हो गई। एक के बाद एक वाहनों के टकराने से 8 किमी का जाम लग गया। हादसा फतेहपुर में देवास रोड पर मंगलवार सुबह करीब 7.30 बजे हुआ।

फतेहपुर में देवास रोड पर आज सुबह सरकारी कॉलेज के पास होटल से एक ट्रक सड़क की तरफ घूम रहा था। ट्रक के पीछे रोडवेज बस, उसके पीछे दो पिकअप, एक रोडवेज और एक कार चल रही थी। सड़क पर कोहरा छाने से थोड़ी दूरी पर देख पाना भी मुश्किल था। ऐसे में ट्रक के पीछे चल रही रोडवेज टकरा गई। टक्कर के बाद रोडवेज के रूकते ही पीछे चल रही दोनों पिकअप और एक कार आपस में टकरा गई।

**ड्राइवर बस में फंसा**

सुबह- सुबह हाईवे पर एक के बाद 6 वाहनों के आपस में टकराने से तेज धमाके जैसे आवाज हुई। सबसे आगे चल रहे ट्रक और रोडवेज की टक्कर इतनी तेज थी कि बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसा इतना भयानक था कि बस कंडक्टर सांवरमल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ड्राइवर विजय सिंह बुरी तरह फंस गया था। पुलिस ने करीब डेढ़ घंटे बाद ड्राइवर को बाहर निकाला। वहीं सवारी उस्मान अली निवासी उत्तर प्रदेश, निशा निवासी चूरू, प्रेम सिंह निवासी बीकानेर, राजेंद्र सिंह निवासी रामगढ़ घायल हो गए। फिलहाल घायलों का इलाज जारी है।



8 किमी लंबा जाम लगा

**8 किमी का लंबा जाम लगा**

हादसे के बाद हाईवे पर गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। करीब 8 किमी तक का जाम लग गया। सूचना पर तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों और शव को धानुका हॉस्पिटल में भेजा। पीछे की गाड़ियों के लोगों को मामूली चोट आई। पुलिस ने गाड़ियों को हटवाकर जाम हटवाया। जिसमें करीब 2 घंटे लग गए। कंडक्टर के परिजनों को सूचना दी गई है। उनके आने पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। हाईवे के पास फतेहपुर कृषि अनुसंधान केंद्र पर आज सुबह कोहरा न के बराबर था। वहीं कुछ दूरी आगे देवास रोड पर घने कोहरे के चलते विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम थी। इस कारण वाहन आपस में टकरा गए। सीकर के कृषि अनुसंधान केंद्र फतेहपुर पर आज न्यूनतम तापमान माइनस 1.7 डिग्री दर्ज किया है। शीतलहर के असर के चलते सीकर में लगातार दूसरे दिन भी सीजन की सबसे सर्द रात रिकॉर्ड की गई है।

# दुकान बंद नहीं की तो मारी गोली

## बदमाश ने पहले दुकानदार से किया झगड़ा, तैश में आकर की फायरिंग

अनूपगढ, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। अनूपगढ़ विधानसभा की घड़साना मंडी के गांव रोजड़ी में शोक स्वरूप बाजार बंद होने के बावजूद दुकान बंद नहीं किए जाने पर आज देर शाम एक युवक ने दुकानदार पर फायरिंग कर उसे घायल कर दिया। आरोपी सोनू उर्फ रजनीश फायर कर मौके से फरार हो गया। घायल सुरेंद्र कुमार को परिजनों के द्वारा घड़साना की राजकीय चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। मगर सुरेंद्र की हालत गंभीर होने के कारण उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

पुलिस को सूचना मिलने पर थानाधिकारी जितेंद्र स्वामी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। थानाधिकारी जितेंद्र स्वामी ने बताया कि टीमों का गठन कर आरोपी की तलाश की जा रही है। थाना अधिकारी जितेंद्र स्वामी ने बताया कि आज गांव रोजड़ी में किसी व्यक्ति की मौत हो गई थी और गांव का पूरा बाजार शोक स्वरूप बंद रखा गया था।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## 2 महीने से चल रहा था फरार, दिवेर पुलिस ने पकड़ा

राजसमंद, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। राजसमंद में दिवेर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दो महीने से फरार चल रहा था। पुलिस थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह शक्तावत ने बताया कि 7 नवंबर को दिवेर पुलिस थाने पर नाबालिग के परिजनों ने रेप की रिपोर्ट दी थी। नाबालिग लड़की 6 नवंबर को घर से निकली थी, इसके बाद वापस नहीं आई। तलाश किया तो गौमती चौराहे पर मिली। पुलिस ने जब नाबालिग से पूछताछ की तो पता चला कि उदयपुर के जावर माइंस इलाके के बाबरमाल केवडा खुर्द का निवासी लालू राम (21) उसे बहला-फुसलाकर ले गया था। लालू राम ने नाबालिग के साथ रेप किया।

# शराब के नशे में युवक ने खुद को मारी गोली

## पत्नी के मायके जाने से था नाराज, पुलिस ने अवैध देसी कट्टा किया बरामद

धौलपुर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)। धौलपुर के बरीपुरा गांव में पत्नी के मायके जाने से नाराज एक युवक ने खुद के पेट में अवैध हथियार से गोली मार ली। गोली लगने से युवक गंभीर घायल हो गया। घायल को परिजनों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में पहुंचाया। घायल युवक की हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए जयपुर रेफर कर दिया। बसई डांग थाना प्रभारी मोहन सिंह ने बताया कि बरीपुरा गांव का रहने वाला युवक गजराज (28) पुत्र रामजीलाल के गोली लगने से घायल होने की सूचना मिली थी। इसी दौरान घायल युवक को लेकर परिजन बाइक से धौलपुर अस्पताल की ओर रवाना हुए। जिन्हें 8 मील चौकी पर रोककर जांच की गई, तो युवक की हालत गंभीर मिली। इसके बाद युवक को पुलिस की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे डॉक्टर ने इलाज के लिए जयपुर रेफर कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना को लेकर जब युवक के परिजनों से बात की गई तो पता चला कि युवक गजराज की शादी करीब 1 साल पहले हुई थी। युवक के नशे का आदी होने की वजह से करीब 2 महीने पहले उसकी पत्नी मायके चली गई। पत्नी के मायके जाने से नाराज युवक ने खुद को गोली मार ली।

# पीआरएसआई हैदराबाद चैप्टर को बेस्ट चैप्टर का अवार्ड मिला



हैदराबाद, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया, हैदराबाद चैप्टर को राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश के भोपाल में आयोजित 44वें अखिल भारतीय जनसम्पर्क सम्मेलन में "बेस्ट चैप्टर अवार्ड" से सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने हैदराबाद चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. पी. वेणु गोपाल रेड्डी को पुरस्कार प्रदान किया। राष्ट्रीय स्तर पर, सर्वश्रेष्ठ सचिव का पुरस्कार पी मोहन राव को मिला, जबकि डीवी सुब्बा राव, हैदराबाद को प्राप्त सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व पुरस्कार को उस अध्याय के रूप में पुरस्कार मिला जिसमें सबसे अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में हैदराबाद चैप्टर के सचिव कंभमपति यादगिरी, पी मोहन राव, कृष्णा भाजी, मधु वाकिती, केआर चारी, श्रीकर रेड्डी, राजेश कल्याण, अपर्णा राजस, राज कुमार और अन्य ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक ने की तथा वाई. बाबजी, महासचिव, पीआरएसआई, यू.एस. सरमा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, दक्षिण और अन्य सम्मेलन में उपस्थित रहे।

# पिता ने नवजात को मरने के लिए सड़क किनारे झाड़ियों में छोड़ा


## पुलिस ने बच्ची को बचाया

हैदराबाद, 27 दिसंबर ( स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा जिले में एक बेरहम पिता ने अपनी नवजात बच्ची को सड़क के किनारे झाड़ियों में मरने के लिए फेंक दिया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि इब्राहिमपट्टनम इलाके में स्थानीय लोगों ने बच्ची को झाड़ी में लावारिस पाया और पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात बच्ची को बचाया। पुलिस ने कहा कि नवजात बच्ची के पिता की पहचान मोहम्मद शाहबाज के रूप में हुई है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

शाहबाज ने कथित तौर पर नवजात को झाड़ी में मरने के लिए छोड़ दिया था। पुलिस के मुताबिक, नवजात बच्ची की मां की पहचान दिव्या के रूप में की गई है। दिव्या को 23 दिसंबर को हैदराबाद के उस्मानिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन दिल का दौरे पड़ने से उसकी मौत हो गई थी। इब्राहिमपट्टनम सर्कल इंस्पेक्टर श्रीधर ने मीडिया को बताया कि मछलीपट्टनम जिले का मूल निवासी शाहबाज और दिव्या पिछले कुछ वर्षों से हैदराबाद में रह रहे थे। हाल ही में वे एक बच्ची के माता-पिता बने। श्रीधर ने कहा कि दिव्या को एंबुलेंस में अस्पताल ले जाने के दौरान शाहबाज ने बच्ची को इब्राहिमपट्टनम के दोनाबांडा में कंटीली झाड़ियों में छोड़ दिया।

स्थानीय लोगों ने नवजात को खुले में देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बच्चे को बचाया और एक एनजीओ को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि जैसे ही हमें स्थानीय लोगों से सूचना मिली, हम तत्काल मौके पर पहुंचे और बच्ची को बचा लिया। दिव्या और मोहम्मद शाहबाज हैदराबाद में साथ रह रहे थे। दिव्या ने अपनी जान गंवाने से पहले एक बच्ची को जन्म दिया। हमने स्थानीय लोगों की मदद से शाहबाज को पकड़ लिया और मामले की जांच की जा रही है। हमें उम्मीद है कि वह जल्द ही हमारी हिरासत में होगा।

# राष्ट्रपति ने वाइड प्लाट मिल सुविधा का उद्घाटन किया



हैदराबाद, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मिधानि के वाइड प्लाट मिल सुविधा का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद, राष्ट्रपति ने मिधानि की उत्पादन सक्षमता की प्रशंसा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि इस सुविधा से सरकार की पहल आत्मनिर्भर भारत की अच्छी तरह से शुरूआत हुई है। यह पहल हमारे प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत बनाने के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए एक अहम कदम है। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि इस मिल से तैयार किए गए प्लाट उत्पाद हमारे देश की आंतरिक आवश्यकताओं को पूरा करने में एक प्रमुख भूमिका निभाएंगे, जिससे आने वाले वर्षों में भारी आयात में कमी आएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मिधानि सफलतापूर्वक सभी अपेक्षाओं को पूरा करेगी और जिस उद्देश्य के लिए इस मिल को स्थापित किया गया है उसे पूरा करेगी और आने वाले वर्षों में उत्कृष्टता की अपनी उल्लेखनीय यात्रा जारी रखेगी। गौरतलब है कि मिधानि की इस मिल से रोल किए गए स्टेनलेस और स्पेशल स्टील्स के सुपर अलॉय प्लाट उत्पाद और वाइडर प्लाट्स के लिए निर्यात बाजार में लगभग 10 मिलियन अमरीकी डालर के कारोबार की उम्मीद की जा रही है।

## मधुमक्खियों के हमले में एक चरवाहे की मौत

आसिफाबाद 27 दिसंबर ( स्वतंत्र वार्ता)। आसिफाबाद मंडल में मंगलवार को मधुमक्खियों के हमले में बकरी चराने वाले कवलकर अर्जुन (58) की मौत हो गयी। मंडल के अंकुसापुर गोलागुडा गांव के एक चरवाहे कावलकर अर्जुन, एक अन्य चरवाहे शंकर के साथ बाबापुर के उपनगर में गए थे। अर्जुन पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया और वह गिर पड़े। शंकर ने यह देखा और परिजनों को इसकी जानकारी दी। जब परिजन वहां पहुंचे तो अर्जुन पहले से ही बेहोश था उसे वाहन 108 में आसिफाबाद सरकारी अस्पताल ले जाया गया और डॉक्टरों ने पुष्टि की कि अर्जुन पहले ही मर चुका है।



तिरुपति में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ का मंगलवार दोपहर तिरुपति हवाई अड्डे पर टीटीडी ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी द्वारा स्वागत किया गया।

# बीजेपी किसी से नहीं डरती : किशन

हैदराबाद, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज कहा कि उनकी पार्टी किसी से नहीं डरती है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस राज्य सरकार ने बिना किसी सबूत के विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, किशन रेड्डी ने कहा कि राज्य उच्च न्यायालय ने सोमवार को इस मामले में राज्य सरकार के खिलाफ निंदा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने विभिन्न लोगों और संगठनों को सबूत भेजे, जबकि मामले की जांच चल रही थी। उन्होंने कहा कि एसआईटी ने न तो चारों विधायकों के फोन बरामद किए और न ही उनके फोन का डाटा सार्वजनिक किया। उन्होंने कहा कि सीएम ने अपनी पार्टी के चार विधायकों को कई दिनों तक अपने कैंप कार्यालय प्रगति भवन में रखने के कारणों का खुलासा नहीं किया है। किशन रेड्डी ने कहा कि बीजेपी फार्म हाउस की फाइलों और एसआईटी से डरने वाली नहीं है।



उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि सत्ता पक्ष के 90 फीसदी नेता दूसरी पार्टियों से आते हैं। उन्होंने मज़ाक उड़ाया कि जो लोग बीआरएस पार्टी में शामिल हुए थे, वे अब दूसरों को राजनीति में नैतिक मूल्यों पर व्याख्यान दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह रामप्पा और भद्राचलम मंदिरों के लिए धन लाए थे और कहा कि उनके द्वारा लाया गया धन सार्वजनिक धन है। उन्होंने कहा कि रामप्पा मंदिर के विकास के लिए स्वीकृत 70 करोड़ में से 60 करोड़ खर्च करने के लिए राज्य सरकार को दिए जाएंगे। हैदराबाद से वंदे भारत ट्रेन के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि ट्रेन बहुत जल्द शुरू की जाएगी और कहा कि वे हैदराबाद और विजयवाड़ा के बीच ट्रेन का संचालन करेंगे। उन्होंने कहा कि वे अब इस उद्देश्य के लिए रेलवे ट्रैक के उन्नयन की प्रक्रिया में हैं।

## राज्यपाल ने छात्रों से जीवन में ऊंचाइयों को फतह करने का आह्वान किया

हैदराबाद, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल तमिलसाई सौंदरराजन ने आज लोगों के लिए केशव मेमोरियल सोसाइटी की सेवाओं की सराहना की। उन्होंने छात्रों से देश की अखंडता के लिए काम करने और मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों को भी याद रखने का आह्वान किया। एक कार्यक्रम के सिलसिले में यहां नारायणगुड़ा के केशव मेमोरियल स्कूल में राष्ट्रपति मुर्मू के साथ राज्यपाल ने कहा कि वे अपने स्कूल के दिनों में किताबें पढ़कर देश के राष्ट्रपति के बारे में जानते थी, लेकिन अब आप राष्ट्रपति को सीधे करीब से देख रहे हैं। तमिलिसाई ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने निजी सुरक्षाकर्मियों को अलग रखा और आदिवासियों के साथ मिलना और उनके बारे में पूछताछ करना प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने राष्ट्रपति मुर्मू के साथ केशव स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों को कई सुझाव दिए। इस अवसर पर बोलते हुए, केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने छात्रों से बड़ों के आदर्शों का पालन करने और उच्च ऊंचाइयों को प्राप्त करने का प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू, जो एक गांव में पैदा हुए और पले-बढ़े, डॉ बी आर अंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान के कारण देश की राष्ट्रपति बनी। उन्होंने तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा लिए गए कड़े निर्णय के कारण देश को स्वतंत्रता प्राप्त करने की बात कहते हुए छात्रों को उच्च सोच विकसित करने और विश्व गुरु के स्थान पर कब्जा करने का प्रयास करने का आह्वान किया। किशन रेड्डी ने लोगों से एकजुट रहने और 2047 तक देश को सभी क्षेत्रों में विकसित करने में मदद करने की अपील की।

# आंध्र प्रदेश के दंपत्ति ने शादी के दिन अंगदान का लिया संकल्प

विजयवाड़ा, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश में एक कपल ने अंग दान करने का संकल्प लेकर अपनी शादी के दिन को खास बनाने का फैसला किया है। कपल की इस पहल से प्रभावित होकर उनके करीब 60 रिश्तेदार भी अंगदान फॉर्म भरने के लिए आगे आए हैं। सतीश कुमार और सजीवा रानी 29 दिसंबर को पूर्वी गोदावरी जिले के गांव वेलिवेन्नु में शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। युवक अंगदान का संकल्प लेकर शादी के दिन कुछ अच्छा करना चाहते है। दुल्हन ने भी उनके नक्शेकदम पर चलने का फैसला किया। सतीश ने शादी के कार्ड पर अंग दान को लेकर संदेश छापवाया है, 'अंग दान करें - जीवन रक्षक बनें'। उनके इस कदम की हर कोई सराहना कर रहा है। वर-वधू दोनों पक्ष के करीब 60 परिजन अंगदान करने के लिए राजी हुए। विशाखापत्तनम स्थित सावित्रीबाई फुले एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरपर्सन जी. सीतामहलक्ष्मी शादी के दिन अंगदान के फॉर्म प्राप्त करेंगी। सतीश कुमार ने विलिंग टू हेल्प फाउंडेशन के सहयोग से अपनी शादी के दिन अंगदान कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। कई लोगों ने उनके कदम की सराहना की है। इस कदम से अंग दान के बारे में जागरूकता पैदा करने में मदद मिलेगी

## ईडी की पूछताछ से विधायक रोहित रेड्डी नदारद

हैदराबाद, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सत्तारूढ़ बीआरएस पार्टी के विधायक पायलट रोहित रेड्डी आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों द्वारा सनसनीखेज विधायक पोच गेट घोटाले के सिलसिले में की जा रही जांच से अलग हो गए। ईडी ने विधायक के खिलाफ नोटिस जारी किया और 15 दिसंबर को पीएमएलए के तहत मामला दर्ज करने के बाद मंगलवार को पेश होने को कहा है। इसके बजाय रोहित रेड्डी ने नोटिस जारी करने के मद्देनजर उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की और तेलंगाना उच्च न्यायालय से ईडी द्वारा दर्ज मामले को रद्द करने का आग्रह किया। अपनी याचिका में उन्होंने एचसी को बताया कि ईडी ने एमएलए पोच गेट घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के बारे में बिना किसी सबूत के उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। ईडी के अधिकारियों ने मामला दर्ज होने के बाद रोहित रेड्डी से दो दिनों तक पूछताछ की। उन्होंने इसी मामले में एक गुटखा व्यवसायी अभिषेक को भी नोटिस जारी कर उससे पूछताछ की। ईडी के अधिकारी विधायक खरीद मामले के एक आरोपी से चंचलगुडा केंद्रीय कारागार में पूछताछ कर रहे हैं। हाईकोर्ट बुधवार को मामले की सुनवाई कर सकता है।

## कांग्रेस बीसी परिवारों के निष्कासन की निंदा की

हैदराबाद, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी ने आज निजामाबाद जिले के शापुर गांव में बीसी समुदाय के मुन्नुरु कापू जाति के 80 परिवारों के बहिष्कार की निंदा की। टीपीसीसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मल्लू रवि ने इस घटना को क्रूर करार दिया और मांग की कि संबंधित अधिकारी ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की आजादी के 75 साल बाद भी राज्य के कई गांवों में अभी भी जातिगत भेदभाव दिखाया जा रहा है। उन्होंने सोचा कि क्या राज्य में कोई लोकतांत्रिक शासन या तानाशाही शासन था? शापुर की ग्राम विकास समिति ने न केवल अवैध और अनैतिक निर्णय लिया, बल्कि इसे लागू भी किया, रवि ने स्पष्ट किया कि 80 परिवारों को गांव से बाहर करना असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को परिवारों को कोई सहयोग नहीं देने की चेतावनी देना क्रूर है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार इस मुद्दे पर जवाब दे और ग्राम विकास समिति के खिलाफ कार्रवाई करने के अलावा गांव के 80 परिवारों को आवश्यक सुरक्षा प्रदान करे।

# शेखपेट सराय के कायाकल्प की तैयारी



हैदराबाद, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुतुब शाही और निजाम युग के ऐतिहासिक रेस्ट हाउस, शेखपेट सराय की कायाकल्प की तैयारी कर ली गई है। तेलंगाना सरकार ने गोलकुंडा किले के पास स्थित विरासत परिसर को पुनर्स्थापित करने का निर्णय लिया है। 17 वीं शताब्दी की यह संरचना तीन एकड़ में फैली हुई है। इसको हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन मैनेजमेंट और आगा खान ट्रस्ट फॉर कल्चर के तत्वावधान में अनुकूली पुन: उपयोग के लिए बहाल किया जाएगा। नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास के विशेष मुख्य सचिव, अरविंद कुमार ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर यह घोषणा की। "शेखपेट सराय (विश्राम गृह), कुतुब शाही 17 वीं शताब्दी की सुंदर संरचना है। इसमें 29 कमरे, एक ऊंट और घोड़े का अस्तबल, एक मकबरा और एक मस्जिद है। संरचना को संस्कृति के अनुसार पुन: उपयोग के लिए बनाया जाएगा।

## युवक की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

हैदराबाद, 27 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। भवानीनगर पुलिस ने सोमवार को दो लोगों की गिरफ्तारी के साथ ललितबाग जीएचएमसी नगरसेवक के कार्यालय में एक सप्ताह पहले हुई एक छात्र की हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान एडी बाजार निवासी सुलेमान खान (28) और अब्दुल हमीद खान (24) के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण), पी साई चैतन्य के अनुसार, पीड़ित सैयद मुर्तुजा अली अनस ललिताबाग नगरसेवक के कार्यालय में थे।

इसी बीच सुलेमान और अब्दुल हमीद आए और कागज काटने वाले चाकू से उन पर हमला किया। कुछ महीने पहले, जुनैद, सुलेमान और हमीद ने किराए के भुगतान से संबंधित मुद्दों पर एक महिला को घर खाली करने के लिए कथित तौर पर धमकी दी थी। महिला ने स्थानीय पार्षद आजम से संपर्क किया जिन्होंने तीनों को महिला को परेशान करने के लिए फटकार लगाई और उनसे इस मुद्दे को हल करने के लिए कहा।

# हिन्दी महाविद्यालय के विद्यार्थियों का खेल जगत में शानदार प्रदर्शन

हैदराबाद, 27 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हिन्दी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने खेल जगत में शानदार प्रदर्शन किया है। हिन्दी महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया, जिसमें उप-प्राचार्य अश्विनी सनपूरकर एवं क्रीड़ा विभाग के लेफ्टिनेंट आकाश थापा भी उप स्थित थे। हिन्दी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने वर्ष 2022 में खेल जगत में शानदार प्रदर्शन किया। जम्मू-कश्मीर में आयोजित अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में हिन्दी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उस्मानिया विश्वविद्यालय के लिए ख्याति अर्जित की। इन खेलों में हिन्दी महाविद्यालय के छात्र वी. लोकेश ने तलावारबाजी में स्वर्ण पदक जीता एवं शेख नाजिया ने तलवारबाजी में ही काँस्य पदक जीता, उस्मानिया विश्वविद्यालय को हिन्दी महाविद्यालय के विद्यार्थी



